हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

शुक्ल पक्ष, पुनर्वसु, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • शनिवार • 31 जनवरी 2026 • वर्ष 27 • अंक 61 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

Page 11



खेल

**कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट 6 घंटे बंद रहा सर्च करने पर लिखा आ रहा था-प्रोफाइल...**

Page 09



देश

**कलकत्ता हाईकोर्ट ने ममता सरकार से पूछा, सात हजार महिलाओं को क्यों बंद की गई...**

## सोना चांदी





| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,56,400 | ₹ 3,95,000 |

## आज का इतिहास

**1599** : ब्रिटेन की रानी एलिजाबेथ प्रथम के आदेश पर भारत में ब्रिटेन की पहली ईस्ट इंडिया कम्पनी की स्थापना हुई।

**2007** : भारतीय इस्पात कम्पनी टाटा एंग्लो डच इस्पात कम्पनी कोरस के अधिग्रहण के बाद विश्व की पांचवी बड़ी कम्पनी बन गयी।

## न्यूज बाइट्स

### नीतीश ने बापू टावर के विशेष आवरण का किया लोकार्पण

**पटना (नि.सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को एक अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में डाक विभाग के सहयोग से महात्मा गांधी के शहादत दिवस के अवसर पर बापू टावर के विशेष आवरण का लोकार्पण किया। श्री कुमार ने इस अवसर पर कहा कि उन्होंने गांधी जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर, 2024 को बापू टावर का उद्घाटन किया था। उन्होंने कहा कि बापू टावर बहुत अच्छा बना है जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन एवं विचारों को समर्पित एक आधुनिक स्मारक है। यहां बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इस संग्रहालय में आकर महात्मा गांधी के जीवन प्रसंगों, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका तथा सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय के मूल्यों को और अच्छे ढंग से जानते-समझते हैं।

### इस्तेमाल के साथ भूगर्भ में जल को रिचार्ज करना भी जरूरीः मंत्री

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने शुक्रवार को कहा कि जल के दोहन के अनुपात में भूगर्भ जलस्तर को रिचार्ज करना आवश्यक है, जिससे आने वाले समय में कुदरत की इस सबसे कीमती चीज का लाभ आने वाली पीढ़ियों को मिल सके। श्री सुमन ने आज यहां विभाग की ओर से आयोजित एक दिवसीय जलभृत का विकास (डेवलपमेंट ऑफ एक्यूफर) विषयक कार्यशाला को संबोधित करते हुये कहा कि प्रकृति का बहुमूल्य तोहफा पानी है। इसका जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि आज देश और बिहार के कुछ हिस्सों में जल संकट की समस्या खड़ी हो चुकी है। हमें चाहिए कि जल के दोहन के अनुपात में भूगर्भ जलस्तर को रिचार्ज करें, जिससे आने वाले समय में हम कुदरत की सबसे कीमती चीज आने वाली पीढ़ियों को सौंप सकें।

### देश में महिलाओं के सशक्तिकरण की सबसे बड़ी ताकत स्वास्थ्य : जेपी नड्डा

**नईदिल्ली(ए)।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं रिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि महिलाओं के सशक्तिकरण की सबसे बड़ी आधारशिला उनका स्वास्थ्य है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की स्वास्थ्य नीति में ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ है और देश अब केवल इलाज-केंद्रित प्रणाली तक सीमित न रहकर रोकथाम एवं स्वास्थ्य संवर्धन (प्रिवेंटिव और प्रमोटिव हेल्थकेयर) की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

राज्य के सभी 534 प्रखंडों में खुलेंगे एससी–एसटी छात्रावास

# 91 एससी-एसटी आवासीय विद्यालयों में 4966 पदों पर जल्द होंगी नियुक्तियां

• छात्रवृत्ति योजनाओं का विस्तार, हजारों छात्रों को मिलेगा लाभ।

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार राज्य में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी–एसटी) वर्ग के छात्रों की शिक्षा और कल्याण को लेकर बड़े कदम उठाने जा रही है। राज्य में संचालित 91 एससी–एसटी आवासीय विद्यालयों में कुल 4966 पदों पर शिक्षकों और कर्मचारियों की जल्द नियुक्ति की जाएगी। इनमें 1326 पद शिक्षकों के हैं। इन सभी पदों पर बहाली बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के माध्यम से की जाएगी। शुक्रवार को सूचना भवन स्थित संवाद कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री लखेन्द्र कुमार रौशन ने बताया कि अगले पांच वर्षों में राज्य के सभी 534 प्रखंडों में एससी–एसटी छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास खोले जाएंगे। वर्तमान में बिहार में 139 छात्रावास संचालित हैं, जबकि चालू वित्तीय वर्ष में 60 नए छात्रावासों के निर्माण को स्वीकृति दी गई है।

मंत्री ने बताया कि राज्य में 28 नए एससी–एसटी आवासीय विद्यालयों को भी मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही प्रत्येक जिले में 100 बेड वाले सावित्री बाई फुले छात्रावास खोलने की योजना पर काम चल रहा है। इसके लिए 18 जिलों में भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस मौके पर विभाग के सचिव संदीप आर. पुडकलकट्टी ने बताया कि 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य में एससी–एसटी समुदाय की आबादी 17.19 प्रतिशत थी, जो 2022 तक बढ़कर 23.01 प्रतिशत हो चुकी है। बढ़ती आबादी को देखते हुए सरकार शिक्षा, आवास और छात्रवृत्ति योजनाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दे रही है। सरकार ने छात्रवृत्ति योजनाओं के दायरे को भी व्यापक बनाया है। मुख्यमंत्री मेधावृति योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 में 1,53,506 छात्र-छात्राओं को लाभ दिया गया है। वहीं प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कक्षा 1 से 10 तक के छात्रों की छात्रवृत्ति राशि दोगुनी कर दी गई है। इसके अलावा पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में भी वृद्धि की गई है। आईटीआई के लिए छात्रवृत्ति 7500 रुपये, डिप्लोमा/पॉलिटेक्निक एवं समकक्ष पाठ्यक्रमों के लिए 15 हजार रुपये और व्यावसायिक तकनीकी शिक्षा पाठ्यक्रमों के लिए 25 हजार रुपये निर्धारित की गई है। प्रेस वार्ता में विभाग की निदेशक प्रियंका रानी, अपर सचिव गौतम पासवान और विशेष कार्य पदाधिकारी दीवान जाफर हुसैन खां भी मौजूद थे। सरकार का कहना है कि इन पहलों से एससी–एसटी वर्ग के हजारों छात्रों को शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे और सामाजिक समावेशन को मजबूती मिलेगी।

## बूढ़ी गंडक पर बन रहा पुल बदलेगा समस्तीपुर–दरभंगा की कनेक्टिविटी



निज संवाददाता | समस्तीपुर

बूढ़ी गंडक नदी पर हकीमाबाद और नागरबस्ती के बीच बन रहा बहुप्रतीक्षित पुल क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आने वाला है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस पुल का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है और इसे अगस्त माह तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यदि कार्य समय पर पूरा हो गया तो सितंबर से यह पुल यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। इसके बाद बेगूसराय, रोसड़ा, हसनपुर, दलसिंहसराय से दरभंगा जाने वाले लोगों को शहर की भीड़-भाड़ से होकर गुजरने की मजबूरी नहीं रहेगी और कम समय में गंतव्य तक पहुंचना संभव हो सकेगा। वर्तमान में पुल के ऊपरी ढांचे का निर्माण कार्य प्रगति पर है और सभी पियर तैयार किए जा चुके हैं। इस महत्वपूर्ण परियोजना का निर्माण बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है। पुल के बनकर तैयार होने से हकीमाबाद, नागरबस्ती सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और आवागमन कहीं अधिक सुगम हो जाएगा। करीब 400 मीटर लंबा यह पुल पहले 336 मीटर का प्रस्तावित था, लेकिन बाद में दो अतिरिक्त पाया जोड़े जाने से इसकी लंबाई बढ़ा दी गई। अब यह पुल कुल 11 पायों पर आधारित है। इसके निर्माण पर लगभग 47 करोड़ रुपये की लागत आ रही है। पुल चालू होने से करीब पांच दर्जन से अधिक गांवों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और वारिसनगर व जितवारपुर प्रखंड के लगभग दो लाख लोगों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। इस पुल के बनने से किसानों को भी विशेष राहत मिलने की उम्मीद है। उजियारपुर और अंगारघाट क्षेत्र के किसान अब मथुरापुर घाट स्थित सब्जी मंडी तक बिना शहर में प्रवेश किए आसानी से पहुंच सकेंगे।

पुराने भूमि अभिलेखों के अनुवाद में वर्षों से चली आ रही समस्या का समाधान

# कैथी लिपि अनुवादकों की सेवा अब जिलों को सौंपी गई, 29 प्रशिक्षित परामर्शदाता तैनात

निज संवाददाता | पटना

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य के नागरिकों को पुराने भूमि अभिलेखों और दस्तावेजों की कैथी लिपि के अनुवाद में लंबे समय से व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए सरकार ने 29 प्रशिक्षित कैथी लिपि परामर्शदाताओं की सूची तैयार कर उनकी सेवाएं सभी जिलों को सौंप दी हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह नई व्यवस्था न केवल राजस्व मामलों के निष्पादन को अधिक सरल और पारदर्शी बनाएगी, बल्कि प्रशासन के प्रति आम जनता का भरोसा भी मजबूत करेगी। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि भूमि से जुड़े हर मामले में नागरिकों को समयबद्ध, सुलभ और निष्पक्ष सेवा मिले। विभागीय सचिव जय सिंह ने सभी समाहर्ताओं को भेजे पत्र में बताया कि भूमि सुधार जनकल्याण संवाद के दौरान यह तथ्य सामने आया था कि अधिकांश जिलों में कैथी लिपि के दस्तावेजों का अनुवाद करने वाले विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं हैं।

डिप्टी सीएम का भू-माफिया और दलालों पर सख्ती

# कानून के दायरे में रहकर सख्त कार्रवाई का संकल्प

निज संवाददाता | पटना

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भू-माफिया, दलालों और बिचौलियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि "जो कफन बांधकर चलता है, उसे किसी का डर नहीं होता। मैं कफन बांधकर चलता हूं, इसलिए किसी से भयभीत नहीं हूं।" उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के विश्वास पर पूरी तरह खरा उतरना है। दोनों नेताओं ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका निर्वहन वे ईमानदारी, निष्ठा और दृढ़ संकल्प के साथ कर रहे हैं। विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट किया कि जनता के हित में जो भी सही और न्यायसंगत होगा, उससे वे कभी पीछे नहीं हटेंगे।

### 31 जनवरी को दरभंगा में भूमि सुधार जनसंवाद



विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि अगला भूमि सुधार जनकल्याण संवाद 31 जनवरी को दरभंगा में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक अंचल में दो-दो काउंटर स्थापित किए जाएंगे। इन काउंटरों पर दाखिल-खारिज, परिमार्जन और मापी से संबंधित मामलों की शिकायतों का पंजीकरण किया जाएगा। निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए हर काउंटर पर दूसरे अंचल के कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी, ताकि किसी भी आवेदक को आवेदन देने में परेशानी न हो।

## बिहार में अब रविवार को भी करा सकेंगे जमीन की रजिस्ट्री

**पटना (नि.सं.)।** जमीन की खरीद-बिक्री कराने वालों के लिए राहत की खबर है। राज्य सरकार ने फैसला लिया है कि फरवरी महीने में रविवार को भी निबंधन कार्यालय खुले रहेंगे। यानी लोग अब रविवार के दिन भी भूमि की खरीद-बिक्री का निबंधन (रजिस्ट्री) करा सकेंगे। हालांकि महाशिवरात्रि की छुट्टी के दिन निबंधन कार्यालय बंद रहेंगे। इस संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने शुक्रवार को आधिकारिक जानकारी दी। विभाग के अनुसार, फरवरी में महाशिवरात्रि को छोड़कर बाकी सभी दिनों में आम नागरिक निबंधन कार्यालय जाकर रजिस्ट्री से जुड़े सभी कार्य करवा सकते हैं।

## राज्य की लंबित सड़क परियोजनाओं पर केंद्र सख्त, बिहार सरकार को किया तलब

निज संवाददाता | पटना



बिहार में लंबे समय से अटकी सड़क और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को लेकर केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बिहार सरकार के पथ निर्माण विभाग को तलब करते हुए उन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की विस्तृत सूची मांगी है, जिन पर अब तक काम शुरू नहीं हो सका है। इन परियोजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 16 और 17 फरवरी को नई दिल्ली में करेंगे।

केंद्र सरकार विशेष रूप से 100 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं पर फोकस कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, ऐसी सभी बड़ी परियोजनाओं की नियमित निगरानी अब केंद्र स्तर पर की जाएगी। समीक्षा बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा बिहार सरकार के एनएच डिविजन के अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वीकृत परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति, टेंडर हो जाने के बावजूद अवार्ड न हो पाने वाली योजनाएं और अवार्ड मिलने के बाद भी निर्माण शुरू न होने वाले प्रोजेक्ट्स की गहन समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही बिहार में मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्गों के रखरखाव की स्थिति पर भी चर्चा होगी। केंद्र सरकार जिन परियोजनाओं की विशेष समीक्षा करने जा रही है, उनमें समस्तीपुर–दरभंगा के बीच निर्माणाधीन आरओबी, मानगोबंदर, केंदुआ, झाझा, नरगंजो और भैरोगंज बाइपास, भागलपुर–ढाका मोड़, अरवल पुल, एनएच-727ए के तहत सीवान में जीर्णोद्धार कार्य, मुसरीघरारी आरओबी, बूढ़ी गंडक नदी पर मेहरौना घाट में बन रहा पुल, कटिहार बाइपास, दाउदनगर, नासरीगंज और दावथ बाइपास शामिल हैं।

## बिहार इंटर परीक्षा : गेट बंद होने के बाद प्रवेश पर दो साल का बैन, एफआईआर का भी प्रावधान

निज संवाददाता | पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) ने इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 को पूरी तरह कदाचारमुक्त और अनुशासित तरीके से आयोजित करने के लिए इस बार बेहद सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। समिति ने स्पष्ट कर दिया है कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही, देरी या अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके लिए 'जीरो टॉलरेंस' की नीति लागू की गई है। 2 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाली इस परीक्षा में राज्यभर के 1,762 परीक्षा केंद्रों पर कुल 13,17,846 परीक्षार्थी शामिल होंगे। समिति ने परीक्षार्थियों को निर्देश दिया है कि वे परीक्षा शुरू होने से कम से कम एक घंटे पहले अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंच जाएं। निर्धारित समय से आधा घंटा पहले मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। पहली पाली में सुबह 9 बजे और दूसरी पाली में दोपहर 1:30 बजे के बाद किसी भी स्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। बीएसईबी ने चेतावनी दी है कि गेट बंद होने के बाद यदि कोई परीक्षार्थी दीवार फांदकर या जबरन परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने की कोशिश करता है, तो इसे आपराधिक घुसपैठ माना जाएगा। ऐसे परीक्षार्थी को न केवल दो वर्षों के लिए बोर्ड की किसी भी परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा, बल्कि उसके खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी। इतना ही नहीं, यदि इस तरह की अवैध एंट्री में किसी केंद्राधीक्षक या अन्य कर्मी की भूमिका पाई जाती है, तो उनके विरुद्ध भी निलंबन और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। हर परीक्षार्थी की दो स्तरों पर तलाशी ली जाएगी—पहली मुख्य द्वार पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की मौजूदगी में तथा दूसरी परीक्षा कक्ष के भीतर वीक्षकों द्वारा। परीक्षा भवन में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ, कैलकुलेटर या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे।

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने साफ कहा है कि इन कड़े नियमों का उद्देश्य छात्रों को परेशान करना नहीं, बल्कि परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है। समिति ने परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे समय का विशेष ध्यान रखें और सभी निर्देशों का पालन करें, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

### कदाचार रोकने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे

कदाचार रोकने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और प्रत्येक 500 परीक्षार्थियों पर एक वीडियोग्राफर की तैनाती की गई है। इसके साथ ही, हर 25 परीक्षार्थियों की जांच के बाद वीक्षक को यह प्रमाणित करना होगा कि किसी के पास कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं पाई गई है।

## शिक्षा ऋणः अधिक आवेदन वाले 15 निजी शिक्षण संस्थानों की होगी भौतिक जांच

निज संवाददाता | पटना

बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत शिक्षा ऋण के लिए लगातार बढ़ रहे आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा विभाग ने राज्य के 15 निजी शिक्षण संस्थानों की भौतिक एवं स्थलीय जांच कराने का आदेश दिया है। यह कार्रवाई पटना, वैशाली, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, रोहतास और औरंगाबाद जिलों में स्थित उन संस्थानों पर केंद्रित होगी, जहां शिक्षा ऋण के लिए अपेक्षाकृत अधिक आवेदन सामने आए हैं।

इस संबंध में बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के प्रभारी पदाधिकारी नसीम अहमद ने संबंधित जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र भेजकर एक पखवाड़े के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। पत्र में बताया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2024–25 में जहां वार्षिक लक्ष्य 85 हजार निर्धारित था, वहीं 99,357 आवेदन प्राप्त हुए। इसी तरह शैक्षणिक सत्र 2025–26 में 27 जनवरी तक 95,220 के लक्ष्य के विरुद्ध 1,15,423 आवेदन दर्ज किए गए हैं।

आवेदनों की समीक्षा में यह तथ्य सामने आया कि पिछले वर्षों की तुलना में कई निजी संस्थानों में नामांकन और ऋण आवेदनों की संख्या असामान्य रूप से बढ़ी है। इसके अलावा कुछ संस्थानों द्वारा निर्धारित पोर्टल पर आवश्यक शैक्षणिक डाटा समय पर अपलोड नहीं किए जाने की भी शिकायतें मिली हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए शिक्षा विभाग ने सभी संबंधित संस्थानों का एक समान और पारदर्शी भौतिक सत्यापन कराना आवश्यक बताया है। जांच की जिम्मेदारी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (योजना एवं लेखा) सह नोडल पदाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति को दी गई है, जिसमें जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र के प्रबंधक और बिहार राज्य वित्त निगम के सहायक प्रबंधक को सदस्य बनाया गया है। साथ ही संस्थानों से प्राप्त विवरणी की जांच जिला पदाधिकारी के स्तर से कराने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी भी शामिल रहेंगे।

## बिहार में ठंड और कोहरे का असर जारी, कई जिलों में बूंदाबांदी की संभावना

निज संवाददाता | पटना



बिहार में ठंड के साथ कोहरे का प्रभाव लगातार बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार 31 जनवरी को राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम सामान्य से थोड़ा ठंडा रहेगा। सुबह और शाम के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है, जिससे दृश्यता में कमी आ सकती है। पिछले कुछ दिनों में हुई बारिश और ठंडी हवाओं के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिसका असर आम जनजीवन पर साफ दिखाई दे रहा है। राज्य के उत्तरी और मध्य जिलों में कोहरे का प्रभाव अधिक रह सकता है, हालांकि दिन में धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि रात का न्यूनतम तापमान 8 से 14 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है, जबकि दिन का अधिकतम तापमान 22 से 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इसी बीच पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई गई है, जिसका असर उत्तर भारत के मैदानी इलाकों के साथ-साथ बिहार में भी देखने को मिल सकता है। इसके कारण ठंड में बढ़ोतरी के साथ कुछ जिलों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है, हालांकि भारी बारिश की आशंका नहीं है।

## राज्यपाल एवं सीएम ने महात्मा गांधी को किया नमन, शहीदों को दी मौन श्रद्धांजलि

निज संवाददाता | पटना



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना स्थित गांधी घाट पर उनकी समाधि पर पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को भी नमन किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान सशस्त्र पुलिस बल द्वारा राजकीय सलामी दी गई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्वतंत्रता संग्राम के हुतात्माओं के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्य तथा कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने एक साथ स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की।

गांधी जयंती के अवसर पर बिहार लोक भवन में भी राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के हुतात्माओं को मौन श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान गांधीजी के सत्य, अहिंसा और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को स्मरण करते हुए उन्हें आत्मसात करने का संकल्प दोहराया गया।

पार्टी में टूट की अटकलों के बीच उपेंद्र कुशवाहा का बड़ा संगठनात्मक दांव

# आलोक सिंह बने आरएलएम के प्रदेश अध्यक्ष, दो कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

• हिमांशु पटेल बने प्रधान महासचिव

निज संवाददाता | पटना



पार्टी में कथित टूट और विधायकों की नाराजगी की चर्चाओं के बीच उपेंद्र कुशवाहा ने अपनी पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) में व्यापक संगठनात्मक फेरबदल करते हुए डैमेज कंट्रोल की स्पष्ट कोशिश की है। दिनारा से विधायक आलोक सिंह को पार्टी का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही संगठन को संतुलित और मजबूत बनाने के उद्देश्य से दो नेताओं-प्रशांत पंकज और सुभाष चंद्रवंशी-को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पटना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपेंद्र कुशवाहा ने इन नियुक्तियों की औपचारिक घोषणा की। इसी क्रम में हिमांशु पटेल को प्रदेश प्रधान महासचिव तथा मदन चौधरी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। राजनीतिक हलकों में इसे हाल के दिनों में पार्टी नेतृत्व से असंतुष्ट बताए जा रहे विधायकों को साधने और संगठनात्मक संतुलन कायम करने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि हालिया बिहार विधानसभा चुनाव में आरएलएम ने चार सीटें जीती थीं। इनमें से तीन विधायकों की नाराजगी की खबरें समय-समय पर सामने आती रही हैं, जबकि चौथी विधायक उपेंद्र कुशवाहा की पत्नी स्नेहलता कुशवाहा हैं।

### टूट की बातें मीडिया की देन : उपेन्द्र कुशवाहा



प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पार्टी में टूट की अटकलों को सिरे से खारिज करते हुए उपेंद्र कुशवाहा ने कहा, "मैं पहले भी स्पष्ट कर चुका हूं कि ऐसी चर्चाएं मीडिया की ओर से की जा रही हैं। पार्टी में किसी तरह की टूट या विवाद की जानकारी हमें नहीं है। विधायक रामेश्वर महतो की प्रेस वार्ता में अनुपस्थिति पर सवाल उठने पर उन्होंने कहा कि यह विधायक दल की बैठक नहीं थी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि विधायक स्नेहलता कुशवाहा भी मौजूद नहीं थीं, इससे किसी तरह का विवाद निकालना गलत है।

पीएम किसान योजना सहित सभी लाभों के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

# बिहार में फार्मर आईडी अब पूरी तरह मुफ्त

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने किसानों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए फार्मर आईडी (किसान पहचान) बनवाने पर लगने वाला 15 रुपये का सेवा शुल्क पूरी तरह समाप्त कर दिया है। अब राज्य के किसान बिना किसी शुल्क के अपना रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। यह निर्णय नीतीश कुमार सरकार द्वारा किसानों को सरकारी योजनाओं से अधिकतम रूप से जोड़ने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सरकार ने यह भी घोषणा की है कि 2 से 6 फरवरी तक पूरे राज्य में मिशन मोड में फार्मर रजिस्ट्री अभियान चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक किसानों की फार्मर आईडी बनाई जा सके। पीएम किसान सम्मान निधि सहित केंद्र व राज्य सरकार की कई योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर आईडी से रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया गया है।

यह फैसला गुरुवार को मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में आयोजित एग्रीस्टैक परियोजना की प्रगति की समीक्षा बैठक में लिया गया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि पहले कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) और वसुधा केंद्रों पर लिए जा रहे 15 रुपये शुल्क का भार अब सरकार स्वयं वहन करेगी, जिससे किसानों पर कोई आर्थिक बोझ न पड़े। मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने यह भी घोषणा की कि जो जिले पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थी किसानों में से 50 प्रतिशत का फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन पूरा करेंगे, उन्हें सरकार की ओर से 1.5 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। वहीं, जिन जिलों का लक्ष्य 35 प्रतिशत तय किया गया है, उन्हें लक्ष्य हासिल करने पर 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बापू की पुण्यतिथि पर सांस्कृतिक समागम का आयोजन

**कौआकोल**। प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पांडेयगंगौट में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर नवादा इप्टा के सौजन्य से सांस्कृतिक समागम का आयोजन किया गया। इस दरम्यान नवादा इप्टा के संस्कृतिकर्मियों ने हे राम बापू को बिहारी जन का सलाम कार्यक्रम के अंतर्गत भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ रंगकर्मी नरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि मौजूदा दौर में बापू के जीवन दर्शन व विचारों को जन- जन तक पहुंचाकर ही नफ़रत, हिंसा एवं असत्यता की लड़ाई जीती जा सकती है। इन्होंने यह भी बताया कि वैश्विक परिदृश्य में युद्ध की विभीषिका से शांति व भाईचारे पर खतरा उत्पन्न हो रहा है। ऐसे समय के गांधी के आदर्शों की प्रासंगिकता बढ़ जाती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरीय बैंक प्रबंधक सुबोध कुमार ने कहा कि इप्टा के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम से समाज में व्यापक बदलाव होगा व स्कूली बच्चे बापू के सपनों का भारत बनाने में अपने कौशल का विकास करेंगे। विशिष्ट अतिथि व विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इंसान से इंसान के बीच भाईचारा कायम करना ही बापू के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आमंत्रित अतिथि पूर्व मुखिया तुफानी प्रसाद यादव ने इप्टा के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इप्टा गांव-गांव में जाकर सत्य, अहिंसा व बंधुत्व का पैगाम लेकर जाती है,जिससे नफ़रत की दीवार ध्वस्त हो रही है। मंच संचालन सचिव चन्द्रमौलि कुमार ने किया। इप्टा के कलाकारों ने अपने गीतों के माध्यम से बापू के संदेश को सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बापू के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सर्वधर्म प्रार्थना रघुपति राघव राजा राम,पतित पावन सीताराम की समवेत प्रस्तुति के उपरांत सभा समाप्ति की घोषणा की गई। मौके पर कई संस्कृतिकर्मी, कवि,लेखक,कलाकार, समाजसेवी,स्कूली बच्चे आदि मौजूद थे।

### चार यात्री बसों से 9 बोतल शराब के साथ चार युवक गिरफ्तार, भेजे गए जेल



शराब के साथ गिरफ्तार व्यक्ति के साथ उत्पाद बल

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर शुक्रवार की सुबह उत्पाद बलों ने विभिन्न चार यात्री बसों से 9 बोतल शराब के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बिहार में शराबबंदी के लगभग 9 वर्ष बीतने के बाद भी लोग शराब के साथ सफर करने से बाज नहीं आ रहे हैं,नतीजन उत्पाद बलों के हत्थे चढ़ जाते हैं। उत्पाद अधीक्षक नवादा अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद बलों का सख्त पहरा है,जिसका नेतृत्व उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता कर रहे हैं। शुक्रवार की सुबह जांच चौकी पर उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार ने झारखंड की ओर से आ रहे धर्मरथ यात्री बस संख्या बीआर09डब्लू7511 पर सवार रहे बेगूसराय जिले के कन्हैया सहनी को 750 एमएल वाले तीन बोतल,रौशन यात्री बस संख्या बीआर31पीए7150 पर सवार छपरा जिले के चंदन कुमार सिंह को 750 एमएल वाले मैकडॉवेल के दो बोतल, मां भवानी यात्री बस संख्या बीआर30पीए4359 पर सवार मुजफ्फरपुर जिले के महेश शाह को 750 एमएल वाले ब्लेंडरस्प्राइड के एक बोतल एवं अरमान यात्री बस संख्या जेएच02एके7214 पर सवार नवादा जिले के धर्मेंद्र चौहान को दो पीस प्लास्टिक के बोतल में रहे 1.5 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। सभी गिरफ़्तार लोगों को शुक्रवार को ही अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस मौके पर उत्पाद बल एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

### पुण्यतिथि पर याद किये गए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी




**कौआकोल**। प्रखण्ड के सोखोदेवरा जेपी आश्रम में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम निर्माण मण्डल एवं कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर खादी सूत की माला पहनाकर एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पुण्यतिथि के अवसर पर जेपी आश्रम परिसर सहित गांधी पार्क की सामूहिक रूप से साफ सफाई की गई। वहीं बापू की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद लोगों ने सर्व धर्म प्रार्थना सभा मे हिस्सा लेकर गांधी के आदर्शों को अपनाने की शपथ ली। मौके पर ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह,रविकांत चौबे,शशांक शेखर सिंह,सुमिताप रंजन,रौशन कुमार,धीरेंद्र कुमार मन्नू,सुचिता तिर्की,दिनेश मण्डल,अंगद कुमार,विकास कुमार,पिंटू पासवान,सलोनी कुमारी,अनिल कुमार,श्रवण रविदास समेत अन्य कर्मी मौजूद थे

### विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण



प्रशिक्षण में शामिल शिक्षक एवं सदस्यगण

**नरहट (नवादा)**। शुक्रवार को संकुल संसाधन केंद्र दाय बिगहा नरहट में विद्यालय शिक्षा समिति का दूसरे दिन का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से विद्यालय को एक बेहतर शैक्षणिक संस्थान के रूप में कैसे परिणत किया जाय उस पर विस्तार से चर्चा की गई। इस प्रक्षिक्षण में विद्यालय विकास, जन सहयोग और विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों का क्या योगदान हो उस पर भी चर्चा की गई।इस प्रक्षिक्षण में विद्यालय प्रधान के रूप में दीपक कुमार नवसृजित प्राथमिक विद्यालय गारो बिगहा बेलदारी, कुंदन कुमार कश्यप, संजय कुमार, मुकेश कुमार, टिंकू कुमार, रविन्द्र कुमार एवं सचिव के रूप में प्रीति देवी गुड़िया देवी, आरती देवी, सरिता देवी, सिंकू देवी इत्यादि शामिल हुए। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षणकर्ता के रूप में सीताराम एवं महेश कुमार एवं सुबोध के द्वारा दिया गया। इस प्रशिक्षण में संकुल समनव्यक के रूप में दिनेश कुमार उपस्थित रहें।

# निपुण भारत लक्ष्यों की पूर्ति हेतु प्रधानाध्यापकों की संयुक्त बैठक संपन्न

निज संवाददाता। रजौली

सीआरसी अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय धमनी एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय धामुचक के अंतर्गत इंटर स्कूल,उत्क्रमित उच्च विद्यालय धमनी में प्रधानाध्यापकों (एचएम) की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन शुक्रवार को किया गया। बैठक में क्षेत्र के सभी प्रधानाध्यापकों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार एवं निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों की प्रभावी प्राप्ति रहा। बैठक में सीआरसी हेड एवं को-ऑर्डिनेटर की सक्रिय उपस्थिति ने चर्चा को दिशा प्रदान की। इस अवसर पर निपुण भारत मिशन के मास्टर ट्रेनर श्री जितेन्द्र कुमार एवं श्री सुमित कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का संचालन पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो श्री प्रशांत सोनटक्के द्वारा किया गया, जिन्होंने सहभागितापूर्ण एवं उद्देश्यपूर्ण ढंग से बैठक को आगे बढ़ाया।



बैठक में शामिल प्रधानाध्यापकगण

बैठक के दौरान प्रखंड की शैक्षणिक प्रगति की गहन समीक्षा की गई। एफएलएन गतिविधियों, टीएलएम, विद्यालय पुस्तकालय, बाला पेंटिंग एवं प्रातःकालीन सभा की गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई। कक्षा अवलोकन के आधार पर विद्यालय स्तर पर सामने आ रही चुनौतियों की पहचान कर उनके व्यावहारिक समाधान तय किए गए।

इस अवसर पर सभी प्रधानाध्यापकों को कक्षा अवलोकन से संबंधित टिप्स एवं संकेतकों वाला विशेष टूल प्रिंट रूप में उपलब्ध कराया गया। इसके माध्यम से प्रधानाध्यापक सप्ताह में कम से कम तीन दिन कक्षा 1 से 3 तक का नियमित अवलोकन करेंगे तथा शिक्षकों को आवश्यक शैक्षणिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे, जिससे शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया और अधिक प्रभावी हो सकेगी।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि विद्यालयों में पुस्तकालयों का नियमित उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा, विद्यालय प्रबंधन को सशक्त किया जाएगा तथा विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में सुधार हेतु सतत प्रयास किए जाएंगे। साथ ही मासिक सीआरसी बैठकों के माध्यम से निरंतर समीक्षा प्रणाली को मजबूत किया जाएगा।

यह बैठक 21 जनवरी से 30 जनवरी तक आयोजित सीआरसी स्तरीय प्रधानाध्यापक बैठकों की अंतिम कड़ी थी। इसके साथ ही रजौली प्रखंड के सभी 17 सीआरसी की बैठकें सफलतापूर्वक संपन्न हो गईं, जिससे प्रखंड स्तर पर विद्यार्थियों के अधिगम परिणाम (एसएलओ) में सुधार की दिशा में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो श्री प्रशांत सोनटक्के शिक्षा विभाग के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर बच्चों को निपुण बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।अंत में सभी प्रधानाध्यापकों ने सामूहिक रूप से निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने का संकल्प लिया।

# सीनियर छात्रों को समारोहपूर्वक विद्यालय से दी गई विदाई



निज संवाददाता। वारिसलीगंज (नवादा)

वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र स्थित सीबीएसई बोर्ड नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त सीनियर सेकेण्डरी संत जॉन्स पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा नवम के छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।समारोह में विद्यालय के प्रबंध निदेशक बिपिन कुमार, सुनील कुमार, प्राचार्य संतोष कुमार एवं उप-प्राचार्य येना झा ने सीनियर छात्रों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।उन्होंने कहा की आपके विद्यालय में बिताये गए समय आपके भविष्य का प्रतिविम्ब बनकर आपके सफलताओं का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा की विदाई का पल बहुत भावुक होता है। आप जहाँ जाएँ वहाँ अपनी प्रतिभा से विद्यालय का नाम एवं अपने शैक्षणिक यात्रा को पूरा करने में अपना बीता हुआ समय और दिशा निर्देश का पालन करें। वहीं कक्षा दसवीं के वर्ग शिक्षक संजय कुमार एवं कंचन कुमार ने विद्यार्थियों को परीक्षा और जीवन में सफलता के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यालय से मिली शिक्षा उनके भविष्य की मजबूत नींव बनेगी। पूरे कार्यक्रम के सफल संचालन में कक्षा नवम के छात्र-छात्राओं की अहम भूमिका रही। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भावनात्मक माहौल के बीच सीनियर छात्रों को विद्यालय से आत्मीय विदाई दी गई।मौके पर विद्यालय के सभी छात्र -छात्राएं एवं शिक्षक मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार जख्मी, पटना रेफर

निज संवाददाता। नरहट (नवादा)

सकरा मोड़ से पुन्थर पथ पर धमौल गांव के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। आस पास के लोग एवं 112 पुलिस की सहयोग से आननफानन में हिसुआ अस्पताल में भर्ती कराया गया। हिसुआ से सदर अस्पताल नवादा ले जाया गया। बताया जाता है कि नवादा से पावापुरी और उसके बाद पटना रेफर किया गया है। घायल की पहचान पुन्थर निवासी सुरेश चौधरी के 30 वर्षीय पुत्र पप्पू चौधरी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि बाइक से पप्पू चौधरी अपने पत्नी के साथ दो माह के बच्चे को इलाज करा कर लौट रहा था तभी धमौल के पास सड़क निर्माण कार्य में लगे ट्रक की चपेट में आ गया। पत्नी और बच्चे भी घायल है जिसका इलाज हिसुआ अस्पताल में कराया जा रहा है। घटना से गुसाये ग्रामीणों ने सकरा मोड़ पुन्थर पथ पर पुन्थर स्कूल के पास जाम लगा मुवाबजे कि मांग करने लगे। जाम में शामिल ग्रामीणों का कहना था कि घायल युवक काफी गरीब है, सबसे पहले ट्रक मालिक को बुला कर उसका इलाज कराया जाय। सूचना के बाद दल बल के साथ थानाध्यक्ष गौतम कुमार घटना स्थल पर पहुच कर लोगों को समझा बुझा कर जाम हटाया। उन्होंने बताया कि घटना स्थल हिसुआ में पड़ता है इसलिए ट्रक को हिसुआ पुलिस ले गयी है।



दुर्घटना में घायल युवक एवं अन्य

# मध्यस्थता के प्रचार-प्रसार हेतु न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित

निज संवाददाता। नवादा

बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा सुश्री शिल्पी सोनीराज की अध्यक्षता में दिनांक 30 जनवरी 2026 को अपराह्न 04:35 बजे व्यवहार न्यायालय, नवादा स्थित कॉन्फ्रेंस रूम (लाईब्रेरी हॉल) में न्यायिक पदाधिकारियों के साथ मध्यस्थता के प्रचार-प्रसार हेतु बैठक आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नवादा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार "90 दिवस – Mediation 'For the Nation' Drive 2.0" अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को मध्यस्थता के माध्यम से सरल, सुलभ एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान न्यायालय की जटिल प्रक्रिया के स्थान पर संवाद एवं आपसी सहमति के आधार पर विवाद समाधान को प्राथमिकता देता है, जिससे लंबित मामलों का शीघ्र एवं प्रभावी निपटारा संभव हो सके।

उन्होंने यह भी बताया कि इस अभियान के अंतर्गत पक्षकार ऑनलाइन, ऑफलाइन एवं हाइब्रिड मोड में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए मध्यस्थता प्रक्रिया के माध्यम से अपने विवादों का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा श्री धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह अभियान ऐसे मामलों को कवर करता है जिनमें समझौते की संभावना अधिक होती है। इसमें परिवार वाद, क्लेम वाद, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, उपभोक्ता विवाद, सुलहनीय आपराधिक मामले, बंटवारा वाद, मकान मालिक एवं किरायेदार विवाद, भूमि अधिग्रहण सहित अन्य विवाद शामिल हैं। इन मामलों का निपटारा प्रशिक्षित मध्यस्थों के सहयोग से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनवरी 2026 में ऐसे मामलों की पहचान कर संबंधित पक्षकारों को सूचना देते हुए मध्यस्थता हेतु मामलों को सौंपा जाएगा, जहाँ मध्यस्थ अधिवक्ता पक्षकारों के बीच संवाद स्थापित कर विवादों का समाधान कराएंगे।

बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नवादा के साथ प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, नवादा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय, तृतीय, पंचम, षष्ठ (पॉक्सो), नवम एवं ग्यारह, अनन्य विशेष न्यायाधीश (अनुसूचित जाति/जनजाति), अनन्य विशेष न्यायाधीश उत्पाद प्रथम एवं द्वितीय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नवादा, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी I, II, IV एवं V, अनुमंडल न्यायिक दण्डाधिकारी, नवादा, मुंसिफ, नवादा, प्रधान दण्डाधिकारी किशोर न्याय परिषद, नवादा सहित न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी श्रीमती सोनल सरोहा, सुश्री अनिता कुमारी, श्री आदित्य आनंद, श्री कमरूजमी एवं श्री निखिल कुमार उपस्थित थे।

# सरकारी कार्यालयों में आयोजित हुई जनसुनवाई

निज संवाददाता। नवादा

नवादा बिहार सरकार के सात निश्चय–3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान – जीवन आसान (Ease of Living)" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।



जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 116 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान थाना नवादा सदर अंतर्गत पुरानी बाजार निवासी रेणु देवी द्वारा भूमि से संबंधित आवेदन, थाना काशीचक अंतर्गत बौरी निवासी अशोक पंडित द्वारा मुआवजा से संबंधित आवेदन, थाना पकरीबरावां अंतर्गत पकरीबरावां निवासी कुमारी देवी द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदन तथा थाना वारिसलीगंज अंतर्गत सम्बे निवासी गोंदा पासवान द्वारा अनुकंपा के आधार पर लाभ से संबंधित आवेदन सहित अन्य परिवादियों द्वारा विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्रस्तुत की गईं।

जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में नवादा सदर अनुमंडल सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिससे आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु सुलभ मंच प्राप्त हुआ।

### छतीसगढ़ के बालोद में आयोजित स्काउट और गाइड में सबसे ज्यादा बैच ज़ीतने बाला नवादा का मिथिलेश

निज संवाददाता। नवादा



नवादा बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड के सक्रिय सदस्य मिथलेश कुमार पिता सकलदेव पंडित,माता सुमित्रा देवी ग्राम बारा खुर्द, पोस्ट पुंथर थाना नरहट जिला नवादा के निवासी ने स्काउट और गाइड में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करते हुए छत्तीसगढ़ के बालोद में आयोजित राष्ट्रीय जंबूरी में जिले की टीम से सबसे ज्यादा बैच जीतने वाले प्रतिभागी के रूप में किया गया उनके इस जीत पर बिहार राज्य भारत स्काउट गाइड के राज्य सचिव के द्वारा मंच पर मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड से जुड़ कर प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान तृतीय सोपान, 2013 में सफलतापूर्वक प्राप्त किया। राज्य पुरस्कार अवॉर्ड से 2016 मे सम्मानित होने का अवसर प्राप्त हुआ। राष्ट्रपति अवॉर्ड टेस्टिंग कैंप मधुपुर झारखंड,में,2017 में भाग लिया वही 17वीं नेशनल जंबूरी मैसूर कर्नाटक में प्रतिभागी के रूप में ,2018 में स्काउट मास्टर का प्रशिक्षण बभंडी औरंगाबाद में 2019 में नेशनल इंटीग्रेशन कैंप आद्रा पश्चिम बंगाल में प्रतिभागी के रूप में, 1st नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी छत्तीसगढ़ राज्य के बालोद जिला में आयोजित कैंप में ग्लोबल विलेज इवेंट में पूरे बिहार राज्य में सबसे ज्यादा बैज प्राप्त करने( प्रथम स्थान) के उपरांत बिहार राज्य, भारत स्काउट और गाइड के राज्य सचिव श्री निवास कुमार के द्वारा सम्मानित सम्मानित किया गया इस अवसर पर जिला सचिव राम अक़वाल शर्मा,रणजीत कुमार गाइड कैप्टन माया देवी ,संतु कुमार राजीव कुमार संतोष कुमार वर्मा,सुमन कुमारी वर्मा,सौरव गिरी ,मुरली धर ,हरियाली कुमारी लाडली कुमारी आदि लोगों ने बधाई दिया।

### पुलिस ने किया देह व्यापार रैकेट का भंडाफोड़, संचालक सहित चार गिरफ्तार

निज संवाददाता। नवादा

♦ मौके से आपत्तिजनक सामग्री, कंडोम व दवाएं बरामद हुई

नवादा नगर में देह व्यापार की भनक मिलते ही पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र के नवीन नगर मोहल्ले में एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में दो युवतियों और चार युवकों को गिरफ्तार किया गया है।

यह रैकेट एक घनी आबादी वाले इलाके में, जहाँ कई कोचिंग संस्थान भी हैं, एक किराए के मकान में चलाया जा रहा था।

पुलिस अधीक्षक (SP) अभिनव धीमान के निर्देश पर डीएसपी हुलास कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने छापेमारी की।

मौके से आपत्तिजनक सामग्री, कंडोम और दवाएं बरामद हुई हैं। इस्तेमाल किए गए कंडोम और शराब की खाली बोतलें घटनास्थल के पास कचरे के ढेर से भी मिली हैं, जिससे पता चलता है कि यह धंधा लंबे समय से चल रहा था।

मकान मालिक की पहचान श्रवण यादव के रूप में हुई है, जो खुद वहां नहीं रहता था और उसने मकान किराए पर दे रखा था

यह कार्रवाई स्थानीय लोगों के लिए चौंकाने वाली रही है, क्योंकि उन्हें इस तरह की गतिविधियों की भनक तक नहीं थी। पुलिस उपाधीक्षक ने मामले की जानकारी देतें हुए बताया एक मकान से आपत्तिजनक स्थिति में दो युवक एवं दो अन्य को गिऱफ्तार किया गया। दो नवालिक को मुक्त कर दिया गया है।पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

# राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में सीबीआरएन आपदा से निपटने को लेकर मॉक अभ्यास

निज संवाददाता। नवादा

राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय परिसर में रासायनिक, जैविक, विकिरणीय एवं परमाणु (सीबीआरएन) आपदाओं से निपटने की तैयारियों के आकलन हेतु एक मॉक अभ्यास का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य जोखिम न्यूनीकरण, पूर्व तैयारी, त्वरित प्रतिक्रिया तथा बहु-एजेंसी समन्वय की प्रभावशीलता को परखना एवं सुदृढ़ करना था।

मॉक अभ्यास के दौरान राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) द्वारा सीबीआरएन आपदा की एक काल्पनिक स्थिति का प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसमें कमांड एवं नियंत्रण प्रणाली, त्वरित एवं सटीक सूचना संप्रेषण, वैज्ञानिक एवं मानक प्रतिक्रिया प्रणाली, तथा घटना प्रतिक्रिया तंत्र (इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम) का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। अभ्यास के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि किसी सीबीआरएन घटना की स्थिति में समयबद्ध निर्णय, त्वरित कार्रवाई एवं समन्वित प्रयास किस प्रकार जन-धन की क्षति को न्यूनतम कर सकते हैं। अभ्यास के अंतर्गत पहचान (डिटेक्शन), संक्रमणमुक्तिकरण (डीकंटैमिनेशन), बचाव कार्य (रेस्क्यू) एवं चिकित्सीय प्राथमिकता निर्धारण (ट्रायेज) से संबंधित मानक संचालन प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर यह भी रेखांकित किया गया कि सीबीआरएन आपदाओं में प्रथम प्रतिक्रिया तंत्र सर्वाधिक निर्णायक भूमिका निभाता है।



इस मॉक अभ्यास में स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन सेवा, आपदा प्रबंधन विभाग एवं राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के छात्र एवं प्राध्यापकगण ने सक्रिय सहभागिता की। अभ्यास के उपरांत अंतर-विभागीय समन्वय, संसाधनों की उपलब्धता, संचार व्यवस्था एवं क्षमता संवर्धन से संबंधित बिंदुओं पर अंतराल विश्लेषण (गैप एनालिसिस) कर आवश्यक सुधारात्मक उपायों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में उप-कमांडेंट (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, 9वीं बटालियन, बिहटा, पटना), सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, नवादा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### इमामगंज में नाई एकता संगठन का विधानसभा स्तरीय चुनाव संपन्न,संगठन को मजबूत करने का लिया गया संकल्प




**इमामगंज**। प्रखंड अंतर्गत अर्नब बसु होटल में नाई एकता इमामगंज विधानसभा का चुनाव शांतिपूर्ण एवं सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। चुनाव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। वहीं चुनाव के दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर योगेश ठाकुर, कोषाध्यक्ष पद पर उपेंद्र शर्मा, महामंत्री पद पर सत्येंद्र कुमार शर्मा, सचिव पद पर विनोद कुमार शर्मा का चयन किया गया। वहीं संगठन के संरक्षक के रूप में राजकुमार ठाकुर एवं बृजेश ठाकुर को जिम्मेदारी दी गई। मीडिया प्रभारी पद पर आकाश कुमार शर्मा को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में नाई समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। वहीं चुनाव के बाद उपस्थित लोगों ने नवगठित कमेटी को बधाई दी और समाज के हित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर नवनिर्वाचित महामंत्री सत्येंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि नाई एकता संगठन का उद्देश्य समाज को संगठित कर शिक्षा, रोजगार और सामाजिक अधिकारों के लिए मजबूती से आवाज उठाना है। इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में संगठन को और सशक्त किया जाएगा। समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना हमारी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में संगठन की ओर से सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम एवं बैठकें आयोजित की जाएंगी।

### यातायात नियमों की अनदेखी पर वाहनों पर परिवहन विभाग ने किया 1.05 लाख रुपए का जुर्माना


वाहन जांच के दौरान आरटीओ

**रजौली**। थाना क्षेत्र के महादेव मोड़,बांके मोड़,बाईपास समेत अन्य जगहों पर जिला परिवहन पदाधिकारी नवादा के निर्देश पर ईएसआई संदीप कुमार द्वारा बाइक, ऑटो व ट्रैक्टर चालकों के लाइसेंस की जांच एवं यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों पर 1.05 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया।बिहार में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और यातायात नियमों को कड़ाई से लागू करने के लिए परिवहन विभाग ने कड़े कदम उठाए है।अब वाहन मालिकों को अनिवार्य रूप से हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवानी होगी,अन्यथा उन्हें भारी जुर्माना देना पड़ रहा है।यह नियम बीते 1 अप्रैल 2025 से राज्यभर में सख्ती से पालन कराया जा रहा है।हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट एक विशेष प्रकार की एल्यूमीनियम नंबर प्लेट होती है,जिसमें होलोग्राम और यूनिक कोड शामिल होता है।यह वाहन की सुरक्षा को बढ़ाने और यातायात प्रबंधन को आसान बनाने के उद्देश्य से डिजाइन की गई है।इससे वाहन चोरी और नंबर प्लेट की जालसाजी को रोकने में भी मदद मिलती है।यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 2,500 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।वहीं ईएसआई ने बताया कि फर्जी नंबर प्लेट के कारण ई-चालान प्रक्रिया में कठिनाई आ रही है,जिससे वाहन पंजीकरण में अनियमितताएं सामने आ रही हैं।इसे रोकने के लिए परिवहन विभाग ने पुलिस के साथ मिलकर अवैध नंबर प्लेट बनाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू कर दी है।परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाएं ताकि अनावश्यक जुर्माने से बचा जा सके और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन हो सके।वहीं क्षमता से अधिक भार ढोने वाले वाहनों पर भी विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है।परिवहन विभाग के कार्रवाई से वाहन चालकों एवं मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है।परिवहन विभाग के इस कार्रवाई से लोग यातायात नियमों के पालन करने में जुट गए हैं।

### महात्मा गांधी की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा, प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर किया गया नमन



**वजीरगंज,गया**। वजीरगंज प्रखंड मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शहादत दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आचार्यकुल के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने रघुपति राघव राजा राम भजन गाकर गांधी जी के सत्य और अहिंसा के विचारों को स्मरण किया। इसके बाद डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। साथ ही संविधान की प्रस्तावना स्थल एवं स्वतंत्रता सेनानी खुशियाल सिंह की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर आचार्यकुल मंत्री कमला प्रसाद सिंह ने कहा कि आज यह अत्यंत चिंताजनक स्थिति है कि देश में ही लोग महात्मा गांधी और उनके विचारों को भूलते जा रहे हैं, जबकि विदेशों में उनकी मान्यता और सम्मान लगातार बढ़ रहा है। गांधी जी के सत्य, अहिंसा और सादगी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को नई दिशा देने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को गांधी के जीवन और आदर्शों से जोड़ना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है, तभी समाज में नैतिकता और मानवीय मूल्यों की स्थापना हो सकेगी। कार्यक्रम में जिला पार्षद डॉ. पिंकी कुमारी, रामाश्रय प्रसाद सिंह, श्रीकांत शरण शाही, महेश प्रसाद सिंह, रामदेव सिंह, दारा सिंह सहित कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

### महाराणा संग्राम सिंह का मनाया गया बलिदान दिवस



**वजीरगंज**। वजीरगंज प्रखंड के बभन्डीह देवी मंदिर के प्रांगण में मेवाड़ की माटी रक्षक राणा सांगा उर्फ महाराणा संग्राम सिंह के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन द राजपूत ऑफ बिहार के संस्थापक अध्यक्ष ठाकुर मंतोष सिंह की देखरेख में आयोजित किया गया |समारोह में महाराणा संग्राम सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर इनके जीवनी पर चर्चा की गई । उन्होंने कहा कि राणा सांगा के शौर्य, त्याग, और राष्ट्र निष्ठा आम लोगों के लिए अनुकरणीय है. समारोह में मौजूद ग्रामीणों ने भारत के वीर महान योद्धाओं का चित्र सरकारी कार्यालयों लगाने की मांग सरकार से की है| इस मौके पर रमेश सिंह, अमित सिंह, शम्भु सिंह, नागा बाबू, अभिजीत सिंह, अर्पित सिंह, अजय सिंह सहित आम ग्रामीण मौजूद थे।

# गयाजी फायरिंग रेंज में विस्फोट, बम का गोला चुनने गए दो नाबालिगों में एक की मौत

◆ **दूसरा गंभीर घायल, कबाड़ बीनने के दौरान हुआ हादसा, सेना की प्रतिबंधित रेंज में जाने से गई जान**




निज संवाददाता। गयाजी

बाराचट्टी थाना क्षेत्र के बमेंर पंचायत अंतर्गत देवरी डुमरी गांव के समीप स्थित भारतीय सेना के फायरिंग रेंज में हुए विस्फोट ने पूरे इलाके को दहला दिया। बम का गोला चुनने गए दो नाबालिगों में से एक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान सौरभ (15) के रूप में हुई है, जबकि गंभीर रूप से घायल मुकेश कुमार को इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, फायरिंग रेंज में गुरुवार से सुरक्षा बलों द्वारा फायरिंग प्रैक्टिस चल रही थी। राजगीर से आई सीआरपीएफ की एक टुकड़ी ने भारतीय सेना के फायरिंग रेंज को तीन दिनों के लिए बुक किया था, हालांकि सीआरपीएफ ने एक ही दिन में फायरिंग अभ्यास पूरा कर वापस लौट गई थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, फायरिंग समाप्त होने के बाद दोनों नाबालिग प्रतिबंधित रेंज क्षेत्र में कबाड़ चुनने चले गए। इसी दौरान वहां पड़े बम के गोले में विस्फोट हो गया, जिससे सौरभ की मौके पर ही मौत हो गई और मुकेश गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। सूचना पर बाराचट्टी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की। थानाध्यक्ष अमरेंद्र किशोर ने बताया कि फायरिंग रेंज पूरी तरह प्रतिबंधित क्षेत्र है और आम नागरिकों का वहां जाना वर्जित है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों नाबालिग कबाड़ बीनने के उद्देश्य से रेंज में गए थे, तभी विस्फोट हुआ। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। वहीं, मुखिया संजीव ने बताया कि जिस विस्फोटक के गोले से हादसा हुआ, उसकी तस्वीर सीआरपीएफ को भेजकर जानकारी ली गई। सीआरपीएफ की ओर से बताया गया कि उनकी फायरिंग प्रैक्टिस ग्रेनेट की थी, न कि बम के गोले की। मुखिया ने यह भी बताया कि फायरिंग के बाद ग्रामीण अक्सर वेस्टेज से तांबा निकालने के लिए रेंज में चले जाते हैं, जिससे इस तरह की जानलेवा घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। घटना ने एक बार फिर सुरक्षा बलों की फायरिंग रेंज में सुरक्षा व्यवस्था और ग्रामीणों की जागरूकता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### बिहार शरीफ में नगर आयुक्त ने राजस्व वसूली और अवैध गतिविधियों पर सख्त निर्देश दिए



निज संवाददाता। बिहार शरीफ।

नगर आयुक्त कुमार निशांत विवेक की अध्यक्षता में शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय में राजस्व प्रबंधन और शहर में अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में चालू वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले अब तक केवल 78.50 प्रतिशत राजस्व की वसूली होने की जानकारी सामने आई। नगर आयुक्त ने सभी कर संग्राहकों को निर्देश दिया कि 15 मार्च 2026 तक शत-प्रतिशत राजस्व लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शहर के व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर ट्रेड लाइसेंस की सख्ती लागू करने के भी आदेश दिए। सभी वार्डों से बिना लाइसेंस वाले प्रतिष्ठानों की सूची 5 फरवरी तक नगर निगम को सौंपने को कहा गया, उसके बाद विधिसम्मत नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी।

**अवैध गतिविधियों पर कार्रवाईः** अनधिकृत बैनर, पोस्टर और तोरणद्वार हटवाने के लिए कर संग्राहकों को दो दिनों में सूची तैयार कर कार्यालय को सौंपने का निर्देश। नालों में गोबर और कचरा फेंकने वालों की पहचान कर दंड शुल्क लगाया जाएगा। बिना नक्शा स्वीकृति बने भवनों पर रोक लगाई जाएगी। वार्ड में हुए समस्त अतिक्रमणों की सूची कार्यालय में प्रस्तुत करने के आदेश। नगर आयुक्त ने बैठक में स्पष्ट किया कि शहर की सुंदरता, स्वच्छता और कानून के अनुपालन को सुनिश्चित करना प्राथमिकता है और सभी अधिकारी इसे पूरी गंभीरता से लागू करें।

## कोंच प्रखंड में जनता दरबार का आयोजन, भूमि विवाद और आवास से जुड़े मामलों की हुई सुनवाई

निज संवाददाता। कोंच, गया




गया जिले के कोंच प्रखंड स्थित ई-किसान भवन के सभागार में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार की संयुक्त अध्यक्षता अंचलाधिकारी मुकेश कुमार और प्रखंड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज ने की। शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनता दरबार में प्रखंड और अंचल स्तर के लगभग सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे, ताकि समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

अंचलाधिकारी मुकेश कुमार ने भूमि विवादों के त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर दिया। जनता दरबार में सर्वाधिक आवेदन भूमि विवाद, दाखिल-खारिज (म्यूटेशन), परिमार्जन और जमीन की मापी से संबंधित प्राप्त हुए। उन्होंने राजस्व कर्मियों को निर्देश दिया कि इन मामलों की जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जनता दरबार के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना और ग्रामीण आवास से जुड़े कई मामले भी सामने आए। ग्रामीणों ने आवास की किस्तों के भुगतान में देरी और सूची में नाम जोड़ने को लेकर अपनी शिकायतें प्रखंड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज के समक्ष रखीं।

कई मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया, जबकि जटिल मामलों में संबंधित कर्मियों को तय समय-सीमा के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने का सख्त निर्देश दिया गया। प्रशासन की इस पहल से दूर-दराज के गांवों से आए फरियादियों को अपनी बात सीधे अधिकारियों तक रखने का अवसर मिला। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देना और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य है।

## नालंदा में बालिका शिक्षा को बढ़ावाः तीन नए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय तैयार






निज संवाददाता। नालंदा

बालिकाओं की शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए जिले में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने शुक्रवार को शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में बताया कि हिलसा, राजगीर और एकंगरसराय में तीन नए कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय (टाइप-3) का निर्माण पूरा हो गया है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि इन नव निर्मित विद्यालयों में कक्षा 9 से 12वीं तक की छात्राओं के लिए आधुनिक आवासीय सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पूरी व्यवस्था की गई है। प्रत्येक विद्यालय में 100-100 छात्राओं के रहने की क्षमता है, जिससे कुल 300 बालिकाएं उच्च माध्यमिक शिक्षा का लाभ उठा सकेंगी।

ये विद्यालय विशेष रूप से ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बालिकाओं के लिए वरदान साबित होंगे, जो उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती हैं। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिए कि आगामी शैक्षणिक सत्र से इन विद्यालयों का संचालन सुनिश्चित किया जाए।

समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त नालंदा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा), सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बीआरपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सभी को आवश्यक तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए।

## चाकंद थाना में जनता दरबारः एसएसपी ने आम जनता की समस्याओं को तुरंत हल करने के दिए निर्देश

निज संवाददाता। गयाजी




गया जिले के चाकंद थाना परिसर में शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस मौके पर आम जनता ने अपनी समस्याएं और शिकायतें सीधे एसएसपी के सामने रखीं, और अधिकारियों ने त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। जनता दरबार में बेलागंज और चाकंद थाना क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी और सेवन से बढ़ रही आपराधिक घटनाओं की शिकायतों को प्रमुखता दी गई। लोगों ने चरस, अफीम और गांजा जैसी नशीली वस्तुओं की खरीद-फरोख्त पर अपनी चिंता जताई और कठोर कार्रवाई की मांग की।


साथ ही, चाकंद स्टेशन बाजार के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं का मुद्दा भी सामने आया। फरियादियों ने ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने और सड़क पर सुरक्षित गोलंबर निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। जनता ने चाकंद बाजार में अतिक्रमण, दर्जनभर भूमि विवाद और आपसी झगड़ों से जुड़ी शिकायतें भी एसएसपी के समक्ष रखीं। गया शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पंचायती अखाड़ा बस स्टैंड में अवैध वसूली की घटनाओं पर भी चिंता जताई गई। एसएसपी सुशील कुमार ने इन सभी शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित थाना प्रभारियों और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए। उन्होंने कहा, "बेहतर पुलिसिंग केवल जनता के सहयोग से ही संभव है। केस जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।"

जनता दरबार में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय कुमार, प्रशिक्षु आईपीएस दीप्ति मोनाली, डीएसपी रवि प्रकाश सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर राम बच्चन कुमार, थाना प्रभारी शिवम कुमार के साथ कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में फरियादी मौजूद थे। एसएसपी ने इस मौके पर सभी फरियादियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का त्वरित और विधिसम्मत समाधान सुनिश्चित किया जाएगा, और नियमित फॉलो-अप के माध्यम से कार्रवाई की निगरानी की जाएगी।

### पूर्व मध्य रेल में पहली बार 'कवच' तकनीक के साथ मानपुर–सरमाटांड रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन शुरू




निज संवाददाता। हाजीपुर




पूर्व मध्य रेल ने यात्री संरक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए पहली बार 'कवच' तकनीक के साथ मानपुर–सरमाटांड रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ कर दिया है। रेलवे प्रशासन द्वारा शुक्रवार को डीडीयू–प्रधानखांटा रेलखंड के अंतर्गत 93.3 किलोमीटर लंबे मानपुर–सरमाटांड सेक्शन में कवच प्रणाली को सफलतापूर्वक चालू किया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार,महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह के नेतृत्व एवं दिशा-निर्देश में इस अत्याधुनिक टक्कर रोधी तकनीक को लागू किया गया है। इसके साथ ही इस रेलखंड पर अब कवच से लैस ट्रेनों का नियमित परिचालन संभव हो सकेगा, जिससे सुरक्षा मानकों में उल्लेखनीय सुधार होगा।

इसी क्रम में शुक्रवार को पहली बार ट्रेन संख्या 13305 सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ने कवच प्रणाली के साथ सफलतापूर्वक परिचालन किया। यह ट्रेन सुबह 07:42 बजे सरमाटांड स्टेशन से रवाना होकर 09:35 बजे मानपुर स्टेशन पहुंची। ट्रायल के दौरान हेड-ऑन कोलिजन टेस्ट भी किया गया, जिसमें सुरक्षा प्रणाली सक्रिय होते ही ट्रेन 4259 मीटर की दूरी पर स्वतः रुक गई।

पूर्व मध्य रेल के अनुसार, कुल 4238 रूट किलोमीटर पर कवच प्रणाली लगाए जाने की योजना है। इसमें लगभग 417 रूट किलोमीटर लंबा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन–मानपुर–प्रधानखांटा रेलखंड दिल्ली–हावड़ा रेलमार्ग का अत्यंत व्यस्त और महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह रेलखंड उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड से होकर गुजरता है।

इस सेक्शन में 8 जंक्शन स्टेशनों सहित कुल 77 स्टेशन, 79 लेवल क्रॉसिंग गेट और 7 इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नल हैं। यहां मालगाड़ी, मेल-एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों सहित मिश्रित यातायात का संचालन होता है। वर्तमान में इस रेलखंड पर 130 किलोमीटर प्रति घंटा की गति स्वीकृत है, जबकि मिशन रफ्तार के तहत इसे बढ़ाकर 160 किलोमीटर प्रति घंटा करने का कार्य प्रगति पर है।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि 'कवच' एक स्वदेशी टक्कर रोधी सुरक्षा तकनीक है, जो माइक्रोप्रोसेसर, जीपीएस और रेडियो संचार प्रणाली के माध्यम से कार्य करती है। यह तकनीक एक ही ट्रैक पर चल रही ट्रेनों के बीच निर्धारित दूरी के भीतर खतरे की पहचान कर लोको पायलट को निरंतर सचेत करती है और आवश्यकता पड़ने पर स्वतः ब्रेक लगा देती है।

कवच प्रणाली मौजूदा सिग्नलिंग सिस्टम के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखती है और परिचालन से जुड़े अधिकृत अधिकारियों को वास्तविक समय में सूचनाएं उपलब्ध कराती है। यह प्रणाली आमने-सामने की टक्कर, साइड टक्कर और पीछे से होने वाली टक्कर को रोकने में सक्षम है। साथ ही रोल बैक, रिवर्स मूवमेंट और समपार फाटकों की जानकारी भी स्वचालित रूप से प्रदान करती है।

# शेरघाटी प्रखंड सभागार में जनता दरबार आयोजित, 11 मामलों की हुई सुनवाई

**प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ी शिकायतें रहीं प्रमुख, कई मामलों का मौके पर समाधान**

निज संवाददाता। गयाजी




जिले के शेरघाटी प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय जनता दरबार का आयोजन किया गया। दरबार की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद ने की। जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना था। जनता दरबार में कुल 11 मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित शिकायतें सबसे अधिक रहीं। प्राप्त मामलों में से 6 आवेदन पीएम आवास योजना से जुड़े थे, जिनमें आवास की स्वीकृति में देरी, लंबित भुगतान, लाभार्थी सूची में नाम जोड़ने तथा आवास से संबंधित अन्य प्रक्रियागत समस्याएं शामिल थीं।

इसके अलावा अंचल कार्यालय से जुड़े 4 मामले भी जनता दरबार में सामने आए। इन मामलों में भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, राजस्व अभिलेखों में त्रुटि और अन्य राजस्व संबंधी समस्याएं प्रमुख रूप से उठाई गईं। वहीं एक मामला बैंक से संबंधित था, जिसमें लाभार्थी ने ऋण स्वीकृति और खाते से जुड़ी परेशानियों की शिकायत दर्ज कराई।

जनता दरबार के दौरान संबंधित विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को आवेदन सौंपे गए और उनके शीघ्र निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। कुछ मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष मामलों में संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए आवेदकों को शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया।

इस अवसर पर राजस्व पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के प्रखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़ी जनसमस्याओं के समाधान के लिए नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को प्रस्तुत सभी मामलों की सुनवाई की गई है और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम है, जिससे योजनाओं का लाभ सही पात्रों तक पहुंचाने में मदद मिलती है।

## संक्षिप्त समाचार

### धान खरीदी के 15 दिन बाद भी किसानों को भुगतान नहीं, पैक्सों पर गंभीर आरोप, किसानों में आक्रोश

**सासाराम /रोहतास** । जिले में धान खरीदी के बाद किसानों को समय पर भुगतान नहीं मिलने से भारी नाराजगी देखी जा रही है। जिले के अधिकांश पैक्स (प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों) द्वारा धान खरीदी के 15 दिन से अधिक समय बीत जाने के बावजूद किसानों को भुगतान नहीं किया गया, जिससे किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। किसानों का आरोप है कि कुछ पैक्स अध्यक्ष खरीदे गए धान की राशि भी निर्धारित सरकारी समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर भुगतान नहीं कर रहे हैं। कई मामलों में किसानों को कम राशि दी जा रही है या भुगतान में अनावश्यक देरी की जा रही है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। जिले में चलाया जा रहा पैक्स सदस्यता अभियान भी हवा-हवाई साबित हो रहा है। किसानों का कहना है कि सदस्यता लेने में उन्हें कदम-दर-कदम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पैक्स अध्यक्षों की मनमानी और पारदर्शिता की कमी के कारण कई किसान सदस्यता प्रक्रिया से वंचित रह जा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार कुछ पैक्स अध्यक्षों की मनमानी के कारण राजस्व का भी नुकसान हो रहा है, जबकि सरकार ने धान खरीदी और भुगतान के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। किसानों ने जिला प्रशासन और सहकारिता विभाग से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषी पैक्स अध्यक्षों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और किसानों को जल्द से जल्द उनका बकाया भुगतान सुनिश्चित कराया जाए।

### अपहृत बालिका को डेढ साल बाद पुलिस ने किया बरामद

**राजपुर**। स्थानीय पुलिस ने कांड संख्या 13/24 दयालगंज गांव से अपहृत बालिका को गुरूवार को बरामद कर लिया.बालिग हो चुकी युवती ने प्रेमी के साथ शादी कर लिया है.जिसका अब एक बेटा भी है.पुलिस ने न्यायालय के समक्ष ब्यान के लिए प्रस्तुत किया. जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष उलुम सलमा ने बताया कि 2024 में घर से गायब हुई 18 वर्षीय बालिका को पुलिस ने अनुसंधान करते हुए बरामद कर लिया.दबाव में आकर अपहरण करके लेकर भागे पक्ष द्वारा बालिका को थाने में प्रस्तुत कर दिया गया. अपृहिता लड़की अब मां बन चुकी है.लड़की को 183 का बयान हेतु न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया.

### काराकाट पुलिस ने गांजा तस्कर को धर दबोचा

**काराकाट /रोहतास** । काराकाट थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक कुख्यात गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से एक किलो गांजा जब्त किया गया, जिसकी कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि शहरी गांव निवासी अदालत नट के 44 वर्षीय पुत्र सूर्य नट उर्फ गब्बर गांजा के धंधे में लंबे समय से लिप्त था। जानकारी के अनुसार, गब्बर हरे रंग के थैले में करीब एक किलो गांजा भरकर डेहरी-बिक्रमगंज मुख्य मार्ग पर एक बस में सवार हो गया था। वह गांजा बेचने के इरादे से जा रहा था। तभी काराकाट पुलिस को गुप्त सूचना मिली। सूचना पर कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने अपनी टीम के साथ गौडारी पीएससी के पास बस को घेर लिया। बस की तलाशी में आरोपी के पास से थैला बरामद हुआ, जिसमें भारी मात्रा में गांजा भरा था। गांजा जब्त कर आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है। उसके अन्य साथियों और गांजा सप्लाई के नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है। छापेमारी में एसआई रोहित कुमार, मिथलेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस ने साफ चेतावनी दी है कि नशे के धंधे पर लगाम कसने के लिए आगे भी सतत छापेमारी जारी रहेगी। इस कार्रवाई से इलाके में नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस की मुस्तैदी का संदेश गया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की तारीफ की है।

### लापता युवक की तलाश हेतु थाना में दिया आवेदन

**काराकाट/रोहतास**। काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत किसनाथडीह निवासी राजमुनि देवी पति रमाकांत सिंह ने अपने 24वर्षीय पुत्र मनीष कुमार उर्फ मोहन जो गूंगा बहरा है अपने घर से कहीं निकल गया है । जिसका खोजबीन अपने संगे संबंधी क्या जा करके खोजबीन किया कहीं मालूम नहीं चला जिस दिल घबरा रहा है हर मां करके थाने में आकर के आवेदन दिया कि मेरा बच्चा कहीं खो गया है जो मिल नहीं रहा है पुलिस अपने माध्यम से उस बच्चा को खोज निकाले ताकि मेरा बच्चा मिल सके । थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है मामले की जांच किया जा रहा है।


### देश के आजादी में राष्ट्रपिता बापू के समर्पण अहिंसक संघर्ष का प्रतीक : डॉ. मनीष

**बिक्रमगंज (रोहतास)**। शुक्रवार जिला क्षेत्र में भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर लोगों ने उन्हें नम आंखों से याद किया। जिसे प्रत्येक वर्ष 30 जनवरी को शहीद दिवस के रूप में पूरा देश मनाता है। बापू के पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सीनेट सदस्य वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा डॉ.मनीष रंजन देश के प्रति उनके अतुलनीय समर्पण और अहिंसक संघर्ष की याद दिलाती है।

ज्ञात हो कि 30 जनवरी 1948 को बिड़ला हाउस में एक प्रार्थना सभा के दौरान उनकी हत्या कर दी गई थी,जिससे न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया ने शांति और सत्य के एक महान दूत को खो दिया। गांधीजी का पूरा जीवन राष्ट्र के लिए एक संदेश था। उन्होंने सत्य और अहिंसा को न केवल आदर्श माना, बल्कि इन्हें ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ एक शक्तिशाली हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद के खिलाफ लड़ाई से लेकर भारत के चंपारण सत्याग्रह, दांडी मार्च और भारत छोड़ो आंदोलन तक, उन्होंने करोड़ों भारतीयों को एकजुट किया। उनका मानना था कि वास्तविक स्वतंत्रता केवल विदेशी शासन से मुक्ति नहीं, बल्कि गरीबी, छुआछूत और सामाजिक भेदभाव से मुक्ति में निहित है। गांधीजी ने स्वदेशी और खादी को बढ़ावा देकर भारतीय अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया। उनके लिए 'राष्ट्र' का अर्थ केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि इसके लोग थे। उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति हेतु अंत्योदय उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। सादगी, संयम और नैतिक साहस उनके व्यक्तित्व के मूल स्तंभ थे। उनकी पुण्यतिथि पर पूरा देश उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है। साथ ही इस दिन राजघाट पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की जाती है और देशभर में 2 मिनट का मौन रखा जाता है।

### प्रकृति की रक्षा हेतु किया गया देव वृक्षों का वृक्षारोपण

**बिक्रमगंज / रोहतास** । प्रज्ञा प्रवाह बिक्रमगंज जिला के तत्वावधान में मानपुर पंचायत अंतर्गत बलुआही गांव के काली मंदिर प्रांगण में देव वृक्ष लगाया गया । विभाग संयोजक डॉ अरुण कुमार ने बताया कि प्रज्ञा प्रवाह बिक्रमगंज के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येक माह में पांच पौधा किसी चयनित गांव में लगाया जाता है । यह पौधा प्रत्येक माह डॉ.कन्हैया सिंह विभागाध्यक्ष वनस्पति विभाग अंजबित सिंह महाविद्यालय बिक्रमगंज द्वारा दिया जाता है । डॉ. कन्हैया सिंह ने कहा कि प्रकृति की रक्षा करना हमारा परम धर्म है । अगर हमलोग इसकी रक्षा करते है तो यह हमें अनगिनत लाभ प्रदान करती है । उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक



करके यह संदेश देना है कि अधिक से अधिक पौधा लगाकर प्रकृति व पर्यावरण का संरक्षण करें और मानव जीवन की रक्षा करें । उक्त अवसर पर विभाग संयोजक डॉ अरुण कुमार, संयोजक डॉ दिलीप कुमार,सह संयोजक अजय शंकर तिवारी,डॉ नागेंद्र झा महिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमरेंद्र कुमार मिश्रा,इंदु तपेश्वर सिंह महिला कॉलेज के व्याख्याता डॉ रबिंद्र सिंह,ग्राम विकास संयोजक संजय,युवा समाज सेवी मनीष कुमार, स्थानीय शिवधार सिंह,रामनाथ सिंह, प्रयाग सिंह,महेंद्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## जनता दरबार में पुलिस अधीक्षक का बड़ा एक्शन

# 18 शिकायतों पर सुनवाई-10 मामलों का मौके पर निष्पादन

निज संवाददाता। करगहर (रोहतास)



थाना परिसर में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार आम नागरिकों के लिए न्याय और राहत का मंच बन गया, जब पुलिस अधीक्षक ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए जनता की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की। थाना परिसर में पहुंचते ही पुलिस बल द्वारा एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके पश्चात जनता दरबार के दौरान पुलिस अधीक्षक ने 10 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर स्पष्ट संदेश दिया कि फरियादियों की समस्याओं पर अब टालमटोल नहीं होगी। जनता दरबार में कुल 18 मामलों की सुनवाई की गई। पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर सभी शिकायतकर्ताओं की बातें गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। गत वर्ष बभनी गांव में बच्चों के अपहरण के बाद हुई नृशंस हत्या के मामले में एफएसएल टीम द्वारा अब तक न्यायालय में रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं किए जाने की शिकायत पर एसपी ने कड़ा रुख अपनाते हुए थानाध्यक्ष को अविलंब रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत करने का आदेश दिया।

वहीं करगहर निवासी अजय कुशवाहा ने अपने 22 वर्षीय पुत्र के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच में तेजी लाते हुए जल्द परिणाम सामने लाया जाएगा। महिला प्रताड़ना से जुड़े एक मामले में औरंगाबाद जिले के बारुण थाना क्षेत्र के मिर्जापुर से आई सुमन कुमारी की शिकायत पर महिला पुलिस टीम को सक्रिय करते हुए थाना क्षेत्र के टेकारी गांव से पति गंगाराम को बुलाया गया और आपसी समझौता कराकर महिला को उसके ससुराल भेजा गया।

जनता दरबार के दौरान पुलिस से संबंधित 10 मामलों का निष्पादन किया गया, जबकि भूमि विवाद से जुड़े आठ मामलों को अंचलाधिकारी के पास स्थानांतरित किया गया। इसी क्रम में भोखरी ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि संतोष कुमार ने सीढ़ी थाना को पुनः स्थापित करने की मांग उठाई, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना और आम नागरिकों के जान-माल की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। जनता दरबार के बाद उन्होंने थाना परिसर में निर्माणाधीन महिला बैरक का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। मौके पर थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय, एसआई अभिषेक कुमार, प्रमोद सिंह, संजीव कुमार, राजीव कुमार, शंभू कुमार सिंह, अजीत कुमार, बलराम यादव, टुनटुन पासवान, जया भारती, अंजू कुमारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।

# बैंक के सामने वाली गली में जल जमाव से परेशानी



निज संवाददाता। राजपुर

प्रखंड मुख्यालय वार्ड संख्या ग्यारह स्थित ग्रामीण बैंक के सामने वाली गली में जल जमाव एवं कीचड रहने से परेशानी हो रही है.

सैकडों लोग प्रतिदिन उक्त गंदगी से गुजरने के लिए मजबूर हैं.बगल में कन्या प्राथमिक स्कूल है.जिसमें पढाई के लिए सैकडों छात्र छात्राएं उक्त कीचड से होकर गुजरती हैं. कीचड वाले स्थल पर एक कोचिंग संस्थान चलाया जाता है.जहां सैकड़ो छात्र छात्राएं पहुंचती है.प्रखंड स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,थाना, प्रखंड सह अंचल कार्यालय समेत लगभग सभी सरकारी कार्यालयों में लोग इस रास्ते से होकर जाते है.बावजूद भी प्रशासन मुक दर्शक बना हुआ है.

उक्त गली स्थित मकान मालिक सुनिल सिंह, महेन्द्र चौधरी,अभय सिंह मास्टर साहब,रामजी चौधरी उर्फ मुखिया समेत अन्य ने बताया कि नाली के अभाव में घरों से निकलने वाला पानी जल जमाव का कारण है.समस्या विगत कई वर्ष से बना हुआ है.नाली निर्माण के लिए पंचायत के मुखिया, प्रखंड प्रमुख एवं बीडीओ से विगत कई वर्ष से गुहार लगाया जा रहा है.विकास राशि का अभाव दिखाते हुए आश्वासन प्रदान करने की नीति अपनाई जा रही है. मामले में पंचायत के मुखिया रंजू देवी एवं उनके समाजसेवी पति सतीश कुमार सिंह ने बताया कि विकास राशि मिलते हीं नाली का निर्माण करवाया जाएगा.

## नव सृजित प्राथमिक विद्यालय मधुबन में बाल मेले का रंगारंग आयोजन, बच्चों ने दिखाई बहुमुखी प्रतिभा



निज संवाददाता। बिक्रमगंज (रोहतास)

प्रखंड अंतर्गत नव सृजित प्राथमिक विद्यालय मधुबन बिक्रमगंज के प्रांगण में बाल मेले का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया । इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र तथा विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मक,बौद्धिक एवं शारीरिक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया ।कार्यक्रम का सफल नेतृत्व विद्यालय के प्रधान शिक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह द्वारा किया गया। बाल मेले के दौरान बच्चों के लिए कहानी वाचन,बॉल थ्रो, चित्रांकन, गणित सहित कई रोचक व ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास और उमंग के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित समिति सदस्य चंदा देवी, रवि कुमार, लालती देवी, जितेंद्र कुमार, रफत परवीन, अमरदीप एवं प्रतिभा कुमारी सहित अभिभावकगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं और स्थानीय ग्रामीणों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रदर्शन की भूरी-भूरी प्रशंसा की। बाल मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाना, सीखने के प्रति रुचि विकसित करना तथा विद्यालय और समाज के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित करना रहा । कार्यक्रम का वातावरण पूरे समय आनंदमय,प्रेरणादायक और उत्सवपूर्ण बना रहा ।

# रिवार्डस संस्था की द्वारा प्राथमिक विद्यालय घूरनपुर में तिथि भोजन का आयोजन

## बच्चों में दिखा खासा उत्साह

निज संवाददाता। करगहर (रोहतास)

सरकारी विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संतुलित पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पी.एम. पोषण योजना (पूर्व मध्याह्न भोजन योजना) के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय धुरनपुर में तिथि भोजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिसर बच्चों की चहल-पहल और उत्साह से गुलजार नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने किया। उनकी उपस्थिति से आयोजन की गरिमा और भी बढ़ गई। इस अवसर पर एमडीएम प्रभारी अरविंद कुमार, गुड़िया कुमारी एवं रोहित सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के साथ हुई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद सिंह ने सभी आगंतुकों को अंगवस्त्र एवं पुष्प भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन धनंजय पांडे द्वारा किया गया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं को निर्धारित तिथि भोजन परोसा गया। बच्चों ने पंक्तिबद्ध होकर पूर्ण अनुशासन के साथ भोजन ग्रहण किया। भोजन के दौरान विद्यालय परिसर में अनुशासन, उल्लास और प्रसन्नता का सुंदर दृश्य देखने को मिला।

इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा— "पी.एम. पोषण योजना के तहत तिथि भोजन जैसे आयोजन बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। इससे न




केवल बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि होती है, बल्कि उनके शारीरिक और मानसिक विकास पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में समुदाय और स्वयंसेवी संस्थाओं की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।"

उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की नियमित उपस्थिति, शिक्षा एवं पोषण पर विशेष ध्यान दें और सरकारी योजनाओं को सफल बनाने में सहयोग करें।

कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन स्वयंसेवी संस्था "रिवार्डस" द्वारा किया गया, जिसकी स्थानीय स्तर पर प्रशंसा की जा रही है।

# अकबरपुर–तिलौथू मुख्य सड़क पर भीषण हादसा ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

## डालमिया गेट के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, पैर टूटने से युवक की हालत नाज़ुक

निज संवाददाता। रोहतास

**रोहतास**। अकबरपुर–तिलौथू मुख्य सड़क पर शुक्रवार को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा कल्याणपुर बंजारी स्थित डालमिया गेट नंबर-1 के समीप हुआ। घायल युवक की पहचान सुंदरगंज निवासी गोलू के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे गोलू सड़क पर गिर पड़ा। हादसे में उसका पैर टूट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।



स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को तुरंत रोहतास अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है और हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित थाना पुलिस सक्रिय हो गई। थाना प्रभारी निकुंज भूषण प्रसाद ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। ट्रैक्टर चालक की भूमिका, वाहन की स्थिति और तेज रफ्तार जैसे सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इधर, स्थानीय लोगों ने अकबरपुर–तिलौथू मुख्य सड़क पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि तेज रफ्तार वाहनों और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# अंजबित सिंह कॉलेज में पुस्तक का लोकार्पण

निज संवाददाता। बिक्रमगंज (रोहतास)

राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ रवि कांत पांडे द्वारा लिखित पुस्तक राजनीति विज्ञान एक समग्र अध्यन, सिद्धांत , संस्थान और समकालीन परिपेक्ष भाग 1 का लोकार्पण महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ ओम प्रकाश राम द्वारा किया गया। पुस्तक के सम्बंध में प्रधानाचार्य ने कहा कि यह पुस्तक नई शिक्षा नीति के अनुसार लागू किए गए सीबीसीएस के मुताबिक 4 साल के कोर्स के लिए एमजीसी, जिसे पूर्व में प्रतिष्ठा विषय कहा जाता था, के छात्रों के लिए बहुत उपयोगी है। सेमेस्टर 1 से 4 तक के छात्रों के लिए यह किताब बहुत उपयोगी होगा। अन्य प्रतियोगी परीक्षा के लिए भी यह पुस्तक उपयोग की है। बहुत जल्द इस किताब को



महाविद्यालय के पुस्तकालय के लिए उपलब्ध करा लिया जाएगा। ताकि छात्रों को इसका लाभ मिल सके। लाइब्रेरी को नए युग की तकनीकी के अनुरूप विकसित करने का काम प्रगति पर है। जिसे बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा। प्रधानाचार्य ने अन्य शिक्षकों से भी कहा कि आप भी अपनी विषय से संबंधित ऐसी पुस्तक की रचना करें ताकि छात्रों को इसका लाभ मिल सके।इसका लाभ आपको व्यक्तिगत प्रोन्नति आदि में भी मिलेगा। प्रधानाचार्य ने पुस्तक लिखने वाले सहायक प्राध्यापक डॉ रवि कांत पांडे को इसके लिए सराहना की और उनका हौसला बढ़ाया।लोकार्पण समारोह का आयोजन महाविद्यालय के सेमीनार हाल में किया गया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ ओम प्रकाश राम और मंच संचालन वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कन्हैया सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अनिल कुमार ने किया। समारोह में पूर्व प्रधानाचार्य डॉ सुधांशु शेखर भाष्कर ने भी अपने विचार रखे और पांडे जी को इस कार्य के लिए प्रशंसा की। अन्य शिक्षकों डॉ प्रभात कुमार, डॉ अख़लाक़ अहमद, डॉ परवेज अहमद, डॉ फैजल अहमद, डॉ रंजन कुमार, डॉ सरिता कुमारी, डॉ मुनमुन चौधरी, डॉ शशि कुमार, डॉ सरोज राम, शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, सचिव अक्षय कुमार प्यारे, प्रधान सहायक कुमार दिनेश, लेखापाल विनोद कुमार सिंह सहित सभी शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नोखा प्रखंड मुख्यालय में जनता दरबार, योजनाओं से जुड़ी शिकायतों की लगी झड़ी



निज संवाददाता। रोहतास

◆ **आवास, पेंशन, राशन कार्ड से लेकर मनरेगा तक के मामले पहुंचे, बीडीओ ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश**

जिले के नोखा प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को सरकार के निर्देशानुसार जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण और आम लोग अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। प्रखंड विकास पदाधिकारी शेफाली ने स्वयं उपस्थित रहकर लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान के निर्देश दिए। जनता दरबार में सरकारी योजनाओं से जुड़ी अनेक शिकायतें सामने आईं। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, भूमि विवाद, नल-जल योजना, मनरेगा मजदूरी भुगतान सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याएं प्रमुख रहीं। कई लाभार्थियों ने भुगतान में देरी और सूची में नाम नहीं होने की शिकायतें भी दर्ज कराईं।

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि आम लोगों की समस्याओं के समाधान में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी मामलों का निष्पादन समयबद्ध तरीके से करने का निर्देश दिया गया। कुछ मामलों में मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों में शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। बीडीओ शेफाली ने बताया कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत दिलाना है। सरकार की मंशा है कि लोगों की समस्याओं का समाधान उनके प्रखंड स्तर पर ही हो, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से प्रत्येक शुक्रवार को नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि विभाग परिसर में भी एक अलग जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें कृषि, आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत राज और मनरेगा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दरबार में किसानों ने खाद-बीज की उपलब्धता, फसल क्षति मुआवजा, सिंचाई व्यवस्था, पीएम किसान सम्मान निधि और कृषि योजनाओं से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने सभी शिकायतों को दर्ज कर उनके समयबद्ध निष्पादन का भरोसा दिलाया। जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से आम जनता को काफी राहत मिल रही है और समस्याओं का समाधान पहले की तुलना में तेजी से हो रहा है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बिजली विभाग ने नहीं दिया मीटर कनेक्शन, टोंका फंसा रहे किसान

**गड़हनी**। स्थानीय गड़हनी प्रखंड क्षेत्र के किसान बिजली तार में टोका फंसाकर मोटर चला कर गेहूं का पटवन कर रहे हैं। जो बहुत ही घातक है। बिजली विभाग और ठेकेदार की बहुत बड़ी लापरवाही है। करीब दो माह पहले ही कृषि फीडर में पोल व तार खींच दिया गया है। लेकिन, अभी तक मीटर व कनेक्शन नहीं दिया गया है। बता दें कि दो साल से किसान कृषि कार्य के लिए बिजली कनेक्शन ले लिया था। लेकिन, पोल व तार नहीं खींचा गया था। किसानों ने कई बार बिजली विभाग से शिकायत भी किया था। इस बारे में दैनिक भास्कर में खबर को प्रमुखता से छापा गया। इसके बाद बिजली विभाग ने ऐक्शन लिया और ठेकेदार के द्वारा जल्द पोल व तार खींच दिया गया। पोल तार खींचे करीब दो माह बीत गया। अभी तक किसानों के मोटर के पास मीटर लगाकर कनेक्शन नहीं दिया गया। किसान अंकित सिंह, टिंकू सिंह ने बताया कि जब बिजली विभाग के पास फोन किया जाता है। कोई न कोई बहाना बना दिया जाए है। कभी मीटर नहीं तो कभी मिश्री नहीं है। गेहूं पटवन करने को लेट हो रहा है। जिसके चलते कई किसान टोका फंसाकर कनेक्शन जोड़ कर मोटर चला रहे हैं, जो जानलेवा हो सकता है।

### मठियापुर में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग

**कोईलवर**। गुरुवार को चांदी थाना परिसर में आयोजित पुलिस अधीक्षक के जनता दरबार में जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर पुलिस अधीक्षक श्री राज का ध्यान आकृष्ट कराया। इस दौरान सड़क दुर्घटनाओं, जाम, प्रदूषण और कानून-व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। जनप्रतिनिधियों ने चांदी थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाके के गांव सलेमपुर, मठियापुर, जोगता, जहनपुर, रामपुर और सुंदरा में आपात स्थिति में त्वरित पुलिस कार्रवाई सुनिश्चित करने व सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए मठियापुर में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इन गांवों की दूरी थाना मुख्यालय से अधिक होने के कारण आपात स्थिति में समय पर पुलिस पहुंचने में देर होती है। यदि मठियापुर में पुलिस चौकी स्थापित की जाती है तो इन सभी गांवों में नियमित गश्ती बढ़ेगी और अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। इस सुझाव को सकारात्मक मानते हुए पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष को संभावित स्थल (एक्जिट लोकेशन) चिन्हित कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। जनप्रतिनिधियों ने सकड्डी–नासरीगंज पथ पर सड़क किनारे गिरे बालू से हो रही दुर्घटनाओं की आशंका की ओर भी एसपी का ध्यान आकृष्ट कराया।

### जॉर्ज फर्नांडिस की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**आरा**। सदर अस्पताल परिसर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल (गांधी धाम) में बुधवार को, समाजवादी नेता सह पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री स्व. जॉर्ज फर्नांडिस की पुण्यतिथि की सातवीं वर्षगांठ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन गांव गरीब चेतना मंच ने किया। अध्यक्षता मंच के संयोजक सह जदयू नेता डॉ. राजेंद्र प्रसाद सिंह चंद्रवंशी ने की। इस अवसर पर स्व. जॉर्ज फर्नांडिस के चित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थित लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व एसीएमओ डॉ. केएन सिंहा ने कहा कि जॉर्ज फर्नांडिस सादगी और ईमानदारी के प्रतीक थे तथा वर्ष 1998 से 2004 तक केंद्रीय मंत्री रहते हुए उन्होंने एक कुशल प्रशासक के रूप में अपनी पहचान बनाई। भोला शंकर पाल ने कहा कि जॉर्ज फर्नांडिस का संघर्षशील व्यक्तित्व भारतीय राजनीति में हड़ताल बाबू के नाम से जाना जाता है। निर्मल सिंह सक्रवार ने कहा कि वे मुजफ्फरपुर से 14वीं लोकसभा के सांसद रहे और हमेशा गरीबों व वंचितों के हित में सक्रिय रहे। पूर्व सैनिक मनमोहन सिंह ने रक्षा मंत्री के रूप में जॉर्ज फर्नांडिस के कार्यकाल को सैनिक हितैषी बताते हुए उनके साहसिक निर्णयों की सराहना की। मंच संयोजक डॉ. राजेंद्र प्रसाद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि 1959 की इस्पात हड़ताल, रेल हड़ताल, बड़ौदा डायनामाइट कांड, कोका-कोला विरोध आंदोलन तथा 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही है। उन्होंने संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी, जनता पार्टी, जनता दल, समता पार्टी और जनता दल (यू) के गठन में उनके योगदान को भी याद किया।

### डॉ. केदार नाथ गुप्ता की पुण्यतिथि पर लगाया गया रक्तदान शिविर

**आरा**। डॉ. केदार नाथ गुप्ता की द्वितीय पुण्यतिथि पर आरा रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से, रेड क्रॉस भवन में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में समाजसेवियों और युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष कुमार रोहित ने कहा कि संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष सेवा अभियान के तहत रक्तदान शिविर लगाया जाता है। रेड क्रॉस सोसाइटी की सचिव डॉ विभा कुमारी ने कहा कि अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि देने के लिए रक्तदान से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। आरा रोटी बैंक के सचिव कमलेश तिवारी ने बताया कि अभिभावक तुल्य स्व डॉ केदार नाथ गुप्ता की पुण्यतिथि पर सभी सदस्यों द्वारा रक्तदान कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी दी गई। रक्तदान करने वालों में बलजीत सिंह, अनुराग कुमार, एमडी असरफ, राजेश केशरी, डॉ रवि शंकर तिवारी, राजेश कुमार, प्रियंशु आनंद, रवि सहाय, सरदार रणजीत सिंह, कुमार मोहित सहित कई अन्य सदस्य थें। शिविर के सफल संचालन में डॉ दिनेश प्रसाद सिन्हा, डॉ बीपी सिंह, डॉ शैलेश चंद्रा, महंत सुमन बाबा, मानव सेवा के दीपक अकेला, दिशा एक प्रयास की डॉ. सुनीता सिंह, निकेश पांडेय, विकास गुप्ता, सतीश सिंह, रणजीत कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। एक स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान करने के बाद, पुरुष 3 महीने और महिलाएं 4 महीने में रक्तदान पुनः कर सकते हैं। रक्तदान करने से आयरन संतुलित रहता है।

### पेड़ से दूध निकलने को चमत्कार मान रहे ग्रामीण

**बक्सर**। बक्सर जिले के डुमरी गांव में एक नीम के पेड़ से दूध जैसा सफेद तरल पदार्थ लगातार निकल रहा है। ग्रामीण इसे देवी का चमत्कार मान रहे हैं और इसे प्रसाद के रूप में इकट्ठा कर सेवन कर रहे हैं। मंदिर परिसर में स्थित इस पेड़ पर लाल कपड़े बांधकर पूजा-अर्चना भी शुरू कर दी गई है। इस अनोखी घटना को लेकर गांव में कौतूहल का माहौल है। स्थानीय लोग इसे दुनिया का आठवां अजूबा तक बता रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, यह तरल पदार्थ देखने में बिल्कुल दूध जैसा है। कुछ लोगों ने इसका स्वाद भी चखा है, उनका कहना है कि इसमें दूध जैसी मिठास के साथ नीम की हल्की कड़वाहट भी महसूस होती है। इस घटना के बाद से मंदिर परिसर में दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। महिलाएं विशेष रूप से इसे दैवीय शक्ति का संकेत मान रही हैं। गांव की महिलाओं का मानना है कि महारानी स्वयं प्रकट हुई हैं और यह गांव पर उनकी कृपा का प्रतीक है।

**24 घंटे में 15 लीटर तक गिर रहा दूधिया**: स्थानीय ज्योतिषी शिव विलास पांडेय ने दावा किया है कि यह तरल पिछले कई दिनों से लगातार निकल रहा है। उनके अनुसार, 24 घंटे में लगभग 10 से 15 लीटर तक दूधिया तरल पेड़ से गिर रहा है। बीते 10 दिनों में करीब 160 से 170 लीटर तरल पदार्थ निकल चुका है, जिसे लोग श्रद्धा के साथ संग्रह कर रहे हैं। गांव में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और आस्था का माहौल बना हुआ है। दिन भर इस पेड़ के पास महिलाओं की भीड़ जुट रही है। महिलाएं गिलास और कटोरा लेकर इस तरल पदार्थ का सेवन करने पहुंच रही हैं। वे इस अजूबे के पीछे के वैज्ञानिक सिद्धांतों को मानने को तैयार नहीं हैं। घटना को लेकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी सामने आया है। डुमरांव कृषि कॉलेज से जुड़े कृषि विज्ञानी डॉ विद्यानंद यादव, डॉ साकेत और डॉ प्रकाश गुप्ता बताते हैं कि नीम के पेड़ से निकलने वाला यह दूध जैसा सफेद तरल वास्तव में लेटेक्स या दूधी रस हो सकता है। उनके अनुसार, पेड़ की छाल में चोट लगने, टहनी कटने या छाल भेदक कीटों के हमले से ऐसा रस निकलना सामान्य जैविक प्रक्रिया है। यह पेड़ का प्राकृतिक रक्षा तंत्र होता है, जिससे वह खुद को रोग और कीटों से बचाता है।

# इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में जूता-मोजा बैन

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 2026 का आयोजन 2 फरवरी से 13 फरवरी तक दो पालियों में किया जाएगा। जिला प्रशासन ने कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर जूता-मोजा पहनकर आने की अनुमति नहीं होगी। उन्हें परीक्षा शुरू होने से कम से कम 30 मिनट पहले केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य है। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे शुरू होगी, जिसके लिए गेट सुबह 9:00 बजे बंद कर दिए जाएंगे। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:00 बजे शुरू होगी और इसके लिए गेट 1:30 बजे बंद रहेंगे। निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

**प्रवेश पत्र और फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य**: परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए प्रवेश पत्र और फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य है। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस सहित सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की दो स्तर पर तलाशी ली जाएगी। नकल करते पकड़े जाने, जबरन प्रवेश करने या किसी भी नियम का उल्लंघन करने पर परीक्षार्थी को परीक्षा से निष्कासित कर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। जिले भर में कुल 32 परीक्षा केंद्रों पर 24,302 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। जिला प्रशासन, पुलिस बल और जोनल टीमें परीक्षा के दौरान लगातार निगरानी रखेंगी। किसी भी समस्या या सहायता के लिए परीक्षार्थी बक्सर स्थित जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकते हैं।

**शिक्षकों और कर्मियों को परीक्षा से पहले मिलेंगे परिचय-पत्र**: परीक्षा शुरू होने से पहले प्रत्येक केंद्र के बाहर यह सूचना लगाई जाएगी कि कोई भी छात्र नकल करने वाले उपकरणों के साथ भीतर प्रवेश न करे। केन्द्राधीक्षक परीक्षा केंद्र पर तैनात सभी शिक्षकों और कर्मियों को परीक्षा से पहले परिचय-पत्र जारी करेंगे। उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे परीक्षा अवधि के दौरान अपना परिचय-पत्र साथ रखें और निरीक्षण के दौरान प्रस्तुत करें। परिचय-पत्र के बिना पाए जाने वाले किसी भी शिक्षक या कर्मी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**प्रवेश के समय गेट पर अनिवार्य रूप से तलाशी की व्यवस्था होगी**: परीक्षार्थियों की तलाशी दो स्तरों पर की जाएगी। केंद्र में प्रवेश के समय गेट पर अनिवार्य रूप से तलाशी की व्यवस्था होगी, जिसमें प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस बल सहयोग करेंगे। महिला परीक्षार्थियों के केंद्रों पर महिला केन्द्राधीक्षक और महिला वीक्षक ही तैनात रहेंगी, जबकि पुरुष वीक्षक सुरक्षित दूरी पर रहेंगे। दूसरे स्तर पर परीक्षा कक्ष में बैठने के उपरांत एक-एक परीक्षार्थी की तलाशी (Frisking) वीक्षक द्वारा की जायेगी।

## दो कट्ठा जमीन को लेकर झगड़ा, मारपीट में 4 जख्मी

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के धनगाई थाना क्षेत्र के बोधा टोला गांव में जमीन के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान एक पक्ष की ओर से धारदार हथियार से वार कर दिया गया। जिसमें दंपति समेत चार लोग जख्मी हो गए। सभी लोगो का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। जख्मियों में धनगाई थाना क्षेत्र के बोधा टोला गांव निवासी 37 साल का नंदू चौधरी, 34 साल की पत्नी फूलकुमारी, 35 साल का छोटा भाई पिंटू चौधरी और साल की 30 भावह लक्ष्मीना देवी शामिल है।

**दो कट्ठा जमीन को लेकर चल रहा विवाद**: नंदू चौधरी ने बताया कि दोनों भाइयों का बड़े भाई द्वारका चौधरी से दो कट्ठा जमीन को लेकर कुछ दिनों से विवाद चल रहा है। बड़े भाई द्वारिका चौधरी की ओर से पहले ही अपने हिस्से में आधा कट्ठा जमीन अधिक ले लिया गया है। इसके अलावा जब यह दोनों भाई अपने जमीन पर कुछ भी करने जाते हैं, तो वो मना कर देते है। गुरुवार को जब वह और उसकी पत्नी फूलकुमारी खेत में सब्जी तोड़ने के लिए गई थी। तभी उसके बड़े भाई द्वारिका चौधरी अपने अन्य लोगों के साथ आए और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान उनकी ओर से छोटे भाई पिंटू चौधरी को धारदार हथियार से मारकर जख्मी कर दिया। दूसरी तरफ जख्मी नंदू चौधरी ने अपने बड़े भाई द्वारिका चौधरी पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस घटना के बाद पीड़ित परिवारों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## पैसेंजर ट्रेन के इंजन से शराब बरामद

निज संवाददाता। बक्सर



DDU-पटना पैसेंजर ट्रेन के इंजन से भारी मात्रा में शराब बरामद की गई है। इस घटना ने एक बार फिर रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह वही ट्रेन है जिसके इंजन से पहले भी शराब की खेप पकड़ी जा चुकी है, जो एक संगठित तस्करी नेटवर्क की ओर इशारा करता है। रेलवे सुरक्षा बल (RPF) द्वारा इंजन की गहन तलाशी के दौरान, शराब की बोतलें और टेट्रा पैक इंजन की छत और अन्य हिस्सों में चालाकी से छिपाकर रखे गए थे। बरामद खेप में विभिन्न ब्रांडों की कुल 60.585 लीटर शराब शामिल है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 43,100 रुपए बताई जा रही है।

**AC बोगी से भी शराब बरामद की गई थी**: यह पहली घटना नहीं है। बीते दिनों डाउन ब्रह्मपुत्र मेल की AC बोगी से भी शराब बरामद की गई थी। इसके अलावा, इसी डीडीयू-पटना पैसेंजर ट्रेन के इंजन से पहले भी शराब पकड़ी जा चुकी है। बार-बार एक ही ट्रेन के संवेदनशील हिस्से से शराब मिलना जांच एजेंसियों के लिए चिंता का विषय बन गया है।

**किसी भी रेलकर्मी की भूमिका की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई**: लगातार इंजन और एसी बोगी जैसे सुरक्षित माने जाने वाले हिस्सों से शराब की बरामदगी से रेलकर्मियों की संभावित संलिप्तता को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अंदरूनी सहयोग के बिना इस तरह की तस्करी संभव नहीं है। हालांकि, अभी तक किसी भी रेलकर्मी की भूमिका की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**आने वाले दिनों में ट्रेनों की सघन जांच और तेज की जाएगी**: RPF और GRP ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू से जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा एजेंसियों ने बताया है कि आने वाले दिनों में ट्रेनों की सघन जांच और तेज की जाएगी ताकि इस तरह की गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष टीमों का गठन भी किया जा रहा है, ताकि इस संगठित शराब तस्करी नेटवर्क पर पूरी तरह से लगाम लगाई जा सके।

## किडनैप कर किशोरी से 6 दिनों तक रेप

निज संवाददाता। आरा



♦ घर से टॉयलेट के लिए निकली थी, हथियार के बल पर युवक ने बनाया बंधक

भोजपुर के धनगाई में हथियार के बल पर एक किशोरी को अगवा किया गया। फिर उसके साथ छह दिनों तक रेप किया गया है। टॉयलेट करने गयी किशोरी को अगवा करने के बाद एक घर में बंधक बनाकर दुष्कर्म का आरोप है। आरोप उसी गांव के मिथुन चौधरी नाम के एक युवक पर लगाया गया है। लड़की का कहना है कि आरोपी का साथ उसके पिता ने भी दिया है। आरोप है कि वह अपने बेटे की पहरेदारी करता था और घर में ताला लगा कर रखता था। 25 जनवरी को किशोरी किसी तरह उसकी चंगुल से भाग कर अपने घर पहुंची।

**आरोपित पिता-बेटा फरार**: लड़की के घर पहुंचने के बाद मामले का खुलासा हो सका। घटना के बाद से ही आरोपित पिता-बेटा फरार चल रहे हैं। इधर, किशोरी की तहरीर पर मिथुन चौधरी और उसके पिता मनजी चौधरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। पुलिस किशोरी की मेडिकल जांच और कोर्ट में बयान दर्ज कराने के बाद कार्रवाई में जुटी है। आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी भी की जा रही है। प्राथमिकी में किशोरी की ओर से कहा गया है कि 19 जनवरी की देर शाम वो टॉयलेट करने खेत की ओर गयी थी। लौटने के दौरान मिथुन चौधरी ने कट्टा के बल पर पकड़ लिया और मुंह बांध कर अपने घर ले गया। वहां उसके साथ रोज दुष्कर्म करता रहा। थानाध्यक्ष विश्वजीत कुमार ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। कोर्ट में बयान दर्ज कराये जाने के साथ आगे की कार्रवाई की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही दुष्कर्म के बारे में कुछ कहा जा सकता है। इस मामले में सख्त कार्रवाई की जायेगी।

**पूर्व विधायक ने आंदोलन की दी चेतावनी**: इधर, जगदीशपुर के पूर्व विधायक भाई दिनेश ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए है पुलिस से आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वे 30 जनवरी को पीड़ित परिवार से मिलेंगे और दोषियों की गिरफ्तारी को लेकर आंदोलन करेंगे।

## डीएम साहिला धावकों संग मिनी मैराथन में दौड़ीं

निज संवाददाता। बक्सर



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत बक्सर जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में, जिला परिवहन कार्यालय, बक्सर द्वारा एक मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। यह मैराथन जिले के ऐतिहासिक किला मैदान से शुरू होकर इटिहा स्थित DRCC भवन पर समाप्त हुई। इस जागरूकता मैराथन में बक्सर की जिलाधिकारी साहिला ने जिला प्रशासन की पूरी टीम, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों और बड़ी संख्या में धावकों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिलाधिकारी साहिला ने किला मैदान में हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया।

**यातायात नियमों का पालन करने का दिया संदेश**: धावकों का जत्था किला मैदान से विश्वामित्र मार्ग, चरित्रवन मोड़ और आईटीआई हनुमान मंदिर के रास्ते DRCC भवन पहुंचा। पूरे मार्ग में सड़क सुरक्षा से जुड़े स्लोगन, पोस्टर और नारों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। इस मिनी मैराथन का मुख्य उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन और पैदल चलते समय भी यातायात नियमों का ध्यान रखने पर जोर दिया गया। यह संदेश दिया गया कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा से जुड़ा विषय है।

**लोगों को जागरूक करने का किया जा रहा प्रयास**: मैराथन के समापन पर जिलाधिकारी साहिला ने कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत ऐसे आयोजनों से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मिनी मैराथन में जिला प्रशासन के सभी पदाधिकारियों और जिले के धावकों ने भाग लेकर एक सकारात्मक संदेश दिया है। डीएम ने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन का संदेश "सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा" है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे यातायात के सभी नियमों का पालन करें और अपने परिवार एवं समाज को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। जिलाधिकारी साहिला ने आशा व्यक्त की कि यदि सभी लोग मिलकर नियमों का पालन करेंगे तो सड़क दुर्घटनाओं में निश्चित रूप से कमी आएगी और बक्सर जिला सड़क सुरक्षा के मामले में एक आदर्श जिला बनेगा।

## स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान




निज संवाददाता। आरा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज भोजपुर में स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कुष्ठ रोग के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना और इससे जुड़े मिथकों को दूर करना था, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका प्रभाव सीमित नजर आया। अभियान मुख्यतः औपचारिकता तक सिमटा रहा और आम लोगों की सहभागिता न के बराबर रही।


**कुष्ठ विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित**: कार्यक्रम में भोजपुर के सिविल सर्जन डॉ. शिवेंद्र कुमार सिन्हा सहित कुष्ठ विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान विभाग की ओर से कुछ कर्मचारियों को उनके काम के लिए प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। हालांकि, जागरूकता अभियान के नाम पर न तो व्यापक जनसंवाद हुआ और न ही आम लोगों को कुष्ठ रोग से बचाव, पहचान और उपचार संबंधी जरूरी जानकारी प्रभावी ढंग से दी जा सकी। कुष्ठ विभाग के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. डी.के. राय ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया है। अभियान पूरी दुनिया में उन सभी स्थानों पर मनाया जा रहा है, जहां-जहां महात्मा गांधी का जीवन और विचार जुड़े रहे हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जन-जागरूकता के माध्यम से लोगों को कुष्ठ रोग के प्रति सही जानकारी देना और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना है। डॉ. राय ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति यदि एक बार दवा लेना शुरू कर देता है, तो उससे सामान्य रूप से बातचीत की जा सकती है और उसे समाज से अलग करने या भेदभाव करने की कोई आवश्यकता नहीं है। सही समय पर इलाज होने पर न तो विकलांगता होती है और न ही बीमारी आगे बढ़ती है। उन्होंने बताया कि समय पर उपचार से बच्चों में कुष्ठ रोग की संभावना भी रोकी जा सकती है, जो समाज के लिए सबसे बड़ा सकारात्मक परिणाम होगा।

**जनसंपर्क अभियानों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा**: जागरूकता की कमी को लेकर उठे सवाल पर डॉ. राय ने कहा कि विभाग लगातार घर-घर, मोहल्लों, स्कूलों और गांव के टोले तक पहुंचकर ग्राम सभाओं, नुक्कड़ नाटकों और जनसंपर्क अभियानों के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहा है। अभियान पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है और आज इसे एक शुरुआत के तौर पर देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ेंगे और इसका प्रभाव भी व्यापक रूप से देखा जाएगा। स्थानीय अरविंद सिंह ने कहा कि ऐसे अभियानों का असली मकसद तभी पूरा होगा, जब कार्यक्रमों को अस्पताल परिसरों से बाहर निकालकर गांव-गांव और मोहल्लों तक पहुंचाया जाए। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार कुष्ठ रोग पूरी तरह इलाज योग्य है, बशर्ते समय पर इसकी पहचान और उपचार हो। बावजूद इसके, जागरूकता की कमी के कारण आज भी मरीज सामाजिक उपेक्षा और भेदभाव का सामना कर रहे हैं। ऐसे में स्पर्श जैसे अभियानों को केवल विभागीय आयोजन न बनाकर जनआंदोलन के रूप में संचालित करने की जरूरत महसूस की जा रही है।

## धान चोरी के शक में झड़प

♦ दंपती समेत तीन की पिटाई, शरीर के अलग-अलग हिस्से में लगी चोट

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में धान चोरी के शक से विवाद हुआ। मामूली कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई, जिसमें एक दंपति समेत तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मामला चौरी थाना क्षेत्र के धनछुहां गांव का है। जख्मियों को परिजनों और ग्रामीणों की मदद से आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज कराया गया। पीड़ित पक्ष ने गांव के ही चार लोगों पर सामूहिक रूप से हमला करने का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

**शरीर के अलग-अलग हिस्सों में चोट लगी**: जख्मी हुए लोगों की पहचान धनछुहां गांव निवासी 55 साल के गणेश रजक, उनकी 50 साल की पत्नी इंदू देवी और 17 साल का बेटा विकास रजक के रूप में हुई है। सभी को शरीर के अलग-अलग हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान पीड़ितों की हालत स्थिर बताई जा रही है। जख्मी गणेश रजक ने बताया कि चार-पांच दिन पहले उनके खलिहान से तीन बोझा धान चोरी हो गया था। चोरी की आशंका को लेकर वह लगातार सतर्क थे। जब वह खलिहान की ओर गए, तभी कुछ लोग वहां पहुंचे और उनके चेहरे पर टॉर्च की रोशनी डालने लगे। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि कहासुनी के बाद लोगों ने अचानक लाठी-डंडे से उन पर हमला कर दिया।

**पत्नी और बेटी को भी बदमाशों ने पीटा**: गणेश रजक की चीख-पुकार सुनकर उनकी पत्नी इंदू देवी और बेटा विकास रजक बीच-बचाव करने पहुंचे, लेकिन हमलावरों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और दोनों की भी जमकर पिटाई कर दी। मारपीट में तीनों जमीन पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर चौरी थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। पीड़ित पक्ष के बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गांव में फिलहाल तनाव की स्थिति बनी हुई है, हालांकि पुलिस की मौजूदगी से हालात नियंत्रण में बताए जा रहे हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### हत्या के प्रयास मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार, कोर्ट ने भेजा न्यायिक हिरासत में

**नौबतपुर,पटना।** पटना जिले के नौबतपुर थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के एक मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लंबे समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भवानीचक गांव निवासी छोटू कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार यह घटना 21 नवंबर 2025 की है। उस दिन भवानीचक गांव में आपसी विवाद के दौरान छोटू कुमार और उसके परिवार के सदस्यों ने योगेंद्र यादव के साथ जमकर मारपीट की थी। हमले में योगेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद घायल योगेंद्र यादव ने नौबतपुर थाना में लिखित आवेदन देकर छोटू कुमार और उसके परिजनों पर जानलेवा हमले का आरोप लगाया था। आवेदन के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। हालांकि घटना के बाद से ही मुख्य आरोपी छोटू कुमार फरार चल रहा था।

नौबतपुर थाना प्रभारी संजीत कुमार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने भवानीचक गांव में छापेमारी कर आरोपी छोटू कुमार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की भी पहचान की जा चुकी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

### वाहन जांच में पुलिस को बड़ी सफलता, चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**मसौढ़ी।** पुनपुन थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि गुरुवार की शाम पटना–डोभी एनएच-22 पर पुनपुन के समीप गश्ती के दौरान वाहन जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस को देखते ही बाइक मोड़कर भागने की कोशिश करने लगा। बाइक पर नंबर प्लेट स्पष्ट नहीं थी, जिससे पुलिस को संदेह हुआ। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को खदेड़कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सनोज कुमार बताया, जो पिपरा थाना क्षेत्र का निवासी है। आरोपी भागने का कोई संतोषजनक कारण नहीं बता सका और न ही बाइक से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत कर पाया। बाइक के चेसिस नंबर के आधार पर की गई जांच में वाहन चोरी का पाया गया। जांच में सामने आया कि यह बाइक करीब तीन वर्ष पूर्व जहानाबाद थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी, जिस संबंध में वर्ष 2023 में प्राथमिकी दर्ज है थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई और उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि चोरी और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए वाहन जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### आरपीएस रेसिडेंशियल स्कूल में आरबीआई ने किया साइबर जागरूकता सेमिनार



**पटना।** स्थानीय आरपीएस रेसिडेंशियल स्कूल में शुक्रवार को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के तत्वावधान में एक विशेष जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आरबीआई की आगंतुक टीम ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को बैंकिंग प्रणाली की कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए साइबर अपराध से बचाव के महत्वपूर्ण उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। सेमिनार के दौरान टीम के सदस्यों ने बताया कि तेजी से बढ़ते डिजिटल लेन-देन के दौर में सावधानी और जागरूकता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। छात्रों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी साझा करने के खतरों और साइबर फ्रॉड के नए तरीकों के बारे में सरल और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया। कार्यक्रम को रोचक और सहभागितापूर्ण बनाने के लिए बीच-बीच में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सही उत्तर देने वाले छात्र-छात्राओं को टॉफी देकर प्रोत्साहित किया गया। इससे विद्यार्थियों में विषय के प्रति उत्साह और समझ दोनों बढ़ी। आरबीआई की टीम में शामिल अमन चौधरी, पंकज प्रसाद, गार्गी सिकदार और संजय कुमार ने पीपीटी प्रस्तुति, स्मार्ट बोर्ड और आधुनिक तकनीकी संसाधनों के माध्यम से जानकारी को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्राचार्य दिलीप और उप-प्राचार्या उषा सिन्हा ने सेमिनार की सराहना करते हुए आरबीआई की टीम का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ साइबर सुरक्षा के प्रति भी सजग करते हैं, जो आज के समय की बड़ी आवश्यकता है।

♦ **साइबर अपराध से बचाव के महत्वपूर्ण उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई**

# दो इंच जमीन के विवाद में डबल मर्डर, भतीजे की फायरिंग से चाची और पड़ोसी की मौत

निज संवाददाता। पटना





राजधानी पटना में महज दो इंच जमीन के विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया, जब आपसी रंजिश में हुई फायरिंग में दो लोगों की मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह सनसनीखेज घटना फतुहा थाना क्षेत्र के रसलपुर गांव की है, जहां चचेरे भाइयों के बीच चल रहे लंबे समय से चले आ रहे जमीन विवाद के दौरान भतीजे ने अंधाधुंध गोलियां चला दीं। फायरिंग में 50 वर्षीय राजमंत्री देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बीच-बचाव करने आए पड़ोसी देवसागर सिंह (55) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार रसलपुर गांव निवासी राजकुमार प्रसाद और श्रवण प्रसाद के बीच महज दो इंच जमीन को लेकर वर्षों से विवाद चला आ रहा था। शुक्रवार की सुबह दोनों पक्ष उसी विवादित जमीन पर मौजूद थे, जहां श्रवण प्रसाद द्वारा पिलर निर्माण का कार्य कराया जा रहा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, हालांकि परिजनों का दावा है कि मामला पहले ही सुलझ चुका था और उस समय बातचीत सामान्य थी।

मृतका राजमंत्री देवी के बेटे जितेंद्र कुमार के अनुसार, बातचीत के दौरान अचानक राजकुमार प्रसाद का बेटा शिवम देसी कट्टा लेकर मौके पर पहुंचा और बिना किसी चेतावनी के फायरिंग शुरू कर दी। पहली गोली सीधे राजमंत्री देवी के सिर में लगी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी ने दूसरी गोली अपने चचेरे भाई राजन प्रसाद को मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तीसरी गोली बीच-बचाव करने आए पड़ोसी देवसागर सिंह को लगी। देवसागर के सिर में गोली फंस गई थी, जिन्हें गंभीर हालत में पीएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं 25 वर्षीय राजन प्रसाद की हालत नाजुक बनी हुई है और उनका इलाज पीएमसीएच में जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार और थाना अध्यक्ष सदानंद साह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त के घर की तलाशी ली, जहां से दो देसी कट्टे, एक तलवार और एक बाइक बरामद की गई। ग्रामीण एसपी भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की गंभीरता को देखते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए फतुहा थाना के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (एसआईटी) के गठन की जानकारी दी। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है।

## अपराध नियंत्रण को लेकर सख्त हुई पुलिस, मसौढ़ी थाना गेट पर चला सघन वाहन चेकिंग अभियान



निज संवाददाता। मसौढ़ी

अपराध पर अंकुश लगाने और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से मसौढ़ी थाना पुलिस ने शुक्रवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया। यह अभियान थाना प्रभारी विवेक भारती के नेतृत्व में थाना परिसर के मुख्य द्वार पर चलाया गया। अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उनके कागजातों की भी जांच की गई। पुलिस ने हेलमेट, वाहन कागजात और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर आवश्यक कार्रवाई की तथा वाहन चालकों को नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी।

थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि आम नागरिकों की सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

पुलिस प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नियमों का पालन कर ही सुरक्षित और अपराधमुक्त वातावरण बनाया जा सकता है। इस दौरान अपर थानाध्यक्ष कृष्णा सिंह सहित थाना के अन्य पुलिसकर्मी भी मौके पर मौजूद रहे।

## नृशंस हत्या के खिलाफ उबाल: भाकपा माले के नेतृत्व में देवरिया पुल पर तीन घंटे तक सड़क जाम

### एससी-एसटी एक्ट, तत्काल गिरफ्तारी और 10 लाख मुआवजे की मांग, प्रशासन को झुकना पड़ा

निज संवाददाता। मसौढ़ी, पटना



भगवानगंज थाना क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी जलाल रविदास के 18 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार की नृशंस और बर्बरतापूर्ण हत्या के विरोध में गुरुवार को मसौढ़ी–पालीगंज मुख्य मार्ग पर जबरदस्त जनाक्रोश देखने को मिला। भाकपा माले के नेतृत्व में देवरिया पुल के उस पार करीब तीन घंटे तक सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। प्रदर्शनकारियों ने हत्यारों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने, सभी आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी और मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि बीते गुरुवार की रात देवरिया गांव से चार लोगों ने रौशन कुमार को बुलाया और नदी के उस पार दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र में ले जाकर पहले उसे खिलाया-पिलाया, फिर गले में गमछा डालकर बेहद नृशंस तरीके से उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद शव को ठिकाने लगाने की कोशिश की गई, जिससे इलाके में आक्रोश और गहरा गया।

सड़क जाम की सूचना पर पालीगंज डीएसपी के साथ मसौढ़ी, भगवानगंज और दुल्हिन बाजार थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेजा गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया पति ओम प्रकाश उर्फ लालू मुखिया ने पीड़ित परिवार को तत्काल 20,000 की सहायता दी। वहीं कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत अंतिम संस्कार के लिए सहायता प्रदान की गई। प्रशासन की ओर से पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने के बाद 8 लाख मुआवजा राशि दिलाने का आश्वासन भी दिया गया। सड़क जाम के दौरान नेताओं ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में अपराधी बेलगाम हो चुके हैं और आम आदमी सुरक्षित नहीं है।

भाजपा-जदयू की नई सरकार बनने के बाद अपराधियों के हौसले और बुलंद हुए हैं। नेताओं ने आरोप लगाया कि गृह मंत्री सम्राट चौधरी की अगुवाई में अपराधियों को संरक्षण मिल रहा है, इसी वजह से अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। भाकपा माले नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सभी अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी नहीं हुई तो पार्टी राज्यव्यापी आंदोलन तेज करेगी।

प्रशासन द्वारा मांगों पर कार्रवाई का भरोसा दिए जाने के बाद तीन घंटे बाद सड़क जाम समाप्त किया गया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व भाकपा माले के मसौढ़ी प्रखंड सचिव राकेश कुमार, जिला कमेटी सदस्य नागेश्वर पासवान, कपिल पासवान, राम भगवान राम, अमरनाथ प्रसाद सहित अन्य नेताओं ने किया। प्रदर्शन में सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल रहे।

## 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत कांग्रेस का प्रदर्शन, पुनपुन प्रखंड कार्यालय पर दिया धरना

### योजना के नाम से छेड़छाड़ के विरोध में नारेबाजी, मांगों का ज्ञापन सौंपा

निज संवाददाता। मसौढ़ी



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के नाम में बदलाव और उसमें किए जा रहे कथित संशोधनों के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत पुनपुन प्रखंड कार्यालय के बाहर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ता पुनपुन प्रखंड के मनोरा के समीप एकत्रित हुए, जहां से विरोध मार्च निकालते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे और धरने पर बैठ गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं और नेताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मनरेगा के नाम से छेड़छाड़ का विरोध दर्ज कराया। धरना को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष श्याम बाबू सिंह ने कहा कि मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि देश के करोड़ों गरीब, मजदूर और श्रमिक परिवारों के लिए रोजगार और सम्मान की गारंटी है। उन्होंने कहा कि यह योजना महात्मा गांधी के नाम और विचारों से जुड़ी है, जिन्होंने श्रम की गरिमा, सत्य और अहिंसा का संदेश दिया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मनरेगा के नाम को बदलने का प्रयास केवल प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि महात्मा गांधी के विचारों और उनके योगदान का अपमान है। उन्होंने दो टूक कहा कि योजना के नाम और उसके मूल उद्देश्य से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ को पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रखंड कार्यालय को सौंपा। धरना-प्रदर्शन में शिव चंद्र सिंह, बिजेंद्र रविदास, बबीता देवी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवा ही हैं विकसित भारत की नींव और कौशल विकास से ही विकसित भारत का सपना होगा साकार - जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस

### जिलाधिकारी द्वारा लाभार्थीयों के बीच वितरण किया गया आयुष्मान कार्ड

निज संवाददाता। अरवल/पटना






सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), पटना द्वारा पायस मिशन स्कूल परिसर, अरवल में 'विकसित भारत @ 2047' विषय पर आयोजित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान का समापन समारोह मुख्य अतिथि जिला पदाधिकारी, अरवल, अमृषा बैंस की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस ने युवाओं को राष्ट्र का भविष्य बताते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने कौशलों का विकास करने, शिक्षा के साथ अनुशासन और नवाचार को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बचपन में रखी गई मजबूत नींव ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनती है। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी प्रकाश कुमार सिंह ने कहा कि यह जागरूकता अभियान केवल सूचनाओं के प्रसार तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता, सहभागिता और उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सही, सरल और सुलभ जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत @ 2047' विज़न का उल्लेख करते हुए कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने नागरिकों से सरकारी योजनाओं को अपनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला सिविल सर्जन डॉ. आर. के. नाथ सहाय ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त और विकसित भारत की आधारशिला होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वच्छता, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम एवं मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक समाज ही राष्ट्र की प्रगति को गति प्रदान कर सकता है।

विद्यालय की प्राचार्या सोनम मिश्रा ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से उच्च शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्रों में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से ही बिहार को शैक्षणिक दृष्टि से देश के अग्रणी राज्यों की पंक्ति में स्थापित किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने गीत, नृत्य, स्वागत गीत, रंगोली एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से 'विकसित भारत' की संकल्पना को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। कक्षा 6 की छात्रा अनुपमा रंजन द्वारा प्रस्तुत एकल गीत विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम स्थल पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही चित्रकला एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया। बाल वाटिका के एलकेजी एवं यूकेजी के नन्हे-मुन्ने बच्चों को भी खेलकूद एवं ड्राइंग प्रतियोगिताओं में सहभागिता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया, जिससे उनमें आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिला। इस अवसर पर विभाग के हर्ष सिन्हा, राकेश कुमार, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन विद्यालय की छात्रा अदिति कुमारी एवं छात्र आदित्य प्रताप सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अमरेन्द्र मोहन द्वारा किया गया।

# पूर्व मध्य रेल में पहली बार 'कवच' तकनीक के साथ मानपुर–सरमाटांड रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन शुरू

निज संवाददाता। हाजीपुर







पूर्व मध्य रेल ने यात्री संरक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए पहली बार 'कवच' तकनीक के साथ मानपुर–सरमाटांड रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ कर दिया है। रेलवे प्रशासन द्वारा शुक्रवार को डीडीयू–प्रधानखांटा रेलखंड के अंतर्गत 93.3 किलोमीटर लंबे मानपुर–सरमाटांड सेक्शन में कवच प्रणाली को सफलतापूर्वक चालू किया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार,महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह के नेतृत्व एवं दिशा-निर्देश में इस अत्याधुनिक टक्कर रोधी तकनीक को लागू किया गया है। इसके साथ ही इस रेलखंड पर अब कवच से लैस ट्रेनों का नियमित परिचालन संभव हो सकेगा, जिससे सुरक्षा मानकों में उल्लेखनीय सुधार होगा। इसी क्रम में शुक्रवार को पहली बार ट्रेन संख्या 13305 सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ने कवच प्रणाली के साथ सफलतापूर्वक परिचालन किया। यह ट्रेन सुबह 07:42 बजे सरमाटांड स्टेशन से रवाना होकर 09:35 बजे मानपुर स्टेशन पहुंची। ट्रायल के दौरान हेड-ऑन कोलिजन टेस्ट भी किया गया, जिसमें सुरक्षा प्रणाली सक्रिय होते ही ट्रेन 4259 मीटर की दूरी पर स्वतः रुक गई। पूर्व मध्य रेल के अनुसार, कुल 4238 रूट किलोमीटर पर कवच प्रणाली लगाए जाने की योजना है। इसमें लगभग 417 रूट किलोमीटर लंबा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन–मानपुर–प्रधानखांटा रेलखंड दिल्ली–हावड़ा रेलमार्ग का अत्यंत व्यस्त और महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह रेलखंड उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड से होकर गुजरता है। इस सेक्शन में 8 जंक्शन स्टेशनों सहित कुल 77 स्टेशन, 79 लेवल क्रॉसिंग गेट और 7 इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नल हैं। यहां मालगाड़ी, मेल-एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों सहित मिश्रित यातायात का संचालन होता है। वर्तमान में इस रेलखंड पर 130 किलोमीटर प्रति घंटा की गति स्वीकृत है, जबकि मिशन रफ्तार के तहत इसे बढ़ाकर 160 किलोमीटर प्रति घंटा करने का कार्य प्रगति पर है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि 'कवच' एक स्वदेशी टक्कर रोधी सुरक्षा तकनीक है, जो माइक्रोप्रोसेसर, जीपीएस और रेडियो संचार प्रणाली के माध्यम से कार्य करती है। यह तकनीक एक ही ट्रैक पर चल रही ट्रेनों के बीच निर्धारित दूरी के भीतर खतरे की पहचान कर लोको पायलट को निरंतर सचेत करती है और आवश्यकता पड़ने पर स्वतः ब्रेक लगा देती है। कवच प्रणाली मौजूदा सिग्नलिंग सिस्टम के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखती है और परिचालन से जुड़े अधिकृत अधिकारियों को वास्तविक समय में सूचनाएं उपलब्ध कराती है। यह प्रणाली आमने-सामने की टक्कर, साइड टक्कर और पीछे से होने वाली टक्कर को रोकने में सक्षम है। साथ ही रोल बैक, रिवर्स मूवमेंट और समपार फाटकों की जानकारी भी स्वचालित रूप से प्रदान करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरना विद्यालय में आगजनी, पहली कक्षा का कमरा जलकर खाक



**पूर्वी सिंहभूम।** सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के बागुनहातु स्थित उत्क्रमित मध्य सरना विद्यालय में गुरुवार देर रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने आग दी। इससे स्कूल की पहली कक्षा जलकर खाक हो गया। कमरे में रखी सभी किताबें, कॉपियां, शिक्षण सामग्री और डेस्क-बेंच जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी, इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि देर रात को पड़ोस में रहने वाले कंचन दत्ता का उन्हें फोन आया था, लेकिन किसी कारणवश वे कॉल रिसीव नहीं कर सके। सुबह लगभग छह बजे जब उन्होंने वापस फोन किया तो कंचन दत्ता ने बताया कि स्कूल में आग लग गई थी और मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी कमरे की चाबी मांग रहे थे ताकि आग को पूरी तरह बुझाया जा सके। सूचना मिलते ही प्रधानाध्यापक स्कूल पहुंचे तो देखा कि कक्षा एक का पूरा कमरे में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया है। बच्चों के लिए रखी नई किताबें, टीचिंग मैटेरियल, रजिस्टर, ब्लैकबोर्ड के आसपास का हिस्सा और सभी डेस्क-बेंच पूरी तरह नष्ट हो गए। आग इतनी भीषण थी कि कमरे की खिड़कियों के लोहे तक गर्म होकर टेढ़े हो गए हैं। प्राथमिक जांच में आगजनी की आशंका जताई जा रही है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि इस विद्यालय में पहले भी कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। चोर स्कूल से पंखे और अन्य सामान चुरा ले गए थे। शाम ढलते ही कुछ युवक विद्यालय परिसर में बैठकर अड्डेबाजी करते हैं, जिससे असामाजिक गतिविधियों की आशंका बनी रहती है। स्कूल में चारदीवारी नहीं होने के कारण कोई भी व्यक्ति आसानी से परिसर में प्रवेश कर जाता है।

### हर हाल में करें यातायात नियमों का पालन : उपायुक्त



**खूंटी।** सड़क सुरक्षा माह 2026 के अवसर पर शुक्रवार को जिला परिवहन विभाग के तत्वावधान रन फॉर रोड सेफ्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपायुक्त आर रॉनिटा और पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सिग्नेचर कैंपेन से की गई, जिसमें उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डीएसपी मुख्यालय, जिला परिवहन पदाधिकारी, एमवीआई सहित अन्य पदाधिकारियों, पुलिसकर्मियों, मीडियाकर्मियों सहित अन्य ने हस्ताक्षर कर यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। इसके बाद उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों, स्कूली छात्र-छात्राओं और अन्य प्रतिभागियों को यातायात नियमों के अनुपालन की शपथ दिलाई गई। रन फॉर रोड सेफ्टी कार्यक्रम के अंतर्गत उपायुक्त ने पदाधिकारियों, कर्मियों और स्कूली छात्र-छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी प्रतिभागियों ने समाहरणालय परिसर से भगत सिंह चौक (नीचे चौक) तक दौड़ लगाकर आमजनों से यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील की। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी नागरिक यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं और शराब पीकर वाहन न चलाएं तथा सड़क पर किसी घायल व्यक्ति को देखकर उसकी सहायता के लिए आगे आएं। इसके अतिरिक्त उपायुक्त की ओर से मीडिया कर्मियों के बीच हेलमेट का वितरण किया गया और मीडिया के माध्यम से आमजनों से यातायात नियमों के पालन की अपील की गई। कार्यक्रम में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, परिवहन विभाग के पदाधिकारी, कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में आम लोग उपस्थित थे।

### बाबा ग्रुप पर आयकर विभाग की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी, नकदी और शराब की बोतलें बरामद

**रांची।** आयकर विभाग की अनुसंधान शाखा (रांची) द्वारा बाबा ग्रुप से जुड़े व्यापारियों के ठिकानों पर की जा रही छापेमारी शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रही। इस दौरान विभाग की टीम को नकदी, कच्चे व्यापार से जुड़े अहम दस्तावेजों के साथ-साथ शराब की बोतलें भी बरामद हुई हैं, जिससे मामला और गंभीर हो गया है। आयकर विभाग के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बिहार के गयाजी स्थित एक चावल आढ़तिया (कमीशन एजेंट) के ठिकानों से कीमती शराब की बोतलें जब्त की गई हैं। बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है, इसके बावजूद व्यापारियों के परिसरों से शराब की बरामदगी ने आयकर अधिकारियों को भी हैरानी में डाल दिया है। आयकर विभाग की अनुसंधान शाखा ने 29 जनवरी को बाबा एग्रो, बाबा फूड प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड और चावल के आढ़तियों से जुड़े कुल 45 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की थी, जो शुक्रवार को भी जारी रही। दूसरे दिन की कार्रवाई में चावल व्यापारियों के कई ठिकानों से भारी मात्रा में नकदी और कच्चे व्यापार से संबंधित लेन-देन के दस्तावेज बरामद किए गए हैं। नकदी की गिनती के लिए बैंकों के अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया है। रांची में आयकर विभाग की टीम ने नगड़ी, कांके रोड, हरमू रोड और बरियातू इलाके में स्थित बाबा एग्रो फूड और बाबा फूड प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े परिसरों की तलाशी ली। इन ठिकानों पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर योगेश साहू, निदेशक एस. मोहंती, राज कुमार लाखोटिया, संचिता जायसवाल, मनीष कुमार, राखी साहू, एकता साहू और अमित कुमार तथा कंपनी के सीएफओ ज्ञान प्रकाश साहू से जुड़े परिसरों को खंगाला जा रहा है। कारियों ने स्टॉक रजिस्टर, कंप्यूटर रिकॉर्ड, बिल बुक, डिजिटल ट्रांजेक्शन और बैंकिंग दस्तावेजों की गहन जांच की। इसके अलावा बिहार के गयाजी और औरंगाबाद में भी आयकर विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। योगेश साहू बाबा एग्रो फूड प्रोसेसिंग के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। इस कंपनी में एस. मोहंती, राज कुमार लाखोटिया और संचिता जायसवाल निदेशक हैं। कंपनी का वार्षिक टर्नओवर लगभग 300 करोड़ रुपये बताया जा रहा है और यह कंपनी शेयर बाजार में लिस्टेड है। वहीं, बाबा एग्रो फूड में मनीष कुमार, राखी साहू, एकता साहू और अमित कुमार निदेशक हैं, जबकि ज्ञान प्रकाश साहू कंपनी के सीएफओ हैं। इस समूह का कुल टर्नओवर करीब 1500 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। आयकर विभाग ने छापेमारी के दायरे में कंपनी के निदेशकों और प्रमुख पदाधिकारियों को भी शामिल किया है। बाबा एग्रो फूड के माध्यम से सामान्य और बासमती चावल, जबकि बाबा फूड प्रोसेसिंग के जरिए आटा, सूजी और मैदा का बड़े पैमाने पर व्यापार किया जाता है। आयकर विभाग की टीम मिल के संचालन, खरीद-बिक्री, कैश ट्रांजेक्शन और अन्य वित्तीय रिकॉर्ड की बारीकी से जांच कर रही है। चालू लेन-देन, बिलिंग और टैक्स से जुड़े कागजातों की भी गहन पड़ताल की जा रही है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026 में आयकर विभाग द्वारा की गई यह पहली बड़ी छापेमारी है। यह कार्रवाई व्यापारियों द्वारा कथित तौर पर वास्तविक आय छिपाकर टैक्स चोरी किए जाने की आशंका को लेकर की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आयकर विभाग आगे की कार्रवाई करेगा।

# ब्राह्मण शक्ति संघ 10 हजार परशुराम कैलेंडर करेगा निशुल्क वितरित

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



झारखंड ब्राह्मण शक्ति संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक केंद्रीय ह्यूम पाइप स्थित संपर्क कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. पवन पांडेय ने की। इस अवसर पर संगठन की वार्षिक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों तथा समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान श्री परशुराम के चित्रयुक्त लगभग 10 हजार कैलेंडर समाज के लोगों के बीच निशुल्क वितरित किए जाएंगे। यह कैलेंडर वितरण अभियान शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक चलाया जाएगा, ताकि समाज के अधिक से अधिक लोगों तक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संदेश पहुँच सके। इसके लिए संघ के सदस्यों को वार्ड और क्षेत्रवार जिम्मेदारियाँ सौंपने पर भी सहमति बनी। इस दौरान संगठन ने वर्ष 2026 के लिए अपना सामाजिक संकल्प भी घोषित किया। संघ ने समाज में एकजुटता बढ़ाने, आपसी सहयोग और भाईचारे को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया, ताकि सामूहिक शक्ति के माध्यम से समाजहित के कार्य प्रभावी ढंग से किए जा सकें। युवाओं को शिक्षा के माध्यम से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने, जरूरतमंद विद्यार्थियों को मार्गदर्शन और सहयोग देने तथा ज्ञान आधारित समाज के निर्माण का भी लक्ष्य रखा गया। बैठक में भारतीय वैदिक परंपराओं, संस्कारों और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर बल देते हुए सादगीपूर्ण जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया गया। साथ ही दहेज प्रथा, अंधविश्वास और मद्यपान जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया, ताकि समाज को कुरीतियों से मुक्त किया जा सके। डॉ. पवन पांडेय ने कहा कि संगठन संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय और सकारात्मक भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि आने वाले महीनों में शिक्षा सहयोग शिविर, युवा संवाद कार्यक्रम, सामूहिक सांस्कृतिक आयोजन और सामाजिक जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, जिनमें सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में अशोक पांडेय, बाला शंकर तिवारी, रामानुज चौबे, चंद्र प्रकाश शुक्ला, चंदू मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा सहित अन्य शामिल थे।

## मंत्री दीपिका पांडेय ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि, किया नमन

**एजेंसी। रांची**



मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। इस अवसर पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सेवा के आदर्श केवल ऐतिहासिक मूल्य नहीं हैं, बल्कि वे हमारे लोकतंत्र की आत्मा हैं। आज के समय में भी गांधी के विचार सामाजिक सद्भाव, न्याय और समावेशी राष्ट्र निर्माण की दिशा में हमारा मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी जीवित है। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि ग्रामीण विकास और पंचायती राज की अवधारणा महात्मा गांधी के स्वराज और ग्राम स्वराज के सपने से जुड़ी हुई है। उसी सोच के अनुरूप राज्य सरकार गांवों को सशक्त बनाने, स्थानीय स्वशासन को मजबूत करने और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात कर आचरण में उतारने का संकल्प दोहराया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## राज्यपाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि




**एजेंसी। रांची**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर रांची के लोक भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी सहित लोक भवन के कई अधिकारी और कर्मी ने पूज्य बापू के चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, राज्यपाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि सत्य, अहिंसा और शांति के मार्ग पर चलते हुए उन्होंने सम्पूर्ण विश्व को मानवता एवं करुणा का संदेश दिया। उनके विचार और आदर्श सदैव सभी को प्रेरित करते रहेंगे।

# पुलिस-मुठभेड़ में कैरव गांधी अपहरण कांड के तीन मुख्य आरोपित घायल, हथियार बरामद

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



बिष्टुपुर थाना क्षेत्र स्थित सीएच साईं मंदिर के समीप गुरुवार देर रात पुलिस और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में कैरव गांधी अपहरण कांड से जुड़े तीन कुख्यात अपराधी गोली लगने से घायल हो गए। घायल बदमाशों की पहचान गुड्डू सिंह, मोहम्मद इमरान और रमीज राजा के रूप में हुई है। तीनों मूल रूप से बिहार के गया और नालंदा जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं और अपहरण और फिरौती सहित कई संगीन मामलों में इनकी संलिप्तता रही है। पुलिस के अनुसार अपहरण मामले में गिरफ्तार किए गए इन तीनों आरोपियों से पूछताछ के दौरान जानकारी मिली थी कि अपहरण की वारदात को अंजाम देने के बाद शहर छोड़ने से पहले उन्होंने सोनारी–बिष्टुपुर इलाके के साईं मंदिर के पास झाड़ियों में हथियार छिपा दिए थे। इसी सूचना के आधार पर देर रात पुलिस टीम तीनों को हथियार बरामदगी के लिए मौके पर लेकर पहुंची। घटनास्थल पर पहुंचते ही अचानक एक आरोपी गुड्डू सिंह ने थाना प्रभारी आलोक दुबे के बॉडीगार्ड से कार्बाइन छीन ली और पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई, हालांकि थाना प्रभारी आलोक दुबे सहित सभी पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। आत्मरक्षा और स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में कई राउंड गोलियां चलाईं, जिसमें तीनों अपराधियों के निचले हिस्से में गोली लगी और वे मौके पर ही घायल होकर गिर पड़े। मुठभेड़ के तुरंत बाद तीनों घायलों को कड़ी सुरक्षा के बीच एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। । सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि यह कार्रवाई पूछताछ में मिली सटीक सूचना के आधार पर की गई थी। आरोपितों के बताए स्थान से तीन पिस्तौल, कार्बाइन और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए हैं। मौके से फायरिंग के खोखे भी मिले हैं। मुठभेड़ में किसी भी पुलिसकर्मी को गंभीर चोट नहीं आई है। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और बरामद हथियारों की फोरेंसिक जांच कराई जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक इस मामले में शामिल बाकी फरार अपराधियों की तलाश के लिए छापेमारी तेज कर दी गई है और जल्द ही पूरे गिरोह का पर्दाफाश करने का दावा किया जा रहा है।

# झारखंड में मौसम ने बदला मिजाज, बादल और कुहासे से बढ़ी ठंड

**एजेंसी। रांची**



राजधानी रांची सहित झारखंड के कई जिलों में मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला है। बादलों की आवाजाही और सुबह के समय कुहासा छाए रहने से ठंड में इजाफा हुआ है, जिससे लोगों को दिनभर कनकनी का एहसास हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, यह परिवर्तन देश के उत्तरी हिस्सों में हो रही भारी बर्फबारी के प्रभाव के कारण हुआ है। शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से ही बादल और कुहासा छाया रहा, जिससे ठंडी हवाओं का असर बना रहा और दिनभर ठंड महसूस की गई। हालांकि, दोपहर बाद आसमान साफ होने पर लोगों को कुछ राहत मिली। मौसम विभाग ने बताया कि आगामी 3 फरवरी को राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों— पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही सुबह के समय हल्के दर्जे का कुहासा छाए रहने की भी आशंका जताई गई है। मौसम में आए बदलाव का असर तापमान पर भी स्पष्ट रूप से देखा गया। डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान सामान्य से करीब 5 डिग्री सेल्सियस कम होकर 21 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान भी सामान्य से कम 9.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं चाईबासा, जमशेदपुर और रांची में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहा। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 29.8 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान कांके में 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।उ शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.1 डिग्री, जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 21.2 और 9.1 डिग्री, डालटेनगंज में 26.2 और 7.6 डिग्री, बोकारो में 26.5 और 12.6 डिग्री, चाईबासा में 29.8 डिग्री और 12.4 डिग्री, खूंटी में 26.4 और 11.9 डिग्री, लोहरदगा में 22.4 और 9.6 डिग्री, लातेहार में 18.6 और 11.5 डिग्री और सरायकेला में अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# सरकारी पार्क पर अतिक्रमण का आरोप, लोगों ने प्रशासन से की हस्तक्षेप की मांग

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



बागुनहातु आउटर रोड स्थित सरकारी भूखण्ड पर बन रहे पार्क को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। शुक्रवार को स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि जिस जमीन पर नगर विकास एवं आवास विभाग तथा जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के माध्यम से चहारदीवारी और पार्क निर्माण का काम चल रहा है, उसी स्थल पर कुछ लोगों ने रातों रात बोर्ड और झंडे लगाकर काम को बाधित करने की कोशिश की है। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई है, हालांकि स्थानीय लोग किसी प्रकार का टकराव नहीं चाहते और मामले का शांतिपूर्ण समाधान चाहते हैं। बताया जाता है कि बागुनहातु महिला विश्वविद्यालय के पीछे स्थित यह भूखण्ड कई वर्षों से खाली पड़ा था। क्षेत्र के लोगों ने यहां पार्क निर्माण की मांग जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखी थी, जिसे स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ। इस परियोजना का शिलान्यास जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद विद्युत वरण महतो की गरिमामयी उपस्थिति में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूर्णिमा साहू की ओर से किया गया था। इसके बाद अधिसूचित क्षेत्र समिति की ओर से चहारदीवारी और पार्क विकसित करने का काम शुरू कराया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण के शुरुआती दौर में भी कुछ व्यक्तियों ने जमीन पर अपना निजी दावा कर कार्य को रोकने की कोशिश की थी, लेकिन विभागीय जांच में जमीन सरकारी पाई गई और मजिस्ट्रेट तथा अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में काम दोबारा शुरू कराया गया।

अब जबकि निर्माण कार्य प्रगति पर है, कुछ अज्ञात लोगों की ओर से वहां धार्मिक/सामुदायिक प्रतीक चिन्ह लगा देने से फिर विवाद की स्थिति बन गई है। निवासियों का आरोप है कि ऐसा कर जानबूझकर समुदायों के बीच गलतफहमी पैदा करने की कोशिश की जा रही है। इसी संबंध में बागुननगर और बागुनहातु बस्ती के कई लोगों ने संयुक्त रूप से जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय तथा पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराने और निर्माण कार्य निर्बाध रूप से जारी रखने की मांग की है।

कार्यालय ; जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त,पलामू
(पंचायत शाखा)

प्रेस विज्ञप्ति

नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 के निमित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निर्वाचन के दौरान सभा/रैली/वाहन अनुमति (परमिशन) की स्वीकृति संबंधित क्षेत्र के अनुमण्डल पदाधिकारी (पलामू जिला) के द्वारा प्रदान की जायेगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह– उपायुक्त, पलामू

PR 372057 Palamu(25-26).D

समाहरणालय, गढ़वा
(अनु0ज0जा0, अनु0जा0, अल्पसंख्यक एवं पि0वर्ग, कल्याण शाखा)

(अति अल्पकालिन निविदा) विज्ञापन सं0–04/2025–26

वित्तीय वर्ष 2025–26 में गढ़वा जिला अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों/आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए उपस्कर/बर्त्तन एवं फर्नीचर आदि का आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक– **09.02.2026** को अपराह्न 01:00 बजे तक जिला कल्याण पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा दिनांक–**09.02.2026** को अपराह्न **03:00** बजे क्रय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोष्ठ में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है। निविदादाताओं को निविदा से संबंधित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।

**सामग्रियों एवं निविदा की शर्तों की सूची :–** उपस्कर/बर्त्तन एवं फर्नीचर आदि सामग्रियों की सूची एवं निविदा से संबंधित शर्तों को prdjharkhand.in पर एवं गढ़वा जिला के Website (garhwa.nic.in) पर भी देखा जा सकता है साथ ही जिला कल्याण कार्यालय, गढ़वा के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

ह0/
उप विकास आयुक्त, गढ़वा

PR 372020 Welfare(25-26)#D

कार्यालयः जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू।
(मीडिया कोषांग)

आदेश

एतद् द्वारा सभी को सूचित किया जाता है कि राज्य निर्वाचन आयोग, रांची द्वारा दिनांक–27.01.2026 को नगरपालिका (आम) निर्वाचन–2026 की घोषणा कर दी गयी है। दिनांक–27.01.2026 से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है।

इस संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127ए के आलोक में निम्न निर्देशों का अनुपालन आवश्यक हैः–

1. ऐसी निर्वाचन पुस्तिका/बैनर/पम्पलेट/पोस्टर अथवा अन्य किसी प्रकार का दस्तावेज जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक और प्रकाशक का नाम और पता ना हो, उसे मुद्रित या प्रकाशित करना वर्जित है।
2. सभी मुद्रकों को उपरोक्त दस्तावेजों के प्रकाशन की स्थिति में प्रकाशक से घोषणा पत्र(दो प्रति में) प्राप्त करना अनिवार्य है, जिसपर स्वयं प्रकाशक का हस्ताक्षर एवं दो अन्य व्यक्ति(जो उसे पहचानते हों) द्वारा अभिप्रमाणित रहें, और मुद्रण कार्य समाप्ति के दो दिनों के अन्दर प्रकाशक के घोषणा पत्र की एक प्रति के साथ, प्रकाशित समाग्री की प्रति जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त को संसुचित करने का प्रावधान हैं।
3. अतएव पलामू जिले के सभी प्रिंटिंग प्रेस के प्रोपराईटर/प्रकाशक को निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त प्रावधानों का अक्षरशः एवं दृढ़ता से अनुपालन करते हुए प्रचार–प्रसार हेतू निर्वाचन पुस्तिका/बैनर/पम्पलेट/पोस्टर अथवा अन्य किसी प्रकार का दस्तावेजों की मुद्रित संख्या, साक्ष्य सहित, पार्टी प्रमुख/उम्मीदवार का सहमति पत्र के साथ दो भिज्ञ व्यक्तियों द्वारा सत्यापित घोषणा पत्र मुद्रण के दो दिनों के अन्दर मीडिया कोषांग, पलामू (जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय में) को परिशिष्ट–क, परिशिष्ट–ख एवं उपरोक्त दस्तावेजों के साथ समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। परिशिष्ट–क एवं परिशिष्ट–ख का प्रारूप पलामू जिले के वेबसाईट palamu.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

उक्त प्रावधान के उल्लंघन की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127(क) के तहत कार्रवाई की जायेगी, जिसके तहत 06 (छः) माह का कारावास या 2000/– (दो हजार) रू0 जुर्माना अथवा दोनों दण्ड अधिरोपित की जा सकती है।

नोडल पदाधिकारी मीडिया कोषांग
–सह–जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी,
पलामू।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, पलामू।

PR 372015 (Palamu) 25-26 (D)

# गुरुग्राम के स्कूलों को अमेरिकी आईपी एड्रेस से भेजा गया धमकी भरा ईमेल, 3 दिन पहले बनी थी आईडी



**गुरुग्राम, एजेंसी।** दिल्ली से सटे गुरुग्राम में बुधवार को 15 नामी स्कूलों को भेजी गई बम से उड़ाने की धमकी वाली ई-मेल अमेरिका के आईपी एड्रेस से आई थी। हालांकि, पुलिस और बम स्क्वॉड की जांच मे पुलिस की जांच में पुलिस को हॉक्स मेल (झूठी सूचना) पाई गई थी। गुरुग्राम पुलिस ने इस धमकी के मामले में जांच करते हुए बुधवार को साइबर थाना पूर्व में आतंकवादी संगठन के शामिल होने की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि गुरुग्राम के स्कूलों में बम होने की धमकी भरे ई-मेल अमेरिका के इंटरनेट प्रोटोकॉल एड्रेस (आईपी) से भेजी गई थी। मेल भेजने के लिए अमेरिका के सर्वर का इस्तेमाल हुआ था। जिस ईमेल से स्कूलों में बम होने की सूचना भेजी गई थी, वह ईमेल आईडी तीन दिन पहले ही बनाई गई थी। इसका खुलासा गूगल की तरफ से मिले जवाब में हुआ है।

**खालिस्तानी एजेंडे का मेल में जिक्र-** स्कूलों को भेजे गए धमकी भरे ईमेल में खालिस्तानी एजेंडे का जिक्र करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री से राजनीतिक समर्थन की मांग की गई थी।

**आईपी पते का हुआ इस्तेमाल-** साइबर पुलिस की अब तक की जांच में सामने आया है कि ईमेल भेजने में आतंकवादी संगठनों ने इस बार सिर्फ आईपी पते का इस्तेमाल किया था। ईमेल भेजने के लिए जीमेल का ब्राउजर का इस्तेमाल हुआ था, जबकि इससे पहले भेजे गए धमकी भरे ईमेल में वीपीएन का इस्तेमाल होता था।

## चंडीगढ़ और करनाल में भी एक ही मेल से भेजे मैसेज

गुरुग्राम पुलिस को गूगल से मिले जवाब में खुलासा हुआ कि आंतकवादी संगठनों से जुड़े लोगों ने गुरुग्राम में 15 स्कूलों के साथ-साथ करनाल के सात स्कूल और चंडीगढ़ के स्कूलों में एक ही मेल से मैसेज भेजा गया था। गुरुग्राम के स्कूलों में ई-मेल बुधवार सुबह छह बजकर 39 मिनट पर ई-मेल प्राप्त हुआ। मेल में भाषा बेहद डरावनी और भड़काऊ थी। मेल में स्पष्ट रूप से लिखा था कि दोपहर 1 बजकर 11 मिनट पर स्कूलों में सिलसिलेवार बम धमाके होंगे।

## गूगल से जवाब मांगा

साइबर पुलिस ने गूगल को दोबारा नोटिस देकर जानकारी मांगी गई है। इसके बाद गुरुग्राम पुलिस गृह मंत्रालय और सीबीआई के माध्यम से इंटरपोल से संपर्क कर आरोपियों को पकड़ने की कार्रवाई करेगी।

**मेल से मचा था हड़कंप-** बुधवार सुबह शहर के 15 से अधिक नामी स्कूलों को एक साथ बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

इससे पुलिस और प्रशासन के साथ अभिभावकों और स्टाफ के बीच भी दहशत का माहौल पैदा हो गया था।

## संक्षिप्त समाचार

# डॉग ट्रेनर ने क्लाइंट की बेटी से किया दुष्कर्म

## गंदे फोटो और वीडियो बना करता था ब्लैकमेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद के कौशांबी थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला के घर पालतू कुत्ते को प्रशिक्षण देने वाले युवक ने कथित तौर पर उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने युवती के अश्लील फोटो और वीडियो भी बना लिए और उसे ब्लैकमेल करने लगा। आरोप है कि युवती ने मिलने से मना किया तो आत्महत्या कर युवती और उसकी मां को जेल भिजवाने की धमकी दी। महिला की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर गुरुवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कौशांबी थानाक्षेत्र में रहने वाली महिला के पति की मौत हो चुकी है। कुछ समय पहले तक वह वह इसी क्षेत्र में दूसरे मकान में रहती थीं। परिवार में दो बेटियां और ससुर हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि दिसंबर 2024 में उन्होंने ग्रेटर नोएडा के रहने वाले मुकुल को अपने यहां पालतू कुत्ते को ट्रेनिंग देने के काम पर रखा था। वह सप्ताह में 3 दिन शाम के समय एक घंटे के लिए घर आता था। इसके चलते घर के सदस्यों से उसकी अच्छी जान-पहचान हो गई थी। आरोप है कि फरवरी 2025 में मुकुल ने उनकी अनुपस्थिति में मौका पाकर उनकी बेटी से दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए। साथ ही बेटी को धमकी दी कि यदि इस बारे में किसी को बताया तो वह फोटो और वीडियो वायरल कर देगा। इसके बाद से ही वह युवती को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने लगा। कुछ समय पहले उन्होंने अपना घर बदल लिया, जिसके बाद आरोपी बार-बार युवती को होटल आने के लिए मजबूर करने लगा। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी मुकुल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### आरोपी ने जुर्म कबूला

पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया है। उसने बताया कि वह मूलरूप से कानपुर देहात के मंगलपुर थानाक्षेत्र का रहने वाला है। उसने कुत्तों को प्रशिक्षण देना सीखा था, जिसके बाद वह कई जगह पर यह काम करने लगा। इस दौरान उसने युवती से बात की और फिर जबरन शारीरिक संबंध बनाकर ब्लैकमेल करने लगा। आरोपी ने आत्महत्या कर फंसाने की धमकी देने की बात भी स्वीकार की है।

# होटल में 2 लोगों ने नशीला पदार्थ पिला युवती से किया गैंगरेप, महिला सहित 3 पर एफआईआर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साइबर सिटी गुरुग्राम के एक होटल में एक युवती को नशीला पदार्थ पिलाकर कथित तौर पर गैंगरेप करने और बाद में अश्लील वीडियो वायरल करने के नाम पर धमकाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दो युवकों और एक महिला के खिलाफ गैंगरेप, साजिश और धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में सुशांत लोक थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से गुरुग्राम की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि यह घटना 21 दिसंबर 2025 की है। दो युवक और एक महिला उसे बहलाकर सेक्टर-42 स्थित एक होटल में लेकर गए थे। वहां आरोपियों ने उसे कोई नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। बेहोशी की हालत में दोनों युवकों ने उसके साथ गैंगरेप किया और इस घिनौने कृत्य का अश्लील वीडियो भी बना लिया।

**ब्लैकमेलिंग में पत्नी भी शामिल-** पीड़िता का आरोप है कि वारदात के बाद होश में आने पर जब उसने आरोपियों का विरोध किया तो आरोपी युवक की पत्नी ने उसे चुप रहने के लिए धमकाया।

## मुंबई में पुलिस बनकर ठगी

# केन्याई महिला से 66 लाख लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई , एजेंसी।** मुंबई के दक्षिण इलाके में पुलिस बनकर ठगी करने का एक गंभीर मामला सामने आया है। दो लोगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर एक केन्याई महिला से 66 लाख रुपये से ज्यादा की नकदी ठग ली। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका साथी अभी फरार है। यह घटना 21 जनवरी को साउथ मुंबई के फोर्ट इलाके में एमजी रोड पर अलाना सेंटर बिल्डिंग के पास हुई। केन्या की नागरिक सुमय्या मोहम्मद अब्दी (26) टैक्सी से जा रही थीं। तभी दो लोग जो खुद को पुलिसकर्मी बता रहे थे उन्होंने उनकी टैक्सी रुकवाई। दोनों ने उनके सामान की जांच के बहाने उनके दो बैग जब्त कर लिए, जिनमें 66.45 लाख रुपये नकद थे। इसके बाद उन्होंने महिला से कहा कि उन्हें पुलिस स्टेशन चलना होगा और बाइक से वहां से निकल गए।

### पुलिस की कार्रवाई

घटना के बाद महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले की जांच के लिए माता रमाबाई आंबेडकर मार्ग पुलिस स्टेशन की एक विशेष टीम बनाई गई। टीम ने करीब 60 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और आरोपी तक पहुंची।

**आरोपी की गिरफ्तारी-** पुलिस ने 48 वर्षीय आरोपी सुरेश रंगनाथ चव्हाण को ठाणे के आजाद नगर इलाके से गिरफ्तार किया। उसके पास से 79.35 लाख रुपये नकद बरामद किए गए, जो शिकायत में बताई गई रकम से ज्यादा हैं। पुलिस यह जांच कर रही है कि अतिरिक्त रकम किसी और अपराध से जुड़ी है या नहीं। इस वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई है। आरोपी के फरार साथी की तलाश जारी है।

# सौतेले बाप ने 2 साल के मासूम को पटक कर मार डाला

## पत्नी से बोला- सीढ़ियों से गिर गया; अरेस्ट





**फरीदाबाद, एजेंसी।** हरियाणा के फरीदाबाद से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति ने अपने दो साल के सौतेले बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में 36 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और अदालत में पेश करने के बाद उसे दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। आरोपी ने वारदात के बाद पत्नी को गुमराह करने के लिए कहा कि बच्चा सीढ़ियों से गिर गया था।

**बोला- बच्चों को पसंद नहीं करता था-** पुलिस के अनुसार यह घटना 25 जनवरी को बल्लभगढ़ के सिकरी मोहल्ला इलाके में हुई। आरोपी की पहचान रणबीर सिंह के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के सिष्टा गांव का रहने वाला है और फिलहाल बल्लभगढ़ में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने नवंबर 2024 में एक महिला से शादी की थी, जिसके पहले विवाह से तीन बच्चे थे। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कबूल किया कि वह बच्चों को पसंद नहीं करता था और उनसे छुटकारा पाने की योजना बना रहा था।

**जमीन पर पटका, बताया सीढ़ियों से गिरा-** घटना वाले दिन शाम के समय रणबीर सिंह दो साल के बच्चे को घर से कुछ दूरी पर ले गया और उसे जमीन पर जोर से पटक दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद वह वापस घर आया और पत्नी से कहा कि बच्चा सीढ़ियों से गिर गया है। इस झूठे बयान के चलते परिवार को पहले लगा कि यह एक हादसा है।

### दोबारा जांच हुई तो खुला मामला

घटना के बाद पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था, लेकिन उस समय कोई केस दर्ज नहीं किया गया। हालांकि, बाद में मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दोबारा जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को संदेह हुआ, जिसके बाद आरोपी से सख्ती से पूछताछ की गई। पूछताछ में सच्चाई सामने आने के बाद सेक्टर-58 थाना में हत्या का मामला दर्ज किया गया।

**पुलिस ने आरोपी पिता को किया गिरफ्तार-** फरीदाबाद पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार किया गया है और मामले से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी ने बच्चों के खिलाफ पहले भी कोई हिंसक व्यवहार तो नहीं किया था।

# कोलकाता अग्निकांड में शवों की डीएनए के जरिए पहचान की प्रक्रिया शुरू

## बंगाल सरकार ने मुआवजे का किया एलान

**कोलकाता , एजेंसी।** कोलकाता के आनंदपुर के नाजिराबाद में मोमो बनाने की इकाई व दो गोदामों में 26 जनवरी को लगी आग में मारे गए लोगों की डीएनए के जरिए पहचान की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बता दें कि क्षतिग्रस्त इमारतों से 17 और शव बरामद किए गए, इसी के साथ मरने वालों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है। पुलिस ने बताया कि 28 लोग अब भी लापता हैं जिससे आशंका है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। मालूम हो कि गोदामों में लगी आग पर दूसरे दिन काबू पाया जा सका था। बंगाल सरकार मृतकों को मुआवजे के तौर पर दस लाख रुपये देने की घोषणा कर चुकी है। साथ ही मोमो कंपनी की ओर से भी मुआवजा राशि देने की घोषणा की गई है। अधिकारियों ने बताया कि बरामद किए गए 25 शवों की डीएनए के जरिए पहचान के लिए प्रक्रिया शुरू की गई है। कई शव बुरी तरह से झुलसे हुए हैं, ऐसे में पारंपरिक तरीकों से उनकी पहचान संभव नहीं है इसीलिए डीएनए जांच से प्रयास किया जा रहा है।

# कलकत्ता हाईकोर्ट ने ममता सरकार से पूछा, सात हजार महिलाओं को क्यों बंद की गई सहायता राशि

**कोलकाता , एजेंसी।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने बंगाल सरकार को अगले दो सप्ताह के अंदर रिपोर्ट जमा करके यह बताने को कहा है कि पश्चिम मेदिनीपुर जिले के मयना इलाके की सात हजार महिलाएं लक्ष्मी भंडार योजना के लाभ से वंचित क्यों हो गई हैं। मामले पर आगामी 17 फरवरी को अगली सुनवाई होगी। मालूम हो कि ये महिलाएं मयना इलाके के बाकचार ग्राम पंचायत इलाके की रहने वाली हैं। इस ग्राम पंचायत पर वर्तमान में भाजपा का कब्जा है। मालूम हो कि लक्ष्मी भंडार योजना के तहत बंगाल सरकार की ओर से अनुसूचित जाति/जनजाति की महिलाओं को हर महीने 1200 व सामान्य श्रेणी की महिलाओं को 1000 रुपये प्रदान किए जाते हैं। मामलाकारी महिलाओं का कहना है कि पिछले साल सितंबर से उन्हें लक्ष्मी भंडार के तहत राज्य सरकार से रुपये मिलना बंद हो गया है।



आरोप लगाया कि राजनीतिक कारणों से ऐसा किया गया है। मुख्य न्यायमूर्ति सुजय पाल व न्यायमूर्ति पार्थसारथी सेन की खंडपीठ ने मामले पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को इसका कारण बताने को कहा है। खंडपीठ ने यह भी कहा है कि मामले पर सुनवाई के कारण योजना के तहत रुपये देना बंद न रखा जाए, यह भी सुनिश्चित करना होगा।

# एलआईसी ने किया अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन




**लखनऊ**। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2025-26 का भव्य आयोजन लखनऊ स्थित के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में किया जा रहा है। टूर्नामेंट का उद्घाटन 28 जनवरी 2026 को एलआईसी के कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण) सलील विश्वनाथ ने किया। उद्घाटन समारोह के दौरान खिलाड़ियों और अधिकारियों की उपस्थिति में प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत हुई। इस अवसर पर लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मंडलीय प्रबंधक संजय कुमार सिंह, केंद्रीय कार्यालय मुंबई की सचिव (मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण) सुश्री एस. गायत्री तथा उत्तर मध्य क्षेत्र, कानपुर के प्रादेशिक प्रबंधक (मानव संसाधन विकास) अजय कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की शुभकामनाएं दीं। यह टूर्नामेंट अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र खेल नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित होने वाला वार्षिक आयोजन है, जिसकी मेजबानी इस वर्ष भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा की जा रही है।

प्रतियोगिता में एलआईसी सहित कुल 13 सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के लगभग 120 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो विभिन्न श्रेणियों में मुकाबला करेंगे। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सलील विश्वनाथ ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देते हैं, बल्कि अनुशासन, एकाग्रता और सहनशीलता जैसे महत्वपूर्ण गुणों का भी विकास करते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। यह टूर्नामेंट 31 जनवरी 2026 को समापन के साथ संपन्न होगा, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

# आरजी कर दुष्कर्म पीड़िता के परिवार का दावा, पार्टियों ने की चुनाव लड़ने की पेशकश

**कोलकाता , एजेंसी।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में नौ अगस्त 2024 को दरिंदगी की शिकार महिला डाक्टर के माता-पिता ने कहा कि हमें चुनाव लड़ने की पेशकश की जा रही है, लेकिन हमें इंसाफ चाहिए। कई राजनीतिक पार्टियों ने विधानसभा चुनाव लड़ने की पेशकश की है। टीएमसी ने शुरू से ही हमें राजनीति में शामिल होने और पैसे की पेशकश की थी, लेकिन हम इस प्रस्ताव पर सहमत नहीं हुए। पीड़िता के पिता ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि टीएमसी, माकपा और भाजपा समेत सभी राजनीतिक पार्टियों ने हमें अगला विधानसभा चुनाव लड़ने की पेशकश की है। हम पार्टी का साथ तभी देंगे, जब हमको इंसाफ मिलेगा। जो पार्टी हमें इंसाफ दिलाने का काम करेगी, हम उसमें शामिल हो सकते हैं। महिला डॉक्टर के पिता ने कहा कि उन्हें भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी की ओर से एक प्रस्ताव दिया गया था, जिसे उन्होंने स्वीकार नहीं किया। इस मामले की जांच कोलकाता पुलिस ने की थी, जिसे बाद में सीबीआइ का समर्थन मिला। केंद्रीय एजेंसी ने भी यही निष्कर्ष निकाला कि अपराध का दोषी केवल पूर्व सिविक वालेंटियर संजय राय है।



# ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अवैध निर्माण पर चला चाबुक

## 100 से अधिक फ्लैटों वाले 8 रिहायशी टावर सील

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के ग्राम खेड़ा चौगानपुर में अवैध रूप से बने आठ रिहायशी टावरों को गुरुवार को सील कर दिया है। प्राधिकरण के मुताबिक, इनका नक्शा भी पास नहीं था। इस सोसाइटी में 100 से अधिक फ्लैट बनाए गए हैं। ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में कॉलोनाइजर अवैध कॉलोनियां काट रहे हैं। इनमें फ्लैट और विला बनाए जा रहे हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी ने अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में प्राधिकरण की टीम ने गुरुवार को पुलिस बल की मौजूदगी में खेड़ा चौगानपुर गांव खसरा संख्या-109 के भूखंड पर बने 8 रिहायशी टावरों को सील किया। अधिकारी के मुताबिक, इनका नक्शा भी पास नहीं था। यह जमीन प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में है। यहां बिना अनुमति निर्माण किया गया था।



**संपत्ति खरीदते वक्त सावधानी बरतें-** एसीईओ ने चेतावनी दी कि अधिसूचित क्षेत्र में अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। प्राधिकरण के एसीईओ ने लोगों ने अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन या फ्लैट खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से संपर्क कर जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं।

**प्राधिकरण की बोर्ड बैठक आज होगी-** यमुना विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक शुक्रवार को होगी। अफसरों ने शहर में होने वाले विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर लिए हैं। इस बार हाथरस, नए आगरा और हेरिटेज के मास्टर प्लान को मंजूरी मिलने

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## मासूमियत पर भारी पड़ता 'पढ़ाई का खौफ', फरीदाबाद कांड से सबक लें

हमारे समाज में आज भी यह धारणा बनी हुई है कि डर, डांट और मारपीट से बच्चे के भीतर कमियों में सुधार लाया जा सकता है। पढ़ाई के मामले में कई बार विद्यालयों और यहां तक कि घर-परिवार में भी इसी तरह के प्रयास किए जाते हैं। हालांकि, शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई के दौरान बच्चों के साथ आक्रामक व्यवहार पर कानूनी रूप से पाबंदी है, फिर भी ऐसी घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं।विद्यालय में अगर किसी बच्चे के साथ मारपीट होती है, तो उसे उम्मीद और भरोसा होता है कि उसके अभिभावक सुरक्षा के लिए आगे आएंगे। मगर जब कोई अभिभावक ही पढ़ाई के लिए अपने बच्चे से मारपीट करने लगे, तो उसे किस तरह की मानसिकता कहा जाएगा। हरियाणा के फरीदाबाद में हाल ही में एक ऐसी ही घटना सामने आई, जिसने सामाजिक एवं पारिवारिक संवेदनाओं और सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खबरों के मुताबिक, एक पिता ने अपनी चार वर्षीय बेटी को घर पर पढ़ाते समय पचास तक गिनती न लिख पाने के कारण इस कदर पीटा कि उसकी मौत हो गई। यह गंभीर चिंता का विषय है कि इस तरह की धारणा कैसे बना ली जाती है कि भय या मारपीट से बच्चों में पढ़ने-लिखने की क्षमता बढ़ जाती है। जबकि विभिन्न शोध और अध्ययनों से यह साबित हो चुका है कि किसी भी तरह की आक्रामकता का बच्चों पर बेहद नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे बच्चों में याददाश्त, एकाग्रता और निर्णय लेने की क्षमता कमजोर होती है, जिससे वे पढ़ाई में और भी ज्यादा पिछड़ जाते हैं। कई बार बच्चों के भीतर ऐसा खौफ पैदा हो जाता है, जो आगे चलकर अवसाद या अन्य तरह के मनोविकार का कारण बन सकता है। ऐसे में इस बात का खयाल रखना बेहद जरूरी है कि बच्चों को किसी भी रूप में हिंसक प्रवृत्ति का सामना न करना पड़े। अगर कोई बच्चा किसी एक तरीके से नहीं समझ पा रहा है, तो उसे दूसरे मनोवैज्ञानिक तरीके से समझाने की कोशिश की जानी चाहिए, क्योंकि सुरक्षित, स्नेहपूर्ण तथा भय एवं तनावमुक्त माहौल में ही बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास संभव हो पाता है।

## हिमालय में बर्फबारी की देरी ने डराया, जलवायु परिवर्तन की दस्तक और भविष्य का संकट

आमतौर पर तापमान में थोड़े उतार-चढ़ाव को मौसम के लिहाज से एक सामान्य स्थिति माना जाता है, लेकिन इस वर्ष हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी में जिस तरह की देरी देखी गई, उस पर स्वाभाविक ही पर्यावरणविदों का ध्यान गया है। हालांकि अब पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और बारिश हुई है और इसकी वजह से देश के मैदानी क्षेत्रों में भी तापमान में गिरावट की संभावना जताई गई है। मगर इस वर्ष पहाड़ी राज्यों में जिस तरह मौसम के मिजाज में बदलाव देखा गया, बर्फबारी की सामान्य अवधि में देरी हुई, उसका सीधा संकेत यही था कि अब जलवायु परिवर्तन का असर प्रत्यक्ष रूप में सामने आने लगा है। दरअसल, लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में वर्ष का पहला हिमपात हुआ। इसी तरह हिमाचल प्रदेश के शिमला और कश्मीर में भी उम्मीद के मुकाबले करीब दो महीनों की देरी के बाद पहली बर्फबारी हुई। इसकी वजह से कड़ाके की ठंड अपने ज्यादा असर के साथ वापस लौट आई। हिमालयी प्रदेशों में आमतौर पर नवंबर-दिसंबर में इस तरह के मौसम की संभावना होती है। इसे एक सामान्य चक्र माना जाता है, जिसके असर से दिल्ली और उत्तर भारत के राज्यों में ठंड बढ़ती है। मगर इस बार अब जाकर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और कश्मीर में बर्फबारी हुई है और इसके मद्देनजर भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली सहित उत्तर-पश्चिमी भारत के मैदानी इलाकों के न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री गिरावट होने की संभावना जताई है। जाहिर है, इन क्षेत्रों में एक बार फिर कुछ दिनों के लिए कड़ाके की ठंड लौट सकती है और इसी के मुताबिक लोगों को थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत पड़ेगी। मौसम की अपनी गति होती है और कई कारणों से उसकी अवधि आगे-पीछे हो सकती है।अगर इसके पीछे वजहें प्राकृतिक हों, तो यह ज्यादा चिंता की बात नहीं होती। मगर इससे इतर इस बार जिस तरह हिमालय के बड़े इलाके में बर्फबारी में दर्ज करने वाली गिरावट या कमी देखी गई, उससे साफ है कि वैश्विक ताप के नतीजे अब अपने व्यापक रूप में सामने आने लगे हैं।

*बेशक अजित पवार अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन अपने जुझारु राजनीति जीवन के दम पर वे हमेशा भारतीय राजनीति एवं राष्ट्रवादी सोच के आसमान में एक सितारे की तरह टिमटिमाते रहेंगे। आज जब महाराष्ट्र और देश उनके निधन पर शोकाकुल है, तब अजित पवार का मूल्यांकन केवल प्रशंसा या आलोचना के तराजू पर नहीं किया जा सकता। वे विवादों से घिरे रहे, लेकिन उनसे परिभाषित नहीं हुए।*

## अजित पवारः आरोपों से ऊपर उठे राजनीति के 'दादा-पुरुष'

(ललित गर्ग)

अजित पवार का जीवन किसी राजसी विरासत की सहज कहानी नहीं था। 22 जुलाई 1959 को अहमदनगर जिले के देओली प्रवरा क्षेत्र में जन्मे अजित पवार ने जीवन को बहुत करीब से संघर्ष करते हुए देखा। उनके पिता अनंतराव पवार फिल्म जगत से जुड़े रहे, राजकमल स्टूडियो में काम किया, लेकिन पारिवारिक परिस्थितियां साधारण रहीं। यह खबर केवल एक व्यक्ति के निधन की नहीं है, बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति के एक पूरे युग के अचानक थम जाने की सूचना है। 28 जनवरी 2026 की सुबह जब बारामती में हुए विमान हादसे में उपमुख्यमंत्री अजित अनंतराव पवार के असामयिक निधन की पुष्टि हुई, तो वह क्षण केवल पवार परिवार के लिए नहीं, बल्कि समूचे महाराष्ट्र और देश की राजनीति के लिए गहरे शोक और स्तब्धता का कारण बन गया। जिस नेता को लोग अधिकार, अनुभव और निर्णय क्षमता का पर्याय मानते थे, उसका इस तरह अचानक चले जाना सत्ता, प्रशासन और राजनीतिक संतुलन में एक बड़ा रिक्त स्थान छोड़ गया है। एक संभावनाओं भरी महाराष्ट्र की राजनीति एवं राष्ट्रीय विचारों का सफर ठहर गया, उनका निधन न केवल महाराष्ट्र के लिये, भारत की राष्ट्रवादी सोच के लिये बल्कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रवादी राजनीति पर एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से सहकारी आन्दोलन को भी गहरा धक्का लगा है। अजित पवार का जीवन किसी राजसी विरासत की सहज कहानी नहीं था। 22 जुलाई 1959 को अहमदनगर जिले के देओली प्रवरा क्षेत्र में जन्मे अजित पवार ने जीवन को बहुत करीब से संघर्ष करते हुए देखा। उनके पिता अनंतराव पवार फिल्म जगत से जुड़े रहे, राजकमल स्टूडियो में काम किया, लेकिन पारिवारिक परिस्थितियां साधारण रहीं। औपचारिक शिक्षा माध्यमिक स्तर तक ही सीमित रही, किंतु जीवन की व्यावहारिक पाठशाला ने उन्हें वह सिखाया जो बड़े-बड़े शैक्षणिक संस्थान भी नहीं सिखा पाते। शायद यही कारण रहा कि अजित पवार की राजनीति किताबों से नहीं, जमीन से निकली हुई राजनीति थी, जिसमें किसानों की पीड़ा, सहकारी संस्थाओं की ताकत और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नब्ज साफ दिखाई देती थी। राजनीति में उनका प्रवेश किसी बड़े मंच से नहीं, बल्कि सहकारी आंदोलन की प्रयोगशाला से हुआ। 1982 में मात्र बीस वर्ष की आयु में उन्होंने एक चीनी सहकारी संस्था का चुनाव लड़ा। यह वही दौर था जब महाराष्ट्र की राजनीति में सहकारी संस्थाएं सत्ता की रीढ़ मानी जाती थीं। अजित पवार ने बहुत जल्दी समझ लिया कि यदि ग्रामीण महाराष्ट्र को साधना है तो उसे बैंक, चीनी मिल, सिंचाई और बिजली से जोड़ना होगा। यही समझ आगे चलकर उनकी राजनीतिक पहचान की सबसे बड़ी ताकत बनी। 1991 अजित पवार के राजनीतिक जीवन का निर्णायक वर्ष रहा। पुणे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष बनने के साथ ही उन्होंने वित्तीय प्रशासन और संगठन संचालन में अपनी दक्षता का परिचय दिया। सोलह वर्षों तक इस पद पर बने रहना अपने आप में उनकी विश्वसनीयता और पकड़ को दर्शाता है। उसी वर्ष बारामती से लोकसभा के लिए निर्वाचित होना उनके बढ़ते कद का प्रमाण था, लेकिन उन्होंने यह सीट अपने चाचा शरद पवार के लिए छोड़ दी। यह फैसला केवल पारिवारिक निष्ठा का नहीं, बल्कि राजनीतिक दूरदृष्टि का भी उदाहरण था। इसके बाद विधानसभा में प्रवेश और फिर लगातार बारामती से जीत ने उन्हें जनाधार का वह आधार दिया, जिसे महाराष्ट्र की राजनीति में विरले ही कोई चुनौती दे सका। अजित पवार को सत्ता के गलियारों में पहुंचाने वाली सबसे बड़ी विशेषता उनकी प्रशासनिक पकड़ थी। कृषि, बागवानी, बिजली और जल संसाधन जैसे कठिन और संवेदनशील विभागों को संभालते हुए उन्होंने विकास और विवाद दोनों को नजदीक से जिया। जल संसाधन मंत्री के रूप में कृष्णा घाटी और कोकण सिंचाई परियोजनाओं से उनका नाम जुड़ा। इन परियोजनाओं ने जहां किसानों के लिए पानी और उम्मीद का संदेश दिया, वहीं आलोचनाओं और आरोपों का बोझ भी उनके कंधों पर रखा। इसके बावजूद वे उन नेताओं में रहे जो फाइलों से नहीं, फैसलों से पहचाने जाते थे। उपमुख्यमंत्री के रूप में उनका सफर महाराष्ट्र की राजनीति में एक अनोखा अध्याय है। छह बार इस पद तक पहुंचना केवल राजनीतिक संयोग नहीं था, बल्कि सत्ता संतुलन, गठबंधन राजनीति और संगठनात्मक ताकत का परिणाम था। वे सरकार में अक्सर संकटमोचक की भूमिका में दिखे। बजट, वित्तीय प्रबंधन और संसदीय रणनीति में उनकी पकड़ ऐसी थी कि विरोधी भी उनके अनुभव को नजरअंदाज नहीं कर पाते थे। उन्हें महत्वाकांक्षी कहा गया, कभी-कभी कठोर और रूखे स्वभाव का नेता भी बताया गया, लेकिन यह भी सच है कि सत्ता की वास्तविकता को वे भावनाओं से नहीं, निर्णयों से देखते थे। विवाद उनके राजनीतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा रहे। सिंचाई घोटाले से लेकर बयानबाजी तक, कई मौके ऐसे आए जब उनकी छवि पर प्रश्नचिह्न लगे। अगर बांध में पानी नहीं है तो क्या पेशाब करके भरें? जैसे बयान ने उन्हें आलोचनाओं के केंद्र में ला खड़ा किया। उन्होंने माफी भी मांगी, सफाई भी दी और समय के साथ उन विवादों से उबरते हुए फिर सत्ता के शीर्ष पर लौटे। यह उनकी राजनीतिक जिजीविषा का प्रमाण था कि आलोचना और आरोप उन्हें रोक नहीं पाए। शरद पवार के साथ उनके रिश्ते को लेकर भी हमेशा चर्चाएं रहीं। कभी मतभेद, कभी दूरी और कभी सियासी अलग राह की अटकलें। लेकिन अजित पवार स्वयं को हमेशा शरद पवार का अनुयायी बताते रहे। उन्हें मिला दादा का संबोधन केवल पारिवारिक नहीं था, बल्कि वह एक राजनीतिक ब्रांड बन चुका था, जो उनके समर्थकों में भरोसे और नेतृत्व की भावना जगाता था। वे संगठनकर्ता भी थे और प्रशासक भी, रणनीतिकार भी और जमीनी नेता भी। उन्हें अपनी विविध आयामी भूमिकाओं से अपने को मिले 'दादा' के अलंकरण को सार्थक भी किया और जीवंतता भी दी। उनका असामयिक निधन एक क्रूर विडंबना है। जिस नेता ने दशकों तक सत्ता की उड़ान भरी, उसकी जीवन यात्रा एक विमान हादसे में थम गई। कहा जाता है कि दुर्घटना से कुछ समय पहले तक वे पूरी तरह सक्रिय थे, योजनाओं, बैठकों और राजनीतिक समीकरणों में व्यस्त। यह अचानक आई मृत्यु उस अनिश्चितता को रेखांकित करती है, जो सत्ता और जीवन दोनों के साथ जुड़ी है। अजित पवार का व्यक्तित्व एवं कृतित्व सफल राजनेता, समाज निर्माता, ग्राम-उद्धारक, सहकारी आन्दोलन पुरोधा, कुशल प्रशासक के रूप में अनेक छवि, अनेक रंग, अनेक रूप में उभरकर सामने आता हैं। आपके जीवन की दिशाएं विविध एवं बहुआयामी थीं। आपके जीवन की धारा एक दिशा में प्रवाहित नहीं हुई, बल्कि जीवन की विविध दिशाओं का स्पर्श किया। यही कारण है कि कोई भी महत्त्वपूर्ण क्षेत्र आपके जीवन से अछूता रहा हो, संभव नहीं लगता। आपके जीवन की खिड़कियाँ समाज एवं राष्ट्र को नई दृष्टि देने के लिए सदैव खुली रही।

## यूजीसी के फैसले पर जनदबाव बनाम सत्ता का अहंकार



उच्च शिक्षा से जुड़े यूजीसी के हालिया फैसले ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या देश की शिक्षा नीति छात्रों के हित में बन रही है या फिर सत्ता के बंद कमरों में तय हो रही है।

जिस तरह इस फैसले के बाद देशभर में छात्र, शिक्षक, शिक्षाविद और सामाजिक संगठनों का गुस्सा फूटा है, उसने एनडीए सरकार को बैकफुट पर ला खड़ा किया है। सरकार अब भले ही "पुनः समीक्षा" और "छात्र हित सर्वोपरि" जैसे शब्दों का सहारा ले रही हो, लेकिन यह नरमी स्वेच्छा से कम और जनआक्रोश के दबाव में ज्यादा दिखती है।यूजीसी द्वारा लागू किए गए नए नियमों को लेकर सबसे बड़ा सवाल समान अवसर और सामाजिक न्याय पर उठ रहा है। छात्र संगठनों का आरोप है कि ये नियम उच्च शिक्षा में पहले से मौजूद असमानताओं को और गहरा करेंगे। आरक्षण, प्रतिनिधित्व और वंचित वर्गों की पहुंच जैसे संवेदनशील मुद्दों को दरकिनार कर बनाए गए फैसले इस बात का संकेत देते हैं कि नीति-निर्माण की प्रक्रिया में ज़मीनी सच्चाई से ज्यादा वैचारिक एजेंडा हावी है। यदि उच्च शिक्षा ही आमजन की पहुंच से बाहर होती चली गई, तो 'न्यू इंडिया' का सपना किसके लिए है-यह सवाल लाज़मी है।

विपक्ष ने इस मुद्दे पर सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उनका आरोप है कि सरकार बिना व्यापक संवाद और सहमति के शिक्षा जैसे बुनियादी क्षेत्र में प्रयोग कर रही है। शिक्षा का निजीकरण, फीस में बढ़ोतरी और संस्थानों का बाज़ारीकरण-ये सभी कदम मिलकर उस व्यवस्था की नींव हिला रहे हैं, जिसे कभी सामाजिक उत्थान का सबसे बड़ा माध्यम माना जाता था। सरकार का यह तर्क कि सुधार समय की मांग है, तब तक खोखला लगता है जब तक सुधार का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े छात्र तक नहीं पहुंचता।सवाल यह भी है कि क्या यूजीसी जैसी स्वायत्त संस्था सरकार के इशारों पर फैसले लेने का माध्यम बनती जा रही है? यदि ऐसा है, तो यह केवल शिक्षा व्यवस्था ही नहीं, बल्कि संस्थागत लोकतंत्र के लिए भी खतरे की घंटी है। विश्वविद्यालयों को विचार और विमर्श का केंद्र होना चाहिए, न कि ऐसे आदेशों का पालनकर्ता, जो ऊपर से थोपे जाएं।

अब जबकि सरकार के सुर बदले हुए नजर आ रहे हैं, यह देखना अहम होगा कि यह बदलाव केवल बयानबाज़ी तक सीमित रहता है या वास्तव में नियमों में ठोस, पारदर्शी और न्यायपूर्ण संशोधन किए जाते हैं। छात्रों का भरोसा तभी लौटेगा जब संवाद की प्रक्रिया ईमानदार होगी और फैसले जनहित में लिए जाएंगे, न कि राजनीतिक लाभ के लिए।यूजीसी के फैसले को लेकर जारी यह विवाद महज एक नीतिगत टकराव नहीं है, बल्कि यह देश की शिक्षा, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की दिशा तय करने वाला मोड़ बन सकता है। सरकार के सामने विकल्प साफ है-या तो वह जनदबाव को नजरअंदाज कर अहंकार के रास्ते पर चले, या फिर शिक्षा को सचमुच राष्ट्रनिर्माण का आधार मानकर साहसिक और संवेदनशील सुधार करे।

:- राजेश मिश्रा

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5989

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 8 | | 6 |
| | | 3 | 8 | | 2 | | | |
| 6 | | | | | 4 | 9 | 5 | |
| 3 | 6 | | | 1 | | | | |
| 4 | | | 3 | | 5 | | | 7 |
| | | | | 2 | | | 3 | 9 |
| | 9 | 1 | 5 | | | | | 4 |
| | | | 2 | | 1 | 7 | | |
| 8 | | 4 | | | | 2 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5988

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 |
| 1 | 3 | 9 | 5 | 8 | 2 | 7 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 2 | 3 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 |
| 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 3 | 8 |

## वर्ग पहेली 5989

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | 4 | 5 |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | | ■ | ■ | 10 | |
| | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | 14 | ■ | 15 | | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | 16 | | ■ | 17 | 18 |
| ■ | 19 | 20 | ■ | 21 | | | |
| 22 | | | ■ | | ■ | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. विम्बल्डन टेनिस में अपनी जीत दर्ज कराने वाली प्रथम भारतीय महिला (5)
4. चंद्रमा के पुत्र जो नवग्रहों में से एक है (2)
6. जो भाग्य में लिखा हो, प्रारब्ध (2)
7. प्रेमी, सनम, बलामा (3)
8. झंकृत होना, झंकारना (4)
10. दिन, दिवस (2)
11. रपटन, फिसलाहट, आलुभन (4)
13. प्रत्येक पक्ष की तीसरी तिथि (2)
15. आरूढ, एक संगीत वर्ण (3)
16. दंडादेश, अलंकृत (2)
19. अवाम, पब्लिक, रैयत (2)
21. सन् 2015 की सुपरहिट फिल्मों में से एक (4)
22. मिट्टी खोदने का एक फावडेनुमा औजार (3)

**ऊपर से नीचे**
1. गुजरात की एक प्रसिद्ध नदी जिसके किनारे अहमदाबाद व गांधीगन जैसे नगर बसे हुए है (5)
2. उपपति, समाधान, निराकण (3)
3. प्राप्त हुआ, उपलब्ध होना, समाविष्ट होना, सादृश्य होना (3)
4. कायर, डरपोक, भीरू (4)
5. जिसके पास अपार संपत्ति हो, रईस, धनपति (4)
9. व्याकरण में वह शब्द जिसके वाक्य पर कर्ता की क्रिया का प्रभाव पड्ढ, वह जो किया जावे (2)
11. कांच के उद्योग के लिए प्रसिद्ध है उत्तर प्रदेश का यह नगर विशेषतः चूड़ी बनाने के लिए (5)
12. दस्तखत, हस्ताक्षर, हकीकत (2)
14. सरगम फिल्म से अपनी अभिनय यात्रा शुरू करने वाली अभिनेत्री जो इन दिनों राजनीति में सक्रिय है (4)
15. अग्नि, आंच, अंचति, हुतभोजी (2)
17. कारण, हेतु (3)
18. नकली, कूटकृत, नेट, मैश (2)
20. षड्यंत्र, कूटयुक्ति, पुशपाश (2)

### वर्ग पहेली 5988 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नि | ल | अं | बा | नी | ■ | वि |
| का | जी | ■ | ग | ल | ■ | वि | श्व |
| ल | ■ | मो | द | क | ■ | ला | ना |
| ग्र | ह | ■ | ■ | ■ | श | प | थ |
| स्त | न | हा | र | ■ | मी | ■ | न |
| ■ | न | ल | क | ■ | म | हु | आ |
| बु | ■ | ■ | मी | ना | ■ | ■ | नं |
| त | स्वी | र | ■ | म | क | स | द |

## आज का राशिफल

### मेष
राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में विरोधी आपके लिए परेशानी पैदा कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में निरंतर परिश्रम की आवश्यकता है। सायंकाल के समय अतिथियों के आगमन से खर्चा बढ़ेगा। आज आपके जन्म स्थान से तृतीय चन्द्रमा, तथा द्वादश शनि मंगल, का योग बना हुआ है। अच्छे परिणाम के लिए रुद्राभिषेक सोमवार को कराते रहें।

### वृष
आज राशि का स्वामी शुक्र-बुध के साथ नवम भाव में कोई नई परेशानी पैदा करेगा। कार्य की अधिकता के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए खान-पान पर विशेष नियंत्रण रखें। कला व साहित्य में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में किसी बड़े बुजुर्ग के सहयोग से व्यवसाय में प्रगति होगी। सायंकाल से रात्रि तक शुभ कार्य में खर्चा होगा।

### मिथुन
नवम भाव में कुंभ राशि का राहु और द्वितीय कोष लग्न केन्द्र भाव में बृहस्पति होने के कारण आज आपका मूड सुबह से ही अच्छा रहेगा। सभी क्षेत्रों में बुद्धि और कौशल का प्रयोग करेंगे तो सफलता मिलेगी। राजनीतिक क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से जो असमंजस की स्थिति बनी हुई थी।

### तुला
दिन के पूर्वार्ध में पारिवारिक जीवन में कुछ खटपट रहेगी। साहस व धैर्य से काम लेना होगा, किसी भी कार्य में जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में प्रगति की बहुत संभावनाएं हैं। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव रहेगा। लेनदारियां वापिस आने का समय है। सायंकाल में दूर या पास की यात्रा का योग है।

### वृश्चिक
आज आपकी राशि का स्वामी बुध पंचम भाव में संचार कर रहा है। राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में तनाव की स्थिति रहेगी। विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम की आवश्यकता है। परिवार में संपत्ति को लेकर भी कुछ तनाव उत्पन्न हो सकता है। सायंकाल के समय व्यापार में कुछ की आशा बंधेगी, जिसका आपको आगे चलकर अत्यन्त फायदा होगा।

### धनु
मिथुन राशि का चन्द्रमा नवम भाग्य भाव केंद्र में आज पराक्रम व धन की वृद्धि करेगा। न्यायालयीय मामलों में विजय होगी। कार्यक्षेत्र में सफलता के शीर्ष पर पहुंचेंगे। अचल संपत्ति के व्यापार से लाभ होगा। संतान की सफलता के समाचार से आप आनन्दित होंगे। सायंकाल के समय किसी नए कार्य का आरंभ होगा। समाज में सम्मान मिलेगा।

### कर्क
राशि का स्वामी मंगल अपनी उच्च राशि पर और चन्द्रमा मिथुन राशि अष्टम भाव में संचार कर रहा है। एकादश चन्द्र श्री कुर्यात-मन संतोष द्वितीयक' प्रमाण के अनुसार आज आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। व्यवसाय में अच्छे अवसर मिलेंगे। राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में परिश्रम, साहस की आवश्यकता है। शत्रु पक्ष कमजोर होगा।

### सिंह
राशि का स्वामी कर्क में तथा प्रथम लग्न प्रमुख केन्द्र भाव में राहु राज्य विजय कारक है। आज आप अपने प्रतिद्वंद्वियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। परिवार में भी आपके प्रति प्रेम व आदर की भावना बढ़ेगी। देव, गुरु, ब्राह्मणों के प्रति भक्ति भावना में इच्छित कार्यों की सफलता में चल रहा व्यवधान समाप्त हो जाएगा। रात्रि के समय किसी मंगल कार्य में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।ड्ड

### कन्या
आज नौकरी, व्यवसाय व राजनीतिक क्षेत्र में प्रगति की स्थिति रहेगी। बड़े बुजुर्ग कार्यक्षेत्र में हर प्रकार की मदद करेंगे। खर्चो में कटौती करें नहीं तो कष्ट उठाना पड़ सकता है। कला-क्रीड़ा व साहित्य के क्षेत्र में आ रही बाधा दूर होने की संभावना है।

### मकर
आज आपको संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा। नए-नए खर्चे निकल कर सामने आएंगे। कोई झूठा आरोप भी आप पर लग सकता है। सायंकाल से लेकर रात्रि पर्यन्त यात्रा का योग है, उसमें खास कर चौकन्ने रहें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय में लाभ होगा। सायंकाल से रात्रि तक पुत्र व पुत्री के लिए विवाह के रिश्ते आएंगे।

### कुंभ
आपकी राशि का स्वामी शनि तृतीय भाव में और राशि से षष्ठम भाव मिथुन राशि का ही गुरु आज आपको सुव्यवस्था का कोई कार्य सौपेगा। राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में नए संपर्क बनेंगे। शिक्षा क्षेत्र में विशेष प्रगति होकर समाज में सम्मान मिलेगा। सिंह राशि वाला कोई व्यक्ति आपके सामने कोई प्रस्ताव रखे तो उसे अस्वीकार कर दें।

### मीन
चन्द्रमा पंचम भाव में मिथुन राशि पर संचार कर रहा है। लेन-देन के मामलों में सावधानी बरतें। व्यय की अधिकता के कारण आज आपको किसी से कर्जा भी लेना पड़ सकता है। पारिवारिक कार्यों में दौड़ धूप रहेगी। आप अपनी कार्यकुशलता से औरों को प्रभावित करेंगे। सायंकाल के समय कोई विशेष कार्य निपट जाने से उत्साह बढ़ेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# साउथ अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 2 विकेट से हराया

## टी-20 सीरीज पर कब्जा, क्विंटन डिकॉक ने 43 बॉल में जड़ा शतक

**सुपरस्पोर्ट पार्क (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका ने दूसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को हराकर सीरीज अपने नाम कर ली है। सुपरस्पोर्ट पार्क में खेले गए इस मैच में क्विंटन डिकॉक के तूफानी शतक की बदौलत साउथ अफ्रीका ने 222 रन का टारगेट आसानी से हासिल कर लिया।

डिकॉक ने करीब तीन साल बाद घरेलू मैदान पर अपना पहला टी-20 इंटरनेशनल खेलते हुए सिर्फ 43 गेंदों में सेंचुरी पूरी की। साउथ अफ्रीका ने यह मैच 15 गेंद शेष रहते जीत लिया।

**डिकॉक ने 115 रन की पारी में 10 छक्के जड़े** –क्विंटन डिकॉक ने मैच की शुरुआत से ही कैरिबियाई गेंदबाजों पर दबाव बना दिया था। उन्होंने अपनी 115 रनों की पारी में 49 गेंदें खेलीं, जिसमें 10 छक्के और 6 चौके शामिल रहे। डिकॉक ने महज 21 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरी की और अगले 22 गेंदों में उसे शतक में बदल दिया। पूरी पारी के दौरान उन्होंने सिर्फ 8 डॉट बॉल खेलीं।



**मिडिल ओवर्स में केशव महाराज ने पलटा मैच** – एक समय लग रहा था कि वेस्टइंडीज 250 के पार जाएगी, लेकिन केशव महाराज ने 15वें ओवर में रोवमैन पॉवेल और फिर शिमरॉन हेटमायर को आउट कर वेस्टइंडीज की रन गति रोक दी। 12वें से 16वें ओवर के बीच वेस्टइंडीज ने सिर्फ 27 रन बनाए और 3 विकेट खो दिए।

**खराब फील्डिंग वेस्टइंडीज को भारी पड़ी** – वेस्टइंडीज के गेंदबाज और फील्डर्स दबाव नहीं झेल पाए। जैडन सील्स ने शॉर्ट थर्ड मैन पर रायन रिकेल्टन का आसान कैच छोड़ दिया, जब वे सिर्फ 17 रन पर थे।

- **रिकल्टन के साथ 162 रनों की पार्टनरशिप** – डिकॉक को दूसरे विकेट के लिए रायन रिकेल्टन का भरपूर साथ मिला। दोनों ने मिलकर महज 72 गेंदों में 162 रनों की साझेदारी की। नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने आए रिकेल्टन ने अपने करियर की बेस्ट पारी खेलते हुए 25 गेंदों में अर्धशतक जमाया। वे 77 रन बनाकर नाबाद रहे। इस मैदान पर यह पांचवीं बार है जब किसी टीम ने 200 से ज्यादा का टारगेट सफलतापूर्वक चेज किया है।डिकॉक और रायन रिकेल्टन के बीच दूसरे विकेट के लिए 72 गेंदों में 162 रनों की साझेदारी हुई।
- **किंग-हेटमायर के बीच 115 रन की साझेदारी** – पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत शानदार रही थी। ब्रैंडन किंग ( 11 गेंदों में 27 रन) और शिमरॉन हेटमायर ने मिलकर पहले 10 ओवर में टीम का स्कोर 115 रन तक पहुंचा दिया था। आखिरी ओवरों में शेरफेन रदरफोर्ड ने विस्फोटक बल्लेबाजी की। उन्होंने महज 24 गेंदों में 57 रन बनाए, जिसकी मदद से वेस्टइंडीज ने 221 रनों का स्कोर खड़ा किया। कैरेबियाई टीम ने आखिरी 5 ओवरों में 76 रन जोड़े।

# कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट 6 घंटे बंद रहा

### सर्च करने पर लिखा आ रहा था- प्रोफाइल उपलब्ध नहीं, फैंस अनुष्का से वजह पूछ रहे थे



**बंगलूर (एजेंसी)।** विराट कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट गुरुवार रात अचानक बंद हो गया था, जो करीब 6 घंटे बाद फिर से दिखाई देने लगा है। इस दौरान सर्च करने पर उनकी प्रोफाइल नहीं दिख रही थी और डायरेक्ट लिंक से भी अकाउंट नहीं खुल रहा था।

गुरुवार रात करीब 2 बजे विराट कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट बंद होने की खबर सामने आई। हालांकि यह साफ नहीं हो पाया है कि अकाउंट ठीक किस समय बंद हुआ था।

कोहली के अकाउंट को खोलने पर स्क्रीन पर लिखा आ रहा था– यह पेज उपलब्ध नहीं है। उनके इंस्टाग्राम पर 274 मिलियन ( 27 करोड़ 40 लाख) से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

विराट कोहली का अकाउंट गायब होने के बाद फैंस उनकी पत्नी और बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के पोस्ट पर कमेंट कर के वजह पूछ रहे थे।

इस मामले में अब तक विराट, उनकी मैनेजमेंट टीम या इंस्टाग्राम की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ऐसे में यह साफ नहीं हो पाया है कि अकाउंट को जानबूझकर डीएक्टिवेट किया था या कोई तकनीकी गड़बड़ी थी।


हाल के दिनों में कोहली की सोशल मीडिया गतिविधियां भी सीमित रही हैं। उन्होंने पहले कई प्रमोशनल पोस्ट हटाकर क्रिकेट और परिवार को प्राथमिकता देने के संकेत दिए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कोहली एक प्रमोशनल इंस्टाग्राम पोस्ट के करीब 12 से 14 करोड़ रुपए तक चार्ज करते हैं।

# आस्ट्रेलियाई ओपन में दोहराया गया इतिहास

- किसी कपल ने 37 साल बाद लगातार दूसरे साल जीता खिताब
- डबल्स खिताब जीतने वाली गादेकी और पीयर्स 62 साल में पहली ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी बन गए

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में ओलिविया गादेकी और जॉन पीयर्स की मिक्स्ड डबल्स जोड़ी ने इतिहास रच दिया है। इस ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने मिक्स्ड डबल्स फाइनल में फ्रांस की क्रिस्टिना मलादेनोविक और मैनुएल गिनार्ड की जोड़ी को हराकर खिताब जीत लिया है। इसके साथ ही वे ऑस्ट्रेलियन ओपन के इतिहास में लगातार दूसरी बार ये खिताब जीतने वाली 37 साल में पहली जोड़ी बन गए हैं। इतना ही नहीं किसी ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने लगातार दूसरे साल खिताब जीतने का कारनामा 62 साल बाद किया है। इस जोड़ी ने फाइनल में फ्रांसीसी जोड़ी को पहला सेट हारने के बाद कड़े संघर्ष के बीच 4-6, 6-3 और 10-8 से हराकर खिताब अपने नाम किया है।

**1989 में हुआ था आखिरी बार ऐसा**– ऑस्ट्रेलियन ओपन के इतिहास में आखिरी बार 1989 में ऐसा हुआ था, जब कोई जोड़ी अपने मिक्स्ड डबल्स खिताब का बचाव करने में सफल रही थी। तब यह रिकॉर्ड याना नोवोत्ना और जिम पुघ की जोड़ी ने बनाया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए लगातार दो साल ऑस्ट्रेलियन ओपन



मिक्स्ड डबल्स खिताब जीतने वाली जोड़ी मार्ग्रेट कोर्ट और केन फ्लेचर की थी, जिन्होंने 62 साल पहले ऐसा किया था।

**पहला सेट जीतकर फ्रांसीसी जोड़ी ने बना ली थी पकड़**– फ्रांसीसी जोड़ी ने पहला सेट 6-4 से जीतकर बढ़त बना ली थी। उन्होंने मैच पर अपनी पकड़ बनाने का संकेत दिया था, लेकिन अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेल रही ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने दूसरे सेट में शानदार वापसी कर ली।

### टाईब्रेकर में भी पिछड़ रही थी ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी

रॉड लेवर एरिना में खेले गए फाइनल मुकाबले में टाईब्रेकर के दौरान भी स्टैंड्स में बैठे ऑस्ट्रेलियाई दर्शक तब मायूस दिख रहे थे, जब गादेकी और पीयर्स की स्थानीय जोड़ी 5-7 से पिछड़ गई थी। मैच पूरी तरह फ्रांसीसी जोड़ी के कब्जे में दिख रहा था। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने जबरदस्त संघर्ष करते हुए पलटवार किया और टाईब्रेकर को 10-8 से अपने नाम कर लिया। उन्होंने अपने दूसरे चैंपियनशिप पॉइंट पर जैसे ही जीत हासिल की, पूरे स्टेडियम में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी के साथ इस जोड़ी का नाम इतिहास के पन्ने पर लिखा जा चुका था।

# न्यूजीलैंड के साथ आखिरी टी20 आज

## मैच के लिए तिरुवनंतपुरम में पहुंची भारतीय टीम

- संजू की फॉर्म पर सुरेश रैना का साफ मैसेज, वर्ल्ड कप में बताई जीत की कुंजी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 की तैयारियों के बीच भारतीय क्रिकेट को लेकर चर्चाएं तेज़ हो गई हैं। इसी कड़ी में भारत के पूर्व स्टार बल्लेबाज और वर्ल्ड कप विजेता सुरेश रैना ने टीम इंडिया के संभावित कॉम्बिनेशन पर खुलकर



अपनी राय रखी है। खास तौर पर उन्होंने संजू सैमसन की मौजूदा फॉर्म को लेकर बड़ा बयान दिया है। रैना का मानना है कि खराब आंकड़ों के बावजूद सैमसन जैसे खिलाड़ी को लगातार मौके देना भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

**सूर्यकुमार यादव से की तुलना**– वर्ल्ड लेजेंड्स प्रो टी20 लीग के दौरान मीडिया से बातचीत में रैना ने सैमसन की स्थिति की तुलना सीधे सूर्यकुमार यादव से की। उनके अनुसार, लगभग एक साल तक सूर्या रन नहीं बना पाए थे, लेकिन टीम ने उन्हें लगातार मौके दिए। वही भरोसा अगर संजू को मिला, तो वह भी मैच विनर बनकर उभर सकते हैं। रैना का

- **टॉप-4 को बताया भारत का 'इंजन रूम'**– सुरेश रैना के एनालिसिस का सबसे अहम हिस्सा भारत का टॉप-4 बल्लेबाज़ी क्रम रहा। उन्होंने कहा कि यही चार बल्लेबाज़ तय करेंगे कि टीम 170 पर रुकेगी या 210 के पार जाएगी। रैना के मुताबिक, टॉप-4 का काम सिर्फ टिककर खेलना नहीं, बल्कि शुरुआती बढ़त को बड़े स्कोर में बदलना है।
- **अभिषेक शर्मा-ईशान किशन की जोड़ी से उम्मीद**– रैना ने अभिषेक शर्मा और ईशान किशन की ओपनिंग जोड़ी की खुलकर तारीफ की। उन्होंने उनकी निडर बल्लेबाज़ी को भारत के लिए बड़ा हथियार बताया। उनका कहना है कि यह जोड़ी पहले 10 ओवर में ही 140-150 रन बनाने या चेज़ करने की क्षमता रखती है। लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन गेंदबाज़ों पर अतिरिक्त दबाव बनाता है।

### संजू सैमसन पर रैना का साफ संदेश

सुरेश रैना ने साफ कहा कि संजू सैमसन की हालिया फॉर्म पर जरूरत से ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है। जनवरी 2025 के बाद से उनका औसत भले ही 20 से नीचे रहा हो, लेकिन रैना के मुताबिक क्लास कभी खत्म नहीं होती। उन्होंने टीम मैनेजमेंट को सलाह दी कि सैमसन के साथ वही धैर्य दिखाया जाए, जो एक समय सूर्यकुमार यादव के मामले में दिखाया गया था। रैना ने कहा कि जब सूर्या रन नहीं बना पा रहे थे, तब भी कप्तान और कोच ने उन पर भरोसा बनाए रखा, और नतीजा सबके सामने है।

- **सूर्यकुमार यादव बने संजू सैमसन के 'बॉडीगार्ड'**– एयरपोर्ट पर रास्ता कराया खाली; वायरल हो रहा भारतीय क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवां और आखिरी टी20 मैच तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम में खेलना है। ये मैच संजू सैमसन के घरेलू राज्य में है। संजू की लोकप्रियता पूरे भारत में कम नहीं है और अपने राज्य में तो वह और ज्यादा ही फेमस हैं। इसी को लेकर सूर्यकुमार यादव ने एयरपोर्ट पर उनके मजे ले लिए। संजू जब टीम से बाहर होते हैं तो उनके फैंस सोशल मीडिया पर बवाल काट देते हैं। उनके बाहर जाने के बाद फैंस सेलेक्शन कमेटी से लेकर कप्तान और कोच को भी आड़े हाथों ले लेते हैं। उनकी दीवानगी तिरुवनंतपुरम में भी देखने को मिली।
- **सूर्यकुमार यादव ने लिए मजे**– पांचवें मैच के लिए भारतीय टीम तिरुवनंतपुरम पहुंच चुकी है। टीम जब फ्लाइट से उतरी और एयरपोर्ट से बाहर आ रही थी तो सूर्यकुमार और संजू साथ में ही थे। सूर्यकुमार ने यहीं से संजू के मजे लेने शुरू कर दिए। उन्होंने कहा, 'साइड में हटो, साइड में हटो। प्लीज रास्ता बनाओ। चेट्टा को डिस्टर्ब मत करो।' फिर जब संजू एस्केलेटर से उतर रहे थे तब सूर्यकुमार ने पूछा, 'भगवान के देश में लैंड किया है।'



# पाकिस्तान अब टी-20 वर्ल्डकप का बायकॉट नहीं करेगा

### टीम 2 फरवरी को कोलंबो पहुंचेगी, बांग्लादेश के सपोर्ट में टूर्नामेंट से हटने की धमकी दी थी

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम अब टी-20 वर्ल्ड कप का बायकॉट नहीं करेगी। मीडिया सूत्रों ने पीसीबी के सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि पाकिस्तानी टीम का शेड्यूल तय हो चुका है। टीम 2 फरवरी को कोलंबो रवाना होगी। इसके साथ ही पाकिस्तान के वर्ल्ड कप से हटने या भारत से ना खेलने के कयासों पर लगभग विराम लग गया है। उम्मीद है कि पीसीबी शुक्रवार को अपने खेलने की पुष्टि कर देगा।

### पाकिस्तान वर्ल्ड कप से क्यों नहीं हट सकता है?

- पीसीबी ने भारत में ना खेलने को लेकर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की सुरक्षा चिंताओं पर पूरा समर्थन जताया है। लेकिन वह ऐसा एक दायरे में रहकर ही करना चाहता है ताकि आईसीसी (इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल) उस पर कोई कार्रवाई भी ना करे।
- बीसीसीआई, पीसीबी और आईसीसी के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता है। इसके तहत 2027 तक आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत-पाकिस्तान के सभी मुकाबले तटस्थ स्थल पर खेले जाएंगे। पीसीबी इस समझौते को नहीं तोड़ सकता है।
- पाकिस्तान का पूरा वर्ल्ड कप शेड्यूल श्रीलंका में है। यहां तक कि अगर टीम फाइनल में पहुंचती है तो फाइनल भी वहीं खेला जाएगा। ऐसे में वह टूर्नामेंट या भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार किस आधार पर करेगा?

**पीसीबी चीफ नकवी ने पीएमशहबाज से मुलाकात की** – पीसीबी के चीफ मोहसिन नकवी ने सोमवार, 26 जनवरी को प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से मुलाकात की थी। इस मीटिंग में पाकिस्तान के वर्ल्ड कप पार्टिसिपेशन और भारत के खिलाफ मुकाबले को बातें हुईं। नकवी ने कहा कि अगले शुक्रवार या सोमवार तक आखिरी फैसला लिया जाएगा। मीडिया सूत्र ने बताया कि जब पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की, तो उन्होंने साफ किया कि सभी फैसले पाकिस्तान क्रिकेट के स्थिर और मजबूत भविष्य को ध्यान में रखकर लिए जाएंगे।

# पीटी उषा के पति श्रीनिवासन का निधन

- एथलीट से सांसद बनने तक के सफर में साथ रहे, उषा के पिलर ऑफ सपोर्ट कहे जाते थे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ओलिंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद पीटी उषा के पति वी. श्रीनिवासन का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। वे 67 साल के थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, श्रीनिवासन




शुक्रवार सुबह अपने घर पर अचानक गिर पड़े थे। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**पीएम मोदी ने पीटी उषा से फोन पर की बात** – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दुखद खबर के बाद पीटी उषा से फोन पर बात की और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। पीएमओ के अधिकारियों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने श्रीनिवासन के निधन पर गहरा दुख जताया और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। श्रीनिवासन केंद्र सरकार के कर्मचारी थे, लेकिन उन्होंने अपना अधिकांश समय पीटी उषा के खेल और राजनीतिक सफर को संवारने में लगाया।

**पीटी उषा के करियर के पिलर ऑफ सपोर्ट थे** – श्रीनिवासन को खेल जगत में पीटी उषा के 'पिलर ऑफ सपोर्ट' के रूप में जाना जाता था। उषा के एक एथलीट के रूप में शानदार करियर से लेकर आईओए अध्यक्ष बनने और राज्यसभा सांसद के रूप में उनके राजनीतिक सफर तक, श्रीनिवासन हर कदम पर उनके साथ रहे। वे अक्सर महत्वपूर्ण बैठकों और कार्यक्रमों में उषा के साथ देखे जाते थे। खेल जगत से जुड़े लोगों का कहना है कि उषा की कई व्यावसायिक और पेशेवर उपलब्धियों के पीछे श्रीनिवासन की रणनीति और मेहनत का बड़ा हाथ था।

# 5 बल्लेबाज जिन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में ठोके हैं सबसे तेज शतक



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप को शुरू होने में कुछ ही समय बाकी है। इस साल टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका में खेला जा रहा है। अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव, ट्रेविस हेड और डेवाल्ड ब्रेविस जैसे खिलाड़ी इस साल वर्ल्ड कप में ताबड़तोड़ पारियां खेल सकते हैं। क्या आप जानते हैं कि इस टूर्नामेंट कके इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले 5 बल्लेबाज कौन से हैं? खास बात यह है कि इस लिस्ट में दो बार क्रिस गेल का ही नाम है।

### क्रिस गेल के नाम ही है दो तेज शतक

- **क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) - 47 गेंद**– टी20 वर्ल्ड कप में सबसे तेज शतक लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड 'यूनिवर्स बॉस' क्रिस गेल के नाम है। उन्होंने 2016 के वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में मात्र 47 गेंदों पर शतक जड़ा था। इस पारी में उन्होंने 11 छक्के लगाकर इंग्लिश गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दी थीं।
- **क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) - 50 गेंद**– दिलचस्प बात यह है कि दूसरा सबसे तेज शतक भी क्रिस गेल के ही नाम है। उन्होंने 2007 के पहले टी20 वर्ल्ड कप के ओपनिंग मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिर्फ 50 गेंदों में शतक पूरा किया था। यह टी20 वर्ल्ड कप इतिहास का पहला शतक भी था।





ब्रेंडन मैकुलम (न्यूजीलैंड) - 51 गेंद
न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रेंडन मैकुलम अपनी आक्रामक शैली के लिए जाने जाते थे। उन्होंने 2012 के वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ पल्लेकेले में मात्र 51 गेंदों पर शानदार शतक जड़ा था। उनकी 123 रनों की वह पारी लंबे समय तक टूर्नामेंट का हाईएस्ट स्कोर रही थी।





- **रिली रोसौव (दक्षिण अफ्रीका) - 52 गेंद**–दक्षिण अफ्रीका के रिली रोसौव ने 2022 के टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ सिडनी में कहर बरपाया था। उन्होंने केवल 52 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। रोसौव टी20 वर्ल्ड कप में शतक लगाने वाले पहले साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज भी बने।
- **अहमद शहजाद (पाकिस्तान) - 58 गेंद**–पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज अहमद शहजाद ने 2014 के टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया था। उन्होंने 58 गेंदों में अपना शतक पूरा किया था। वह पाकिस्तान की ओर से टी20 इंटरनेशनल में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज भी बने थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी को डीएम–एसपी ने किया नमन

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि के अवसर पर औरंगाबाद की जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने समाहरणालय परिसर स्थित राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी गांधीजी के त्याग, सत्य और अहिंसा के आदर्शों को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण) जयप्रकाश प्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, बेबी प्रिया, जिला आपदा प्रभारी अंतरा कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिले में धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया जारी, 48 हजार किसानों ने किया ऑनलाइन आवेदन

- 44,946 किसानों ने पैक्स के माध्यम से, जबकि 3,568 किसानों ने व्यापार मंडल के जरिए पंजीकरण कराया है।
- जिले में कुल 188 समितियों के माध्यम से धान की खरीद हो रही है।



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिले में चालू खरीफ विपणन वर्ष के तहत धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया लगातार जारी है। धान बेचने के लिए अब तक कुल 48,513 किसानों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। इनमें 26,737 रैयत किसान और 21,777 गैर रैयत किसान शामिल हैं। आवेदन करने वाले किसानों में से 44,946 किसानों ने पैक्स के माध्यम से जबकि 3,568 किसानों ने व्यापार मंडल के जरिए धान बिक्री के लिए पंजीकरण कराया है। प्रखंडवार आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक आवेदन गोह प्रखंड से 5,964 किसानों द्वारा किए गए हैं। इसके बाद ओबरा से 5,553, नबीनगर से 5,428, कुटुंबा से 5,083, दाउदनगर से 4,818, बरुण से 4,307, रफीगंज से 4,014, औरंगाबाद सदर से 3,665, देव से 3,586, मदनपुर से 3,240 और हसपुरा से 3,056 किसानों ने ऑनलाइन आवेदन किया है।

धान अधिप्राप्ति की स्थिति की बात करें तो जिले में कुल 188 समितियों के माध्यम से धान की खरीद की जा रही है। इनमें 178 पैक्स और 10 व्यापार मंडल शामिल हैं। इन समितियों द्वारा अब तक 11,414 किसानों से कुल 1,01,666.436 मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति की जा चुकी है। प्रशासन का कहना है कि खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है और आगे भी इसमें तेजी लाई जाएगी। प्रखंडवार धान खरीद के आंकड़ों में गोह प्रखंड सबसे आगे है, जहां अब तक 11,789.088 मीट्रिक टन धान की खरीद दर्ज की गई है। वहीं हसपुरा प्रखंड में सबसे कम 6,374.500 मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति हुई है।

जिला सहकारिता पदाधिकारी का दावा है कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर धान अधिप्राप्ति का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा और किसानों को सरकार की मंशा के अनुरूप लाभ मिलेगा। हालांकि, जमीनी स्तर पर किसानों की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। कई किसानों का कहना है कि इस वर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य का अपेक्षित लाभ उन्हें नहीं मिल सका है। किसानों के अनुसार, धान खरीद का लक्ष्य पहले से ही कम तय किया गया है, जिसके कारण पैक्स स्तर पर सीमित मात्रा में ही धान की खरीद हो रही है। कुछ किसानों ने यह भी आरोप लगाया है कि कई पैक्सों में चुनिंदा किसानों से ही धान की अधिप्राप्ति की जा रही है, जिससे बड़ी संख्या में वास्तविक किसान एमएसपी के लाभ से वंचित रह गए हैं। किसानों ने प्रशासन से धान खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और खरीद लक्ष्य बढ़ाने की मांग की है, ताकि अधिक से अधिक किसानों को सरकारी दर पर धान बेचने का अवसर मिल सके।

**अन्य प्रखंडों में धान खरीद का विवरण**

ओबरा – 11,544.291 एमटी, नबीनगर – 10,931.076 एमटी, रफीगंज – 10,417.200 एमटी, बरुण – 10,300.298 एमटी, कुटुंबा – 10,065.736 एमटी, दाउदनगर – 8,604.157 एमटी, औरंगाबाद सदर – 7,971.652 एमटी, देव – 7,274.738 एमटी, मदनपुर – 6,388.300 एमटी

इंटरमीडिएट परीक्षा के कदाचारमुक्त संचालन को लेकर डीएम ने की समीक्षा

# केंद्राधीक्षक को छोड़ किसी के पास मोबाइल फोन रखने पर होगी सख्त कार्रवाई : डीएम



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 के कदाचारमुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर शुक्रवार को औरंगाबाद नगर भवन में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने की। बैठक में बताया गया कि इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा का आयोजन 2 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक दो पालियों में किया जाएगा। इस क्रम में सदर अनुमंडल, औरंगाबाद में 25 तथा दाउदनगर अनुमंडल में भी 25 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 39,696 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा कार्य में प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, केंद्राधीक्षक एवं वीक्षक प्रातः 7:00 बजे अनिवार्य रूप से अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली के परीक्षार्थियों को पूर्वाह्न 9:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली के परीक्षार्थियों को अपराह्न 1:30 बजे तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। निर्धारित समय के बाद आने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी परिस्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि परीक्षा कार्य में प्रतिनियुक्त केंद्राधीक्षक को छोड़कर किसी भी वीक्षक, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी या पुलिसकर्मी के पास मोबाइल फोन रखना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यदि किसी के पास मोबाइल फोन पाया गया, तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर परीक्षार्थियों की सघन जांच (फ्रिस्किंग) अनिवार्य रूप से कराई जाए और प्रवेश पत्र की विधिवत जांच के बाद ही उन्हें अंदर प्रवेश दिया जाए। किसी भी स्थिति में परीक्षार्थियों के अलावा किसी अनधिकृत व्यक्ति को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। महिला परीक्षार्थियों की जांच महिला पुलिसकर्मी अथवा महिला वीक्षक द्वारा ही मुख्य द्वार के पास कपड़े से घेरकर कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, कैलकुलेटर, मैग्नेटिक घड़ी या इलेक्ट्रॉनिक घड़ी ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा।

# औरंगाबाद में पूर्व विधान पार्षद डॉ. शंकर दयाल सिंह की श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई 12वीं पुण्यतिथि

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद।**



औरंगाबाद में शुक्रवार को पूर्व विधान पार्षद एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. शंकर दयाल सिंह की 12वीं पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान और भावभीनी स्मृतियों के साथ मनाई गई। पुरानी जीटी रोड स्थित उनके स्मृति भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता और उनके अनुयायी शामिल हुए। सभी ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डॉ. शंकर दयाल सिंह केवल एक सफल जनप्रतिनिधि ही नहीं थे, बल्कि शिक्षा, राजनीति और समाजसेवा के क्षेत्र में उनका योगदान समान रूप से उल्लेखनीय रहा। वे अनुशासनप्रिय, सादगीपूर्ण और ईमानदार व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने औरंगाबाद के अनुग्रह इंटर कॉलेज के प्राचार्य के रूप में कार्य करते हुए विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों की मजबूत नींव रखी। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें वर्ष 1989 में राष्ट्रपति पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

डॉ. सिंह ने प्राचार्य पद से त्यागपत्र देकर दक्षिणी छोटानागपुर शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान परिषद का चुनाव लड़ा और सदस्य निर्वाचित हुए। वे मगध विश्वविद्यालय, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय और रांची विश्वविद्यालय सहित कई शैक्षणिक संस्थानों के सीनेट एवं सिंडिकेट के सदस्य भी रहे, जहां उन्होंने शिक्षा सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वक्ताओं ने कहा कि उनके जीवन से आज की पीढ़ी को कर्तव्यनिष्ठा, नैतिकता और समाज के प्रति जिम्मेदारी की प्रेरणा मिलती है। पुण्यतिथि समारोह की अध्यक्षता जहानाबाद जदयू के प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिपिछड़ा आयोग के सदस्य नवीन आर्या, रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह, नवीनगर विधायक चेतन आनंद, सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार, उपाधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, भाजपा नेता सुनील सिंह, पूर्व विधायक डब्लू सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, नारायण मेडिकल कॉलेज के एमडी गोविंद नारायण सिंह, लोजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह सोनू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का किया गया भव्य आयोजन

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय, औरंगाबाद के शिक्षा विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसे संयुक्त रूप से प्रो. (डॉ) ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी (डीन, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन, आर्यभट्ट नॉलेज यूनिवर्सिटी, पटना), प्रो. (डॉ) योगेंद्र पांडेय (फैकल्टी ऑफ एजुकेशन, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी), प्रो. (डॉ) रामाकांत सिंह (फैकल्टी ऑफ एजुकेशन, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी), अभय सिंह (निदेशक, भागवत प्रसाद बी.एड. कॉलेज, देव), पंकज सिंह (निदेशक, गोरेश्वर नारायण बी.एड. कॉलेज, नबीनगर), प्रो. (डॉ) सुधीर कुमार मिश्रा (प्राचार्य), डॉ अरविंद कुमार (समन्वयक, आईक्यूएसी), बहादुर भीम कुमार सिंह (उप-समन्वयक, आईक्यूएसी) तथा डॉ राजीव रंजन (संयोजक एवं विभागाध्यक्ष, शिक्षा संकाय) ने किया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत महाविद्यालय कुलगीत, विश्वविद्यालय कुलगीत एवं स्वागत गान से हुई। इसके पश्चात संगोष्ठी के स्मारिका (सोवेनियर) का विमोचन किया गया। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का मुख्य विषय "राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के संदर्भ में शिक्षक की पहचान, पुनर्संकल्पना, स्वायत्तता, सशक्तिकरण एवं जवाबदेही" रखा गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रो. सुशील कुमार सिंह (निदेशक, शिक्षा विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया) रहे, जबकि मुख्य संरक्षक प्रो. शशि प्रताप शाही (कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया) रहे।

सेमिनार का विषय-प्रवेश संयोजक डॉ राजीव रंजन ने कराया। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ) ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के व्यापक निहितार्थों पर गहराई से प्रकाश डालते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व को विशेष रूप से रेखांकित किया।

# आठ फरवरी को मनाया जाएगा जगतगुरु रविदास जी महाराज का प्रकाशोत्सव



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन की औरंगाबाद जिला इकाई द्वारा आगामी 8 फरवरी को जगतगुरु रविदास जी महाराज का 649वां प्रकाशोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय शुक्रवार को संगठन के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार के आवास पर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में तय किया गया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी औरंगाबाद नगर भवन में प्रकाशोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन के माध्यम से समाज में समरसता, सद्भाव और सामाजिक चेतना का संदेश दिया जाएगा। बैठक के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने समाज के सभी वर्गों से नशापान से दूर रहने और जगतगुरु रविदास जी महाराज के व्यक्तित्व, विचार, स्वभाव एवं आचरण को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास के आदर्शों पर चलकर ही एक सशक्त, नैतिक और समतामूलक समाज का निर्माण संभव है।

बैठक में प्रकाशोत्सव की तैयारियों, कार्यक्रम की रूपरेखा और सहभागिता को लेकर भी चर्चा की गई। आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के सभी लोगों से सहयोग की अपील की गई। इस अवसर पर रामप्रसाद राम, मनोज राम, खुर्शीद आलम, रविकांत कुमार, बिट्टू कुमार, अधिवक्ता मनोज कुमार, भारत राम एवं सूरजमल राम सहित संगठन के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला से पंचायत स्तर तक जनता दरबार का आयोजन

**एसवीवी संवाददता | औरंगाबाद**



आम नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं को कम करने और प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार की सबका सम्मान–जीवन आसान पहल के तहत शुक्रवार को औरंगाबाद जिले में जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

जनता दरबार में पहुंचे सभी नागरिकों का जिलाधिकारी ने सम्मानपूर्वक स्वागत किया और उन्हें कतारबद्ध व सुव्यवस्थित रूप से बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। इसके बाद उन्होंने एक-एक कर सभी परिवादियों की शिकायतें गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों व पदाधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सुनवाई की प्रक्रिया को क्रमबद्ध और समयबद्ध बनाने के लिए टोकन प्रणाली लागू की गई, जिससे प्रत्येक फरियादी की बारी सुनिश्चित हो सकी। जनता दरबार में आए नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छ शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान कुल 124 परिवादियों द्वारा अपनी शिकायतें दर्ज कराई गईं।

जनता दरबार में प्राप्त सभी शिकायतों का विधिवत पंजी संधारण किया गया तथा संबंधित विभागों को समय-सीमा के भीतर निष्पादन और सतत अनुश्रवण के निर्देश दिए गए, ताकि समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हो सके और प्रशासन पर आम नागरिकों का विश्वास और मजबूत हो। जनता दरबार को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही शिकायतों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई थी, जो दिनभर जारी रही। बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद और सकारात्मक विश्वास के साथ जिला प्रशासन के समक्ष उपस्थित हुए।

# अष्टभुजी महोत्सव : दूसरे दिन स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)**



बारूण प्रखंड के पिपरा पंचायत में आयोजित अष्टभुजी महोत्सव के दूसरे एवं अंतिम दिन शुक्रवार को आस्था, संस्कृति और लोक परंपरा का भव्य संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत मां अष्टभुजी की षोडशोपचार विधि से पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार के नेतृत्व में तथा संचालन प्रधानाध्यापक मंकु सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर राज्य महोत्सव संघ के अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, नबीनगर विधानसभा से पूर्व राजद प्रत्याशी अमोद चंद्रवंशी, शिक्षक ज्योति शंकर, बारूण नगर पंचायत की चेयरमैन इंदू देवी, पौथू पंचायत के पूर्व मुखिया संजीव द्विवेदी, धनगाईं पंचायत के मुखिया योगेंद्र चौधरी एवं समाजसेवी अजीत शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मध्य विद्यालय मखरा की छात्रा निक्की कुमारी एवं निधि कुमारी की प्रस्तुति को खूब सराहा गया। मध्य विद्यालय पिपरा की छात्रा अलका कुमारी के भाव नृत्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया, जबकि माधुरी कुमारी, सोनम कुमारी, पायल कुमारी, रानी कुमारी, फूल कुमारी एवं सोनाली कुमारी के सामूहिक नृत्य ने समां बांध दिया। राधामोहन सिंह की सरस्वती वंदना पर पूरा पंडाल श्रद्धा से भर उठा।

इस अवसर पर अमोद चंद्रवंशी ने कहा कि औरंगाबाद जिले के अन्य छूटे हुए क्षेत्रों में भी ऐसे महोत्सवों का आयोजन होना चाहिए और जिले को "महोत्सव जिला" घोषित किया जाना चाहिए। वहीं महोत्सव रत्न से सम्मानित संजीव कुमार सिंह ने कहा कि जिले के धार्मिक स्थलों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए महोत्सव एक सशक्त माध्यम हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक और धार्मिक जुड़ाव मजबूत होता है।

# बाल विवाह मुक्त समाज बनाना हम सबका दायित्व : तान्या पटेल




**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं आशा के कार्यक्रम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), औरंगाबाद के तत्वावधान में शुक्रवार को बारूण प्रखंड के सनथुआ स्थित एक निजी पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में विशेष जागरूकता शिविर सह सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आगत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीएलएसए की सचिव तान्या पटेल का कॉलेज की सचिव नेहा कुमारी ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। जागरूकता सत्र के दौरान अधिवक्ता सुबोध कुमार सिंह ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की पृष्ठभूमि, उद्देश्य एवं इसकी सामाजिक आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

वहीं उप मुख्य कानूनी बचाव अधिवक्ता अभिनंदन कुमार ने छात्र-छात्राओं को बाल विवाह से जुड़े कानूनों, जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता तथा जागरूकता फैलाने में सोशल मीडिया की भूमिका के बारे में जानकारी दी। अध्यक्षीय संबोधन में डीएलएसए सचिव तान्या पटेल ने कहा कि बाल विवाह मुक्त समाज का निर्माण केवल सरकार या संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के दुष्परिणाम अंततः पूरे समाज को झेलने पड़ते हैं, इसलिए इसके विरुद्ध सामूहिक रूप से आवाज उठाना जरूरी है। उन्होंने कई उदाहरणों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को बाल विवाह के सामाजिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों से अवगत कराया और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। सेमिनार के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गए सवालों का तान्या पटेल ने गंभीरता, सरल भाषा और व्यावहारिक उदाहरणों के साथ उत्तर दिया, जिससे युवाओं में जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना मजबूत हुई।

